RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 314 ■ मुंबई, गुरुवार 5 जून 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह



भारत के पवित्र धामों में प्रमुख रामेश्वरम

पेज-4



लोकसभा चुनाव का जिक्र कर BJP के जख्म पर अखिलेश ने छिड़का नमक!

पेज-6



गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान का महत्व

पेज-8




खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश

पेज-9

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक



**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को नई दिल्ली में इसकी जानकारी दी। रिजिजू ने बताया कि यह सत्र 21 जुलाई से 12 अगस्त तक चलेगा। किरेन रिजिजू ने कहा- सरकार नियमों के तहत सत्र में किसी भी विषय पर चर्चा को तैयार हैं। साथ ही बताया कि सत्र के दौरान जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश हो सकता है।

# कौन जाति हो भाई बताने की तारीख आई

### दो चरण में पूरा करने की तैयारी

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश में जनगणना 1 मार्च 2027 से शुरू होगी। इस बार जनगणना में जाति का कॉलम भी होगा। हर घर पहुंचकर जनगणना में जुटे कर्मचारी सभी की जाति भी पूछेंगे। हालांकि बर्फबारी वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना अगले साल अक्टूबर में ही शुरू हो जाएगी। इनमें लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और



उत्तराखंड शामिल है। बाकी राज्यों में एक मार्च 2027 से इसकी शुरुआत होगी। सूत्रों के हवाले से बताया कि सरकार इस बार दो चरणों में जनगणना करवा रही है। इसमें सवालों की लंबी लिस्ट शामिल होगी, जिसमें जाति और उप-जातियों पर भी सवाल शामिल होंगे। 30 अप्रैल को मोदी सरकार ने कैबिनेट बैठक में जाति जनगणना करवाने का फैसला लिया था। सरकार ने बताया था कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा सामाजिक ताना-बाना राजनीतिक दबाव में न आए, यह निर्णय लिया गया है कि जाति गणना को एक अलग सर्वेक्षण के रूप में आयोजित करने के बजाय मुख्य जनगणना में शामिल किया जाना चाहिए। देश में आमतौर पर हर दस साल में जनगणना होती रही है। आखिरी बार साल 2011 में जनगणना करवाई गई थी। इसके बाद 2021 में कोरोना महामारी की वजह से जनगणना को टाल दिया गया था। विपक्ष लगातार जाति जनगणना करवाने की मांग करता रहा है।

# जश्न के बीच मौत की भगदड़

## 11 की मौत, 33 लोग घायल

**महानगर नेटवर्क**

**बेंगलुरु**

आईपीएल 2025 में अपनी पहली जीत का जश्न मना रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) की टीम को देखने के लिए हजारों प्रशंसक बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर जमा हो गए। इस दौरान मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 लोग घायल हो गए हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने हादसे की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए हैं और इसे पूरा करने के लिए 15 दिनों का समय दिया है। मुख्यमंत्री का कहना है कि किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि स्टेडियम में इतनी बड़ी भीड़ आ जाएगी। स्टेडियम की क्षमता सिर्फ 35 हजार लोगों की है, जबकि विक्ट्री सेलिब्रेशन कार्यक्रम में दो से तीन लाख लोग आ गए। सरकार ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देने की घोषणा की है। पत्रकारों ने इस हादसे को लेकर उनसे सवाल किए, तो वे नाराज हो गए और तमतमाते हुए बोले कि भगदड़ का बचाव नहीं किया जा सकता। महाकुंभ में भी भगदड़ हुई थी। सिद्धारमैया के इस बयान से सियासी गर्मी बढ़ गई। इस बयान को लेकर भाजपा ने कहा कि राज्य प्रशासन व्यवस्था करने में असफल रहा जिसका नतीजा है 11 लोगों की जान गई।



### चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर कैसे मची भगदड़?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब स्टेडियम में आरसीबी टीम के सम्मान समारोह की शुरुआत होने वाली थी, तब एक साथ बड़ी संख्या में लोग अंदर जाने की कोशिश करने लगे। इससे भीड़ बेकाबू हो गई और भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटनास्थल पर मौजूद पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रित करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी। हालात काबू में लाने के लिए हल्का बल प्रयोग भी किया गया। कई लोग बेहोश होकर गिर पड़े, जिन्हें एंबुलेंस से पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया। कुछ लोगों को मौके पर ही सीपीआर देकर बचाने की कोशिश की गई। बहुत सी लड़कियों ने गेट को धक्का देकर एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में घुसने की कोशिश की। तीन लड़कियां भीड़ में गिर गईं लेकिन उन्हें बचाने कोई नहीं दौड़ा।

### भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भगदड़ को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा, 'मौत को लेकर कुछ भी पुष्टि नहीं कर सकते। हमने 5,000 से अधिक कर्मियों की व्यवस्था की थी। यह एक युवा उत्साही भीड़ है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने 'बेंगलुरु में जश्न का माहौल बुरे सपने में बदल गया। कर्नाटक सरकार की खराब योजना और कुप्रबंधन के कारण भगदड़ मच गई।

### पीएम ने जताया दुख

बेंगलुरु भगदड़ की घटना पर पीएम मोदी ने दुख जताया है। पीएम मोदी ने कहा- 'बेंगलुरु में हुई दुर्घटना वाकई दिल दहला देने वाली है। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि जो लोग घायल हुए हैं वे जल्द स्वस्थ हों।'

# राहुल गांधी को कोर्ट की फटकार

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब सेना को बदनाम करना नहीं

**महानगर नेटवर्क**

**लखनऊ**

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रायबरेली से कांग्रेस के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को भारतीय सेना पर टिप्पणी करने पर आड़े हाथ लिया और जारी समन के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया।




कोर्ट ने कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता किसी को भी सेना के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने की आजादी नहीं देती। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी ने यह टिप्पणी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की 'चीनी सैनिक अरुणाचल में भारतीय सैनिकों की पिटाई कर रहे हैं' टिप्पणी के संबंध में की। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर बुधवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की फटकार का सामना करना पड़ा। हाईकोर्ट ने 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी के संबंध में लखनऊ की एक अदालत से जारी समन के खिलाफ गांधी की दायर याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की।

# पूर्वोत्तर में बाढ़ से बिगड़े हालात


### अब तक 43 मौतें, सात लाख लोग प्रभावित



**गुवाहाटी।** मानसूनी बारिश से पूर्वोत्तर में आई बाढ़ ने विकराल रूप ले लिया है। असम में ब्रह्मपुत्र और बराक समेत 15 से अधिक छोटी-बड़ी नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कई राज्यों में बहुत बड़ा क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है। लगभग 7 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, हजारों मकान ध्वस्त और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं। हजारों लोगों को राहत शिविरों में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अब तक 43 लोगों की जान भी जा चुकी है। असम और मेघालय में भारी तबाही देखने को मिल रही है।


महाराष्ट्र शासन | म.रा.र.वि.म.

महाराष्ट्र राज्य रस्ते विकास महामंडळ (मर्या.)



नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री


हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे

महाराष्ट्र समृद्धी महामार्ग

अंतिम चरण का लोकार्पण – इगतपुरी से आमणे तक

यात्रा समय में भारी कमी | इगतपुरी से आमणे | २.५ घंटे की यात्रा अब केवल ४५ मिनट






देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री
के कर-कमलों द्वारा

❋ गरिमामयी उपस्थिती ❋

एकनाथ शिंदे
उपमुख्यमंत्री

अजित पवार
उपमुख्यमंत्री

❋ आर.एस.वी.पी. ❋

अनिलकुमार गायकवाड
उपाध्यक्ष तथा प्रबंध संचालक
महाराष्ट्र राज्य रस्ते विकास महामंडळ (मर्या.)

मनीषा पाटणकर-म्हैसकर (भा. प्र. से.)
अपर मुख्य सचिव (सा. बां.),
महाराष्ट्र शासन

सायन-पनवेल राजमार्ग

तीसरे ठाणे खाड़ी पूल (दक्षिण) का दूर-संचार प्रणाली द्वारा लोकार्पण

- कुल ६ नई लेन
- सायन–पनवेल मार्ग पर यातायात का सुचारु प्रवाह
- समय और ईंधन की बचत
- मुंबई और नवी मुंबई के बीच संघर्ष मुक्त आवागमनकी सुविधा
- नवी मुंबई एयरपोर्ट तकपहुंचने में सहायक

<<< संरचना विवरण: >>>

- पुल की कुल लंबाई: ३.३१४ किलोमीटर
- स्वतंत्र डेक: १.८३७ किलोमीटर
- पुल के दोनों ओर तीन–तीन सुचारु लेन
- पुल के दोनों सिरों पर पहुंचने वाला मार्ग : १.४७७ किलोमीटर

- ७०१ किमी लंबा, छह लेन वाला प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे
- मुंबई से छत्रपति संभाजीनगर की यात्रा का अंतर ४ घंटे कम हो जाएगा
- नागपुर से शिर्डी: अब केवल ४ घंटे (पहले १३ घंटे)
- इस परियोजना में वन्यजीव संरक्षण के लिए ध्वनिरोधक उपायों सहित कुल १०० वन्यजीव मार्ग बनाए जाएंगे
- नागपुर से मुंबई की १८ घंटे की यात्रा अब केवल ८ घंटों में
- १८ आधुनिक स्मार्ट ओद्योगिक टाउनशिप
- बिजली उत्पादन के हेतु २०३ मेगावॉट की सौर ऊर्जा परियोजना
- इस महामार्ग के दोनो ओर ११.५ लाख से अधिक पेड़ और लगभग २२.३४ लाख झाड़ियाँ तथा बेलें लगाकर हरित भू-निर्माण किया जाएगा

गुरुवार, दिनांक ५ जून २०२५
समय : दोपहर १२:०० बजे

-: उद्घाटन स्थल :-
समृद्धि राजमार्ग, इगतपुरी प्रवेश सुरंग, महाराष्ट्र




DGIPR/2025-26/C997

महाराष्ट्र के परिवहन परिदृश्य को बदलने में सबसे आगे

www.msrdc.in

देवेंद्र फडणवीस
मुख्यमंत्री

एकनाथ शिंदे
उपमुख्यमंत्री

अजित पवार
उपमुख्यमंत्री

मेघना साकोरे-बोर्डीकर
राज्यमंत्री,
सार्वजनिक बांधकाम (सा.उ.)

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई को लेकर बीएमसी उदासीन

## नहीं हो रही कठोर कार्रवाई

महानगर संवाददाता

**मुंबई**

प्लास्टिक का संकट लगातार बना हुआ है। प्रतिबंधित प्लास्टिक पर भी कार्रवाई करने में मनपा लापरवाह दिखाई दे रही है। सात सालों में मुंबई महानगरपालिका ने मात्र 1 लाख 13 हजार किलोग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक जब्त कर पाई है जबकि मुंबई में हर दुकान और फेरीवालों के पास प्रतिबंधित पलास्टिक की थैली मौजूद रहती है। मनपा की प्लास्टिक पर रोक लगाने के लिए बनाए गए नए जुर्माना नीति सिर्फ कागजों पर ही सीमित है। प्लास्टिक के उपयोग को नियंत्रित करने के लिए जून 2018 से मई 2025 तक मनपा ने विभिन्न बाजारों, दुकानों और प्रतिष्ठानों की 16,641 बार जांच की और इस दौरान 1,13,082 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया गया। मनपा ने इसी अवधि में कुल 8 करोड़ 32 लाख रुपये का जुर्माना वसूला है। मई 2025 महीने में नजर डाले तो मात्र 292 मामलों में 548 किलोग्राम प्लास्टिक ही जब्त हुआ जिस पर 14 लाख 50 हजार रुपये दंड स्वरूप वसूले गए। प्लास्टिक प्रतिबंध को लेकर 26 जुलाई 2005 को मुंबई में आई भीषण बाढ़ के बाद 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाली प्लास्टिक की थैलियों पर रोक लगाई गई थी। कानून के अनुसार, पहली बार उल्लंघन पर 5 हजार रुपए, दूसरी बार 10 हजार रुपये और तीसरी बार 25 हजार रुपए के जुर्माने के साथ तीन महीने की जेल का प्रावधान है।



### बाजार में प्रतिबंधित प्लास्टिक का भरपूर इस्तेमाल

महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अध्यक्ष सिद्धेश कदम ने 3 जनवरी 2025 को मनपा अधिकारियों के साथ बैठक कर यह घोषणा की थी कि आम लोगों पर भी प्लास्टिक के उपयोग के लिए दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार की ओर से अब तक इस पर कोई आधिकारिक आदेश नहीं जारी किए गए हैं। दादर सहित मुंबई के सभी बाजार में प्लास्टिक का भरपूर इस्तेमाल देखा जा सकता है। ग्राहक भले ही कपड़े की थैली लेकर आएं दुकानदार उन्हें सब्जी और फल पहले प्लास्टिक की थैलियों में ही देते है क्योंकि उन पर कार्रवाई का कोई डर नहीं है। इसके चलते प्लास्टिक का कचरा बाजार और सड़कों पर बिखरा रहता है। बरसात के मौसम में यही पॉलिथीन नालियों में बह जाती हैं जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होती है। विक्रेता मोटी और पुन: उपयोग में लाने योग्य थैलियों का उपयोग नहीं करते। मनपा प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ लगातार कार्रवाई किए जाने का दावा किया जाता है लेकिन वह सब दिखावा ही किया जाता है।

## मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी, मामला दर्ज

**भिवंडी।** शहर के जैतून पुरा इलाके में बिजली चोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। टोरेंट पॉवर की विजीलेंस टीम ने छापेमारी कर 99 हकाए रुपये से अधिक की बिजली चोरी का खुलासा किया है। इस मामले में संबंधित उपभोक्ता और बिजली चोरी करने वाले के खिलाफ शांतिनगर पुलिस स्टेशन में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पत्रेवाली चाल, काप तालाब जैतून पुरा के मकान नंबर 221 के मालिक अंसारी साईमा अनवर, अल्ताफ मुमीन और अन्वर खलील अंसारी ने अपने निवास स्थान पर बिजली मीटर में अवैध रूप से छेड़छाड़ की थी। विजीलेंस टीम ने छापा मार कर यह फर्जीवाड़ा पकड़ा। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी ने एक विशेष प्रकार के वायरिंग सिस्टम का उपयोग कर मीटर को बायपास किया था, जिससे बिजली की खपत का वास्तविक आंकड़ा रजिस्टर में दर्ज नहीं हो रहा था। इससे टोरेंट पॉवर कंपनी को 99,03,010 रुपये का नुकसान हुआ है।

# मुंबई मेट्रो लाइनों 2ए और 7 को मिला कार्बन-न्यूट्रल प्रमाणपत्र

## पर्यावरण के अनुकूल शहरी यातायात व्यवस्था को मिलेगा बल

**मुंबई।** दुनियाभर में जब विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जा रहा है, तब मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने हरित भविष्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। एक अहम समारोह में मुंबई मेट्रो की लाइन 2ए और 7 को कार्बन न्यूट्रल घोषित किए जाने का प्रमाणपत्र महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री अजित पवार को सौंपा गया। इस मौके पर मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, आईएएस, एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी और महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) की प्रबंध निदेशक रूबल अग्रवाल भी मौजूद थीं। यह उपलब्धि मुंबई मेट्रो की लाइन 2ए (दहिसर ईस्ट से डीएन नगर) और लाइन 7 (दहिसर ईस्ट



से गुंदवली) को कार्बन न्यूट्रल कॉरिडोर के रूप में स्थापित करती है, जो महाराष्ट्र के हरित और पर्यावरण के अनुकूल शहरी यातायात व्यवस्था के दृष्टिकोण को और मजबूत करती है।

एमएमएमओसीएल ने इन कॉरिडोर की कार्बन न्यूट्रल स्थिति का आकलन करने के लिए थर्ड पार्टी ऑडिट करवाया। इस ऑडिट में पीएएस 2060:2014 अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार सभी मापदंडों को पूरा किया गया। साथ ही, यूनिवर्सल कार्बन रजिस्ट्री (यूसीआर) ने जनवरी 2023 से दिसंबर 2024 के बीच "लाइन 2ए और 7 के लिए मोडल शिफ्ट" के आधार पर 85,849 कार्बन ऑफसेट यूनिट्स (सीओयू) जारी किए जाने की पुष्टि की है।

# बांद्रा माल में लगी आग रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

## फायर रिपोर्ट देने वाली एजेंसी ने किया था घपला

**मुंबई।** इमारतों और माल को हर छह महीने में निजी फायर सुरक्षा एजेंसी से रिपोर्ट लेना अनिवार्य है। निजी एजेंसियों के रिपोर्ट पर अब सवाल उठने लगा है। बांद्रा के लिंक स्क्वेअर मॉल में लगी आग के पहले निजी फायर एजेंसी ने फायर के सभी एक्विपमेंट शुरू होने की जानकारी दी है। जबकि मॉल में अग्निशमन प्रणालीस्वचालित न होकर मैन्युअल थी जो एक गंभीर है। बता दें कि बांद्रा पश्चिम के लिंकिंग रोड स्थित दो दशक पुराने लिंक स्क्वेअर मॉल में 29 अप्रैल की सुबह भीषण आग गई थी जिसमें माल पूरी तरह जलकर खाक हो गया था। बांद्रा आग लगने की घटना के बाद बड़ा आरोप प्रत्यारोप हुए। आग बुझाने को लेकर फायर की गाड़िया देरी से पहुंची इस तरह का आरोप किया गया। आग लगने के एक महीने बाद जांच रिपोर्ट सामने आई जिसमे मॉल की अग्निशमन प्रणाली में गंभीर खामियां उजागर हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, मॉल में अग्निशमन प्रणाली स्वचालित न होकर मैन्युअल थी जो एक गंभीर मामला है। मैन्युअल मशीन भी इमारत की ऊपरी मंजिल पर थी। आग बेसमेंट में शुरू हुई थी और ऊपर फैल गई थी, जिससे सुरक्षा कर्मियों के लिए समय पर सिस्टम को सक्रिय करना संभव नहीं था। रिपोर्ट में अब लाइसेंस प्राप्त अग्नि सुरक्षा एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की गई है जो हर छह महीने में मॉल की अलार्म, अग्निशामक यंत्र और स्मोक डिटेक्टर जैसी व्यवस्था की जांच करती है।

# विकास के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना आवश्यक : संदीप नाईक

**नवी मुंबई।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में आज पूर्व विधायक संदीप नाईक की पहल पर संदीप नाईक प्रतिष्ठान और ग्रीन होप संस्था के संयुक्त तत्वावधान में करावे गांव स्थित स्वर्गीय गणपत शेठ तांडेल मैदान में वृक्षारोपण अभियान बड़े पैमाने पर आयोजित किया गया। साथ ही पर्यावरण अनुकूल जूट बैग का भी वितरण किया गया। इस वृक्षारोपण उपक्रम को इस वर्ष 20 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर संदीप नाईक ने कहा कि "विकास के साथ-साथ पर्यावरण संतुलन और जैवविविधता की रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है।" इस वृक्षारोपण अभियान में नवी मुंबई के पर्यावरण



प्रेमी, करावे गांव के नागरिक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाएं, वरिष्ठ नागरिक, खिलाड़ी और युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए।

संदीप नाईक ने इस अवसर पर वनों की कटाई, खाली पड़ी जगहों का क्षरण, शहरी क्षेत्रों में कंक्रीटीकरण, वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण जैसे गंभीर पर्यावरणीय मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए जनसहभागिता और प्रशासनिक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "वृक्षारोपण केवल एक पर्यावरणीय कार्य नहीं बल्कि बिगड़ती जैवविविधता और पारिस्थितिकी असंतुलन के संदर्भ में यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है।" नाईक ने शहरी जंगल, घटती हरित खुली जगहों और बढ़ते शहरीकरण की पृष्ठभूमि में स्थायी उपायों की, प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डीपीएस तालाब के संरक्षण को जनभागीदारी से प्राप्त एक सफल उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि नवी मुंबई की पहचान फ्लेमिंगो पक्षी हैं और उनका निवास स्थल डीपीएस तालाब विकास निर्माण के वजह से खतरे में था, लेकिन वन मंत्री गणेश नाईक ने इस क्षेत्र को संरक्षित वन का दर्जा देकर तालाब को बचाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया, जिसके लिए उन्होंने नवी मुंबई के पर्यावरण प्रेमियों की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया। इस वृक्षारोपण अभियान के माध्यम से जैवविविधता के संरक्षण और टिकाऊ शहरी पारिस्थितिकी प्रणाली के निर्माण के महत्व को रेखांकित किया गया।

# मिराज कॉर्ड लाइन परियोजना को मंजूरी

**मुंबई।** रेल संपर्क और माल ढुलाई दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में, माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 128.78 करोड़ की अनुमानित लागत से मध्य रेलवे के अंतर्गत मिराज कॉर्ड लाइन (1.73 किमी) परियोजना को मंजूरी दी।



मल्टी ट्रैकिंग/फ्लाईओवर/बाईपास लाइन क्षमता वृद्धि के अंतर्गत प्रस्तावित इस रणनीतिक पहल का उद्देश्य मिराज जंक्शन पर ट्रेन संचालन को काफी आसान बनाना है, जो मिराज-पुणे, मिराज-कोल्हापुर, मिराज-पंढरपुर और मिराज-लोंडा जैसे मार्गों को जोड़ने वाला एक प्रमुख इंटरचेंज पॉइंट है। वर्तमान में, कुर्दुवाड़ी या हुबली से आने वाली और कोल्हापुर की ओर जाने वाली ट्रेनें मिराज में इंजन या ब्रेकवैन रिवर्सल के कारण औसतन 120 मिनट तक रुकी रहती हैं। प्रस्तावित कॉर्ड लाइन इन परिचालन देरी को दूर करेगी, जिससे नेटवर्क दक्षता में सुधार होगा। यह पश्चिमी महाराष्ट्र में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इस क्षेत्र में अधिक कुशल माल और यात्री ट्रेन संचालन का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह मिरज से कोल्हापुर तक तेज यात्रा के लिए यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करता है।

# राष्ट्रहित की सोच के साथ ITI संस्थानों में मनाया जाएगा शिवराज्याभिषेक दिवस : मंत्री लोढ़ा

**मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के उपलक्ष्य में, कौशल विकास विभाग की ओर से 6 जून से राज्य की सभी ITI संस्थानों में राष्ट्रभक्ति से जुड़े विषयों पर व्याख्यानमालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में भारत के गौरवशाली इतिहास और देशभक्ति की भावना का संचार करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता जगाना है। बुधवार को मंत्रालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए राज्य के कौशल, रोजगार, उद्यमिता और नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने यह जानकारी दी। लोढ़ा ने कहा कि व्याख्यानमाला का



उद्घाटन 6 जून को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा किया जाएगा। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने पराक्रम से हिंदवी स्वराज्य की स्थापना की। उन्होंने न केवल राज्य की स्थापना की, बल्कि प्रभावी प्रशासन, सामाजिक समरसता, जनकल्याण और कानून का राज्य कायम कर 'सुराज्य' की नींव रखी। आज के समय में भी समाज और राष्ट्र को उनके विचारों की अत्यंत आवश्यकता है। इसी दृष्टिकोण से कौशल विकास विभाग ने राज्य की 1097 ITI संस्थाओं में यह व्याख्यानमाला आयोजित करने का निर्णय लिया है। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि पंच परिवर्तन संकल्पना के अंतर्गत परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी विचार जैसे मूल विषयों को इस व्याख्यानमाला में शामिल किया गया है। मंत्री लोढ़ा ने कहा कि इस पहल से नागरिकों में अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूकता आएगी, कानून के पालन से राष्ट्र समृद्ध और प्रगतिशील बनेगा बंधुत्व की भावना से समाज में भेदभाव कम होंगे।

# ससुरालवालों की प्रताड़ना से पांच माह में पांच विवाहिताओं ने दी जान

**ठाणे।** जिले में विवाहिता महिलाओं के खिलाफ ससुरालवालों द्वारा की जा रही शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। जनवरी से मई 2025 के बीच ठाणे सिटी पुलिस कमिश्नरेट में ऐसी 50 से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 15 मामलों में अपराध दर्ज हुए हैं। दुखद तथ्य यह है कि प्रताड़ना से तंग आकर पांच महिलाओं ने आत्महत्या कर ली है। बता दें कि पुलिस के अनुसार, सबसे ज्यादा शिकायतें ठाणे शहर, वागले एस्टेट और भिवंडी के शहरी इलाकों से सामने आई हैं। इनमें कई महिलाएं ऐसी थीं जो लंबे समय से घरेलू हिंसा झेल रही थीं, लेकिन सामाजिक



दबाव, पारिवारिक प्रतिष्ठा और बच्चों के भविष्य के कारण उन्होंने समय पर शिकायत नहीं की। कुछ महिलाएं नौकरीपेशा थीं और उन्हें वेतन को लेकर भी ताने झेलने पड़ते थे। वहीं कुछ महिलाओं के पति बेरोजगार थे और उनसे बाहर से पैसे लाने का दबाव डालते थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों की संख्या जितनी दर्ज हुई है, उत्पीड़न का वास्तविक आंकड़ा उससे कहीं अधिक है।

# ठाणे में कैंसर के खिलाफ बड़ी पहल

## 237 संदिग्ध मरीज चिन्हित

**ठाणे।** जिले में कैंसर के बढ़ते मामलों को देखते हुए ठाणे जिला प्रशासन ने फरवरी से मई 2025 के बीच विशेष कैंसर जांच और जनजागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान के तहत कुल 4,490 नागरिकों की जांच की गई, जिनमें से 237 लोग कैंसर के संदिग्ध पाए गए हैं। कैंसर की समय पर पहचान और उपचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में एक अत्याधुनिक मोबाइल कैंसर वैन शुरू की गई, जो शहरों के साथ-साथ दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में भी पहुंची।

इस वैन के माध्यम से मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय मुख



(सर्वाइकल) कैंसर की विशेष जांच की गई। यह पूरी पहल जिलाधिकारी अशोक शिनगारे और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में संचालित हुई। जिला सर्जन डॉ. कैलास पवार और जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर परगे ने बताया कि जिन नागरिकों में कैंसर के लक्षण पाए गए, उन्हें आगे की जांच और इलाज के लिए नजदीकी सरकारी अस्पतालों में भेजा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार कैंसर एक असंक्रामक लेकिन गंभीर बीमारी है, समय पर पहचान से इसका इलाज संभव है। ग्रामीण इलाकों में अक्सर जांच सुविधाओं और जागरूकता की कमी के कारण कैंसर की पहचान देर से होती है। ऐसे में यह मोबाइल वैन अभियान ग्रामीण जनता के लिए एक बड़ी राहत बनकर सामने आया है। इस अभियान ने न केवल सैकड़ों लोगों को शुरुआती स्तर पर बीमारी की पहचान का अवसर दिया, बल्कि स्वास्थ्य सेवा की दिशा में एक मजबूत कदम भी साबित हुआ है।

# नाबालिग लड़की की अश्लील तस्वीर पिता को भेजी, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** एक नाबालिग लड़की का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक आरोपी ने, सिर्फ़ 11 दिन पहले स्नैपचैट पर उससे दोस्ती की थी, उसने नाबालिग की अश्लील तस्वीरें हासिल कर लीं। कथित तौर पर आरोपी ने पीड़िता की अनुचित तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी और फ़ोटो को उसके पिता को भी भेज दिया। एंटॉप हिल पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

इंस्टाग्राम, स्नैपचैट जैसे सोशल प्लेटफॉर्म नाबालिग लड़कियों के लिए लगातार ख़तरनाक साबित हो रहे हैं। लड़कियों से दोस्ती करने, उन्हें अश्लील तस्वीरें शेयर करने के लिए मजबूर करने और फिर इन तस्वीरों के आधार पर उन्हें ब्लैकमेल करने और यौन उत्पीड़न करने के मामले बढ़ रहे हैं। हाल ही में एंटॉप हिल इलाके में भी ऐसी ही एक घटना सामने आई। पीड़ित 15 वर्षीय लड़की इस अपराध का शिकार बनी है। 30 मई को उसके पिता को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि मेरे पास आपकी 15 वर्षीय बेटी की अश्लील तस्वीरें हैं। अगर आपकी बेटी आयुष नाम के लड़के से बात करना बंद नहीं करेगी, तो मैं उसकी तस्वीरें वायरल कर दूंगा। इस धमकी के बाद, उस व्यक्ति ने लड़की के पिता को उसकी तीन अश्लील तस्वीरें और एक अश्लील वीडियो भेजा।

# वसई-विरार में कोरोना के 6 नए केस

**विरार।** वसई-विरार क्षेत्र में कोरोना वायरस ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। राज्य के विभिन्न हिस्सों में मरीजों की संख्या बढ़ने के साथ ही अब वसई विरार शहरों में भी इसका प्रसार देखने को मिल रहा है। अब तक यहां कोरोना के 6 नए मरीज सामने आए हैं। हालांकि, राहत की बात यह है कि इन सभी मरीजों में हल्के लक्षण हैं और उनका इलाज घर पर ही आइसोलेशन में किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से मुंबई, ठाणे और राज्य के अन्य हिस्सों में कोरोना के मरीज मिल रहे थे, और अब वसई-विरार भी इसकी चपेट में आ गया है। इसे देखते हुए मनपा के स्वास्थ्य विभाग ने संदिग्ध मरीजों की जांच पर विशेष ध्यान देना



शुरू कर दिया है। महापालिका के स्वास्थ्य विभाग ने अब तक 6,973 लोगों की जांच की है, जिनमें से 225 लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया. इन जांचों में 6 मरीज कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं। **मनपा की तैयारियां पूरी :** कोरोना बीमारी के संभावित खतरे को देखते हुए वसई-विरार महानगरपालिका ने अपनी तैयारियां पुख्ता कर ली हैं. महानगरपालिका के अस्पताल में 75 बेड और शहर के अन्य निजी अस्पतालों में 725 बेड आरक्षित किए गए हैं. इनमें 225 आईसीयू बेड, 131 वेंटिलेटर बेड, और 343 ऑक्सीजन बेड शामिल हैं. मनपा ने यह भी बताया है कि जरूरत पड़ने पर मरीजों को रेमडेसिविर भी उपलब्ध कराई जाएगी. इसके अलावा, 78 मीट्रिक टन से अधिक ऑक्सीजन का स्टॉक भी उपलब्ध है.वसई-विरार महानगरपालिका आयुक्त अनिल कुमार पवार ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है. उन्होंने कहा है कि कोरोना के खतरे को देखते हुए भीड़भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें, आवश्यक सावधानियां बरतें, और जिन लोगों में कोरोना से मिलते-जुलते लक्षण दिखें, वे तुरंत स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें।

## अवैध तरीके से भारत में रहने वाले बांग्लादेशियों को सजा

**मुंबई।** एक फास्ट-ट्रैक कोर्ट ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और रहने के आरोप में दो बांग्लादेशी महिलाओं को पांच महीने की साधारण कैद और 20,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला गिरफ्तारी के महज पांच महीनों के भीतर सुनाया गया है। क्राइम डिटेक्शन यूनिट चार को जनवरी 2025 में जानकारी मिली थी कि घाटकोपर (पश्चिम) के वैटागवाड़ी इलाके और घाटकोपर पूर्व के रेलवे ट्रैक के पास कुछ बांग्लादेशी नागरिक अवैध रूप से रह रहे हैं। 2 जनवरी 2025 को पुलिस ने छापा मारते हुए चांदनी माजी (24) और तस्लीमा मोडल (41) को हिरासत में लिया।

# मानसून से बचाव हेतु फायर ब्रिगेड की नाव से किया निरीक्षण : आयुक्त

**कल्याण।** मानसून सीजन की पृष्ठभूमि में, नगर आयुक्त अभिनव गोयल ने फायर ब्रिगेड की नाव का उपयोग करके खाड़ी का निरीक्षण किया।मानसून सीजन की पृष्ठभूमि में, नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल ने आज फायर ब्रिगेड की नाव से कल्याण खाड़ी का निरीक्षण किया और इस वर्ष के मानसून सीजन के दौरान बाढ़ की स्थिति में फायर ब्रिगेड की तैयारियों की समीक्षा की।

मानसून सीजन शुरू होने से पहले ही मई से कल्याण-डोंबिवली क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है, जिससे कुछ निचले इलाकों में जलभराव हो गया है। इस पृष्ठभूमि में, अग्निशमन विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी नामदेव चौधरी ने पहले ही एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की है कि मानसून के मौसम में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने पर कल्याण डोंबिवली नगर निगम का अग्निशमन विभाग स्थिति का प्रबंधन कैसे करेगा। इस रिपोर्ट के अनुसार, कमिश्नर अभिनव गोयल ने आज अग्निशमन विभाग की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यह भी सीखा कि अग्निशमन विभाग के पास उपलब्ध रबर की नावों का उपयोग करके किस प्रकार बचाव कार्य चलाया जा सकता है। इस अवसर पर नगर अभियंता अनिता परदेशी, उपायुक्त वंदना गुलवे आदि उपस्थित थे।

# अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ उठाए कदम

**मुंबई।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अदाणी इलेक्ट्रिसिटी, जो ऊर्जा क्षेत्र में स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध एक अग्रणी कंपनी है, ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रगति की एक अहम जानकारी साझा की है। कंपनी ने अपने सभी परिचालनों में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के इस्तेमाल को काफी हद तक कम करने और चरणबद्ध तरीके से खत्म करने में सफलता हासिल की है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कंपनी ने 3.8 मीट्रिक टन से अधिक नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कचरे को रिसाइक्लिंग के लिए भेजा




है, जो अदाणी इलेक्ट्रिसिटी की स्थायी विकास की दिशा में मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अदाणी इलेक्ट्रिसिटी के प्रवक्ता ने कहा, "विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष की थीम #BeatPlasticPollution को ध्यान में रखते हुए हम अपने पर्यावरणीय दायित्व को और मजबूती दे रहे हैं। हमारे लिए 'सस्टेनेबिलिटी' कोई फैशनेबल शब्द नहीं, बल्कि हमारी हर गतिविधि की आधारशिला है। हमारे संचालन में सिंगल-यूज़ प्लास्टिक की कमी यह दिखाती है कि हम एक हरित भविष्य की दिशा में गंभीर प्रयास कर रहे हैं। हमारा मानना है कि छोटे-छोटे कदम भी बड़े बदलाव की ओर ले जाते हैं, और इसका लाभ समाज और पर्यावरण दोनों को मिलता है।" सिंगल-यूज़ प्लास्टिक में कमी की अदाणी इलेक्ट्रिसिटी ने नॉन-बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक कचरे के रिसाइक्लिंग में निरंतर वृद्धि दर्ज की है।

# परे पर प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए अभियान शुरू

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे 22 मई से 5 जून, 2025 तक विश्व पर्यावरण दिवस अभियान मना रही है, जिसकी मुख्य थीम है "प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना।" यह पहल पर्यावरणीय स्थिरता और अपने परिचालन में प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए पश्चिम रेलवे की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न मंडलों और कारखानों में व्यापक गतिविधियों को शामिल करते हुए कई जागरुकता अभियान




चलाए गए। इस अभियान की शुरुआत 22 मई को एक सार्वजनिक सभा और शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुई, जहां अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्लास्टिक प्रदूषण से सक्रिय रूप से निपटने की शपथ ली। 28 मई से 2 जून, 2025 तक पश्चिम रेलवे में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। विनीत ने बताया कि पूरे पश्चिम रेलवे में 'प्लास्टिक प्रदूषण कम करें' अभियान चलाया गया, जिसके दौरान सभी छह मंडलों के साथ-साथ कार्यशालाओं में कई प्रभावशाली गतिविधियां आयोजित की गईं।

### पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने पर जोर

यात्रियों को एक बार उपयोग में आने वाली प्लास्टिक की बोतलों के निपटान और स्टेशनों पर कूड़ा-करकट कम करने के लिए प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों का उपयोग करने के लिए शिक्षित और प्रोत्साहित किया गया। एक बार उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए फूड स्टॉल और वाटर रिफिल पॉइंट का निरीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से यात्रियों को अपनी बोतलों में पानी भरने और प्लास्टिक की बोतलों के उपयोग को सीमित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। ऑनबोर्ड खानपान सेवाओं को भी पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अन्य पहलों में एक ही बार उपयोग में वाले प्लास्टिक के बजाय अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन करना और कर्मचारियों के साथ इंटरैक्टिव जागरूकता सत्र आयोजित करना शामिल था। इसके अलावा, खाद्य स्टाल विक्रेताओं और कर्मचारियों को माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के बारे में जागरूक किया गया तथा अधिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान जारी रखा गया। इसके अलावा, श्री विनीत ने बताया कि इस पहल को जारी रखते हुए इस अवधि के दौरान सतत रेलवे परिचालन नामक एक अन्य अभियान भी चलाया गया। पश्चिम रेलवे ने कई पहलों की श्रृंखला सफलतापूर्वक संचालित की है।

# राज्य के मंत्री होंगे हाईटेक, सभी को मिलेगा एप्पल आईपैड

**सरकार खरीदेगी 50 आईपैड, खर्च होंगे 1.06 करोड़ रुपए**



महानगर संवाददाता

**मुंबई**

राज्य के मंत्रियों को हाईटेक बनाने और ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने के लिए देवेंद्र फडणवीस सरकार एप्पल के 50 आईपैड खरीदेगी। बुधवार को सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी शासनादेश में आपूर्ति करने वाले ठेकेदार और आईपैड की कीमत को मंजूरी प्रदान की गई। कैबिनेट से पहले ही 50 आईपैड खरीदने की मंजूरी मिल चुकी है। एक आईपैड की कीमत 1 लाख 65 हजार 843 रुपए होगी। कुल 50 आईपैड की खरीद पर तकरीबन 1.06 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के शासनादेश के अनुसार राज्य सरकार एप्पल ब्रांड के प्रत्येक आईपैड की खरीद पर 18% जीएसटी के साथ कुल 1,65,843 रुपए खर्च करेगी। बुधवार को 50 एप्पल आईपैड पर कुल 82,92,155 लाख रुपए खर्च को मंजूरी दी गई। इसके अलावा 50 मैजिक कीबोर्ड पर 15,59,370 लाख रुपए, एप्पल पेंसिल पर 3,63,440 लाख रुपए, एप्पल कवर पर 4,42,500 लाख रुपए, एडाप्टर पर 59 रुपए और केबल पर 59 रुपए खर्च किए जाएंगे। सामान्य प्रशासन विभाग के अनुसार आपूर्तिकर्ता ने एप्पल आईपैड के कवर पर महाराष्ट्र सरकार के अक्षरों के साथ-साथ अशोक स्तम्भ, सत्यमेव जयते लोगो को उकेरने के लिए मौखिक रूप से सहमति व्यक्त की है। आपूर्तिकर्ता के लिए यह शर्त रखी गई है कि एप्पल ब्रांड के आईपैड 2024 से पहले लॉन्च नहीं होने चाहिए।

### एक क्लिक पर उपलब्ध होंगे दस्तावेज

महाराष्ट्र सरकार जल्द ही ई-कैबिनेट प्रणाली लागू करने जा रही है। इसका उद्देश्य कैबिनेट बैठकों में कागज के उपयोग को कम करना तथा पारंपरिक दस्तावेजीकरण के स्थान पर स्मार्ट टैबलेट का इस्तेमाल करना है। ई-कैबिनेट प्रणाली से कैबिनेट बैठकों की योजना बनाना, संदर्भ ढूंढना, निर्णयों को लागू करना और तदनुसार प्रक्रियाओं की निगरानी करना आसान हो जाएगा। बैठक के दौरान उठाए गए अतिरिक्त विषयों को भी इस प्रणाली में शामिल किया जा सकता है। दस्तावेजों को वितरित करने की जल्दबाजी के बिना ई-कैबिनेट प्रणाली बैठक के एजेंडे और संबंधित दस्तावेजों को मंत्रियों के आईपैड पर एक ही क्लिक पर उपलब्ध करा देगी। मंत्रियों को उपलब्ध कराए गए आईपैड केवल ई-कैबिनेट तक ही सीमित नहीं होंगे, बल्कि इनका उपयोग ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से कहीं से भी मामलों पर निर्णय लेने, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रगति पर नज़र रखने और आपले सरकार जैसे नागरिक-संबंधी अनुप्रयोगों की निगरानी के लिए किया जाएगा। चूंकि कई सरकारी एप्लीकेशनों को मोबाइल एप में परिवर्तित किया जा रहा है, इसलिए आईपैड मंत्रियों के लिए कार्यालय संबंधी कार्यों के लिए बहुत उपयोगी उपकरण होगा। ई-कैबिनेट प्रणाली के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी विभाग (डीआईटी) की तरफ से विशेष इंजीनियर नियुक्त किए जाएंगे, जो मंत्रियों को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करेंगे।

# वन आवरण को बढ़ाने इस साल राज्य में लगाए जाएंगे 10 करोड़ पेड़



**मुंबई।** राज्य में वन आच्छादन की प्रतिशतता बढ़ाने के उद्देश्य से हरित महाराष्ट्र, समृद्ध महाराष्ट्र अभियान के अंतर्गत इस वर्ष 10 करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे। यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। अगले वर्ष भी 10 करोड़ वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब वृक्षारोपण एक जन आंदोलन बने। इसके लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए।

इस अभियान के तहत वृक्षारोपण की योजना पर सह्याद्री अतिथि गृह में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार, वन मंत्री गणेश नाईक, राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, अपर मुख्य सचिव मिलिंद म्हैसकर और विभिन्न विभागों के सचिव तथा वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है। वन आच्छादन बढ़ाने में महाराष्ट्र देश में अग्रणी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान में महाराष्ट्र ने बेहतरीन कार्य किया है। राज्य में 33% वन आच्छादन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अगले 20 वर्षों तक यह अभियान मिशन मोड में चलाना जरूरी है। पिछले 8 वर्षों में राज्य ने बड़े पैमाने पर वृक्ष लगाए हैं और 33 करोड़ तथा 50 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य पहले ही सफलतापूर्वक पूरा किया है। इसलिए इस वर्ष का लक्ष्य भी निश्चित रूप से प्राप्त किया जा सकता है।

**हाईवे के किनारे वृक्षारोपण की जिम्मेदारी अब वन विभाग को**

राज्य के राष्ट्रीय, राज्य महामार्गों और पालखी मार्गों के किनारे वृक्षारोपण की जिम्मेदारी अब वन विभाग को सौंपी जाएगी। गडचिरोली जिले में तेजी से उद्योग आ रहे हैं, इसलिए वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण आवश्यक है। अगले वर्ष गडचिरोली में 1 करोड़ वृक्ष लगाने की योजना है, जिस पर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। मराठवाड़ा के बीड, लातूर जैसे जिलों में वृक्षों की संख्या सबसे कम है। वहां विशेष अभियान चलाने के निर्देश वन विभाग को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बांस मिशन को सभी विभागों का मिशन मानकर सबको मिलकर काम करना चाहिए।

### देशी और छायादार वृक्ष लगाए जाएं: अजित पवार

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि राष्ट्रीय और राज्य महामार्गों के किनारे वृक्षारोपण करते समय भविष्य में होने वाले सड़क चौड़ीकरण का ध्यान रखा जाए। इन मार्गों पर जामुन, बहावा, सुरंगी, पीपल, वट वृक्ष, नीम, अर्जुन जैसे देशी व छायादार वृक्ष लगाए जाएं।

### पूरे राज्य में दो लाख पौधे लगाएगी म्हाडा

जुलाई महीने में देश में मनाए जाने वाले वन महोत्सव सप्ताह के अवसर पर महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) राज्य में करीब दो लाख पौधे लगाएगा। इसमें से करीब 50 हजार पौधे मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) क्षेत्र में लगाए जाएंगे, यह जानकारी म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं सीईओ संजीव जायसवाल ने सोमवार को म्हाडा मुख्यालय में आयोजित विभाग प्रमुखों की बैठक में दी। बैठक में बोलते हुए जायसवाल ने कहा कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक राज्य में म्हाडा के विभिन्न मंडलों के अधिकार क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाना चाहिए। इसके लिए जायसवाल ने संबंधित अधिकारियों को मुंबई क्षेत्र में 'अविकसित भूखंडों' की पहचान करने का निर्देश दिया, जहां निर्माण या कोई भी विकास नहीं किया जा सकता है और वहां मियावाकी पद्धति का उपयोग करके घने शहरी वन बनाने की योजना बनाई जानी चाहिए। कम जगह में अधिक पेड़ लगाकर जैव विविधता बढ़ाने में यह तरीका काफी कारगर माना जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मुंबई हाउसिंग बोर्ड और कोंकण हाउसिंग बोर्ड जैसे म्हाडा के विभागीय बोर्डों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले हाउसिंग एस्टेट के परिसर में पेड़ लगाए जा सकते हैं या नहीं, इस बारे में अध्ययन किया जाना चाहिए। इन दोनों बोर्डों ने 50 हजार और 25 हजार पेड़ लगाने का प्रस्ताव रखा है। उल्लेखनीय रूप से, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि वृक्षारोपण के लिए केवल पर्यावरण के अनुकूल पेड़ों का चयन किया जाना चाहिए। उन्होंने पेड़ों के दीर्घकालिक रखरखाव की जिम्मेदारी भी संबंधित हाउसिंग सोसायटियों को सौंपने को कहा, जिससे वृक्षारोपण केवल एक अभियान न होकर एक स्थायी प्रयास बन जाएगा, उन्होंने अपनी राय व्यक्त की। लगाए जाने वाले सभी पेड़ों की जियो-टैगिंग की जानी चाहिए। म्हाडा की जिन परियोजनाओं में पेड़ों को काटा जाना है, उनमें पेड़ों को फिर से लगाना अनिवार्य करने के लिए जल्द ही एक परिपत्र जारी किया जाएगा। शुरुआत में यह मामला सिर्फ मुंबई के लिए लागू होगा और बाद में इसे अन्य विभागीय बोर्डों में भी लागू किया जाएगा।

# सरकार ने हिंदी भाषा लागू की तो होगा आंदोलन : राज ठाकरे

## मनसे प्रमुख ने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र



**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मांग की है कि सरकार जल्द से जल्द एक लिखित आदेश जारी किया जाए, जिसमें तय किया जाए कि महाराष्ट्र राज्य शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम का पालन करने वाले स्कूलों में कक्षा 1 से केवल दो भाषाएं, मराठी और अंग्रेजी पढ़ाई जाएंगी। राज ठाकरे ने इस संबंध में स्कूली शिक्षा मंत्री दादाजी भुसे को एक पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपने ही फैसले को पलटते हुए फिर से हिंदी भाषा को लागू किया, तो मनसे जो आंदोलन करेगी, उसके लिए सरकार जिम्मेदार होगी।

केंद्र की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करते हुए राज्य सरकार ने राज्य के अंग्रेजी और मराठी माध्यम के स्कूलों में कक्षा 1 से हिंदी भाषा को अनिवार्य करने का फैसला किया था। इस फैसले का महाराष्ट्र नवनिर्माण पार्टी, अन्य राजनीतिक दलों, संगठनों और अभिभावकों ने विरोध किया था। इस विरोध को ध्यान में रखते हुए शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने घोषणा की थी कि उन्होंने हिंदी भाषा को अनिवार्य करने के फैसले को स्थगित कर दिया है। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक सरकारी निर्णय जारी नहीं किया गया है। इस पृष्ठभूमि में राज ठाकरे ने बुधवार को भुसे को एक पत्र लिखा।

# सीनियर अकाउंटेंट पर फर्जीवाड़ा करने को लेकर एफआईआर

## कई फर्जी दस्तावेज भी कंपनी में किये गए पेश

**मुंबई।** एक नामी आईटी कंपनी इंटरॅक्टीव्ह इन्फो कॉम (ई) प्रा. लि. में एक चौंकाने वाला आर्थिक फर्जीवाड़ा सामने आया है। कंपनी के संचालक राजेंद्र बाबूराव दलवी ने कंपनी की वरिष्ठ लेखापाल माधुरी संदीप खरे पर करोड़ों रुपये के गबन, फर्जी दस्तावेज बनाने और कर्मचारियों के पीएफ व ईएसआईसी फंड का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। दलवी की शिकायत के अनुसार, माधुरी खरे सन 2014 से कंपनी में कार्यरत थीं और पूरी अकाउंटिंग प्रणाली को नियंत्रित कर रही थीं। कंपनी में पिछले तीन वर्षों से कर्मचारियों के पीएफ और ईएसआईसी का कोई भुगतान नहीं किया गया, जबकि माधुरी ने झूठे चलान बनाकर भुगतान दिखाया था। जब इस बात की गहराई से जांच की गई, तो यह सामने आया कि उसने टैली सॉफ्टवेअर में फर्जी एंट्रियां की थीं और बैंकों में भुगतान ही नहीं किया गया था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि टाटा कम्युनिकेशन्स बैंगलोर व दिल्ली से मिलने वाली लगभग 19 लाख रुपये कंपनी के खाते में आये ही नहीं। इसके अलावा, अन्य कई पार्टी अकाउंट में भी भारी गड़बड़ियाँ मिलीं।

# मनपा का दावा : नाला सफाई में हो रहा एआई का फायदा

## लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर 3 करोड़ का दंड



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने इस साल के नाला सफाई में पहली बार ठेकेदारों पर नजर रखने के लिए एआई का उपयोग किया गया। मनपा का दावा है कि एआई का नाला सफाई में बड़ा उपयोग हो रहा है। इस बार नाला सफाई में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर एआई के माध्यम से 3 करोड़ का दंड लगाया जा चुका है। मनपा प्रशासन ने जानकारी दी है कि मीठी नदी सहित बड़े और छोटे नालों से मानसून पूर्व कीचड़ निकालने का काम तेज़ी से चल रहा है।

मनपा प्रशासन ने जानकारी दी कि हर साल की तरह इस साल भी मानसून से पहले 80 प्रतिशत कीचड़ निकालने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। मनपा ने बताया कि कुल 9,68,008 मीट्रिक टन कीचड़ निकालने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से अब तक 7,96,765 मीट्रिक टन यानी 82.31 प्रतिशत कीचड़ निकाला जा चुका है। मनपा ने भले ही 82 प्रतिशत नाला सफाई हो जाने पर खुद सहमत हो रही है लेकिन मानसून पूर्व 80 प्रतिशत का नाला सफाई में पूरा नाला सफाई होनी चाहिए थी। मनपा ने पहली बार नाला सफाई में ठेकेदार पर नजर रखने के लिए एआई का उपयोग किया, जिससे काम की पारदर्शिता और प्रभाव शीलता बढ़ रही है। एआई की निगरानी से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना ठेकेदारों से वसूला गया है। मनपा ने कहना है कि नाला सफाई का काम अब मानसून के दौरान और भी तेजी से कीचड़ निकालने का कार्य जारी रहेगा।

हर साल मानसून आने से पहले पर्जन्य जल वाहिनी विभाग के जरिए मिठी नदी और प्रमुख नालों की सफाई की जाती है। जबकि छोटे नालों का कीचड़ निकालने का काम वार्ड के मार्फत किया जाता हैं। नाला सफाई अच्छे से होने पर शहर में जल जमाव होने की समस्या दूर होती है। मानसून के दौरान 10 प्रतिशत और साल भर के शेष समय में भी 10 प्रतिशत कीचड़ निकाला जाता है। इस साल समय से पहले आए मानसून में मनपा के नाला सफाई की पूरी पोल खोल कर रख दिया है। हर साल की तरह इस साल भी कीचड़ निकालने का काम मार्च महीने में शुरू हुआ। इस साल मुंबई में 6 मई 2025 से बारिश शुरू हो गई है। इतना ही नहीं पहली बार मई 2025 में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई है।

# करोड़ों के गहने देने के बाद भी प्रताड़ना, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** दिंडोशी पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति और ससुरालवालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शादी में उसके परिवार द्वारा 4.75 करोड़ रुपये के गहने देने के बावजूद उस पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार किए गए।

श्रृंखला जैन ने एफआईआर में बताया कि उसकी शादी 2021 में हर्षवर्धन जैन से हुई थी। शादी का पूरा खर्च उसके पिता ने उठाया था और भारी मात्रा में गहने भी दिए थे। विवाह के बाद श्रृंखला अपने पति और सास-ससुर के साथ महालक्ष्मी में रहने लगी, जहां दहेज की मांगें बढ़ती गईं। श्रृंखला के अनुसार, त्योहारों पर महंगे उपहारों की मांग की जाती थी। गर्भावस्था के दौरान भी उसे पोषण युक्त भोजन नहीं दिया गया और उसे लगातार प्रताड़ित किया गया। बेटी के जन्म के बाद ससुरालवालों ने असंतोष व्यक्त किया और उसका व्यवहार और भी खराब हो गया। उसकी सास ने उसके सारे गहने अपने पास रख लिए और उसे क्रेडिट या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करने से भी रोक दिया गया। दिंडोशी पुलिस ने हर्षवर्धन जैन, सास निर्मला जैन और ससुर नरेंद्र जैन के खिलाफ दहेज निषेध अधिनियम 1961 की धारा 4 और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 3(5), 316(2), 351(2), और 85 के तहत मामला दर्ज किया है। देश में दहेज निषेध कानून लागू हुए पांच दशक हो चुके हैं, फिर भी दहेज से जुड़ी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही। अकेले मुंबई में हर दिन कोई न कोई मामला सामने आता है।


Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

Mutual Fund Investor Awareness Program

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
|---|---|---|
| 05th June, 2025 | 06:30 PM | Pune |

Venue: Hotel Kalasagar, Old Mumbai Pune Hwy, Opp Sbi Treasury Branch, Midc, Kasarwadi, Pune, Pimpri Chinchwad, Maharashtra - 411034.

Name: Rishabh shroff | Mob. No.: 8976969241

Nippon Life India Asset Management Limited | CIN : L65910MH1995PLC220793

Good gets better

Mutual Fund investments are subject to market risks, read all scheme related documents carefully.


# कोलाबा में फ्री पार्किंग, वाहन चालकों से अवैध वसूली करने वाला गिरफ्तार



**मुंबई।** मनपा के 'ए' वॉर्ड कार्यालय के अंतर्गत आने वाले कोलाबा परिसर में 10 पार्किंग स्थल फिलहाल मुफ्त किया गया है। इसके बावजूद पे अँड पार्क' स्थल पर वाहन चालकों से अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूलने का काम किया जा रह था। मनपा ने अवैध वसूली करने वाले को गिरफ्तार किया है। बता दें कि मनपा ने 10 पार्किंग स्थल को पे एंड पार्किंग के लिए फ्री किया हुआ है। इसी में से एक फोर्ट स्थित नागिंदास मास्टर लेन, सेंट्रल टेलीग्राफ ऑफिस स्थित 'पे अँड पार्क' स्थल पर वाहन चालकों से अवैध रूप से पार्किंग शुल्क वसूलने वाले एक व्यक्ति को पकड़ा। मनपा ने अवैध वसूली को लेकर पुलिस को शिकायत की थी जिसके आधार पर कार्रवाई हुई। पुलिस ने अवैध वसूली कर रहे शुभम रामबाबू जायसवाल (28) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराया। वह ड्राइवरों से पैसे लेते हुए पकड़ा गया। अधिकारियों ने बताया कि उसके खिलाफ पहले से ही कई शिकायतें दर्ज थीं। मनपा ने नया ठेकेदार अब तक नियुक्त नहीं किया है। मनपा ने कहा है कि जब तक नया ठेकेदार नियुक्त नहीं होता तब तक के लिए पार्किंग निशुल्क रहेगी।

मंडप के एक अधिकारी ने बताया की गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे मनपा का एक अधिकारी जब सेंट्रल बैंक के पास नागिंदास मास्टर लेन पर निगरानी कर रहा था तब उसने शुभम जायसवाल को कार चालकों से अवैध रूप से पार्किंग शुल्क लेते हुए देखा। यह न सिर्फ वाहन चालकों के साथ धोखाधड़ी थी बल्कि मनपा को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा था। अधिकारी ने उससे नाम और पता पूछा, तो उसने खुद को शुभम रामबाबू जायसवाल बताया।

# राज्य में एटीएस की 22 जगहों पर छापेमारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने ठाणे जिले के पाडघा-बोरीवली परिसर में सोमवार को 22 जगहों पर छापेमारी के बाद दो अलग-अलग एफआईआर आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज की हैं। इस अभियान में हिरासत में लिए गए संदिग्धों को पूछताछ के बाद रिहा कर दिया गया है। एटीएस सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई साकिब अब्दुल हमीद नाचन से जुड़े कट्टरपंथी तत्वों की गतिविधियों की गुप्त जानकारी के आधार पर की गई थी। साकिब नाचन प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का पूर्व पदाधिकारी रह चुका है और आईएसआईएस महाराष्ट्र मॉड्यूल मामले में भी प्रमुख आरोपी है। एटीएस को इनपुट मिला था कि उसके समर्थक एक बार फिर सक्रिय होकर देशविरोधी गतिविधियों की योजना बना रहे हैं। ठाणे ग्रामीण पुलिस के सहयोग से एटीएस ने सोमवार को बड़े पैमाने पर समन्वित सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान कुछ ठिकानों से घातक हथियार बरामद किए गए। जब्त हथियारों के आधार पर मंगलवार को दो व्यक्तियों पर आर्म्स एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज किया गया है। बरामद किए गए हथियारों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। एटीएस इस मामले में साजिश के दायरे और गहराई की जांच कर रही है।


जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री. हेमराज बागुल

माहिती व जनसंपर्क संचालनालय, महाराष्ट्र शासन



मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल

(महाराष्ट्र गृह निर्माण एवं क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक क्षेत्रीय इकाई)

म्हाडा MHADA

टेली. नं. - 022-66405432, ई-मेल : eewest.msib@mhada.gov.in

संदर्भ क्र. ईई/पश्चिम/एमएसआईबी/ई-निविदा/69/2025-26

ई-निविदा सूचना क्र. 69

कार्यकारी अभियंता (पश्चिम) डिवीजन, मुंबई झोपडपट्टी सुधार मंडल, (म्हाडा की इकाई), कमरा नं. 537, 4थी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई – 400 051 फोन नंबर (022) 66405432 द्वारा म्हाडा तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग, मुंबई के साथ पंजीकृत बेरोजगार अभियंता से ऑनलाइन ई-निविदा प्रणाली के जरिये बी1 प्रपत्र (प्रतिशत दर) में 8 कार्यों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत निविदा दस्तावेज महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in पर उपलब्ध हैं और यहां से डाउनलोड किये जा सकते हैं. बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किये जा सकते हैं. निविदा अनुसूची निम्नानुसार है.

| अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि | अ. क्र. | चरण विवरण | समयावधि की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दस्तावेज बिक्री का प्रारंभ | 06.06.2025 को सुबह 10.30 बजे | 2 | दस्तावेज बिक्री का समापन | 13.06.2025 को दोप. 3.00 बजे |
| 3 | तकनीकी बोली का खुलना | 16.06.2025 को दोप 3.05 बजे से | 4 | मूल्य बोली का खुलना | 17.06.2025 को सुबह 10.30 बजे से |

सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण दर्शाये किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है. शर्तयुक्त प्रस्तावों को स्वीकार नहीं किया जायेगा.

टिप्पणी 1. कृपया वेबसाइट पर विस्तृत निविदा सूचना का अवलोकन करें.
टिप्पणी 2. कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि है तो उसे केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा.

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/449

हस्ता./-
कार्यकारी अभियंता (प),
एमएसआईबी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा - गृहनिर्माण क्षेत्रातील देशातील अग्रगण्य संस्था


# महायुति के मंत्रियों में जनता दरबार की होड़





**मुंबई।** विधानसभा चुनाव की तरह मुंबई मनपा चुनाव सहित राज्य में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के लिए महायुति सक्रिय हो गई है। सीधे जनता से जुड़ने और उनसे संवाद साधने के लिए पार्टी कार्यालय में महायुति के मंत्रियों के जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा- शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में मंत्रियों के जनता दरबार को लेकर प्रतिस्पर्धा है। कौन पार्टी कितने मंत्री का जनता दरबार आयोजन कर रही है। जनता दरबार में आने वाले पीड़ित जनता की समस्या का समाधान किया जाता है। तीनों पार्टियों के मंत्रियों का जनता की समस्या को सुनने और उसका समाधान करने का अलग -अलग तरीका है।

**भाजपा का जनता दरबार ने पकड़ा जोर**

केंद्र और राज्य की सरकार में बड़े भाई की भूमिका निभाने वाली भाजपा का जनता दरबार ने जोर पकड़ लिया है। पिछले दो महीने से लगातार भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा के मंत्रियों का जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। राज्य में महायुति की सरकार बनने के बाद भाजपा कार्यालय में राज्य की पर्यावरण मंत्री पंकजा मुंडे से जनता दरबार के कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी इसके बाद हर सप्ताह में करीब दो से तीन मंत्रियों की जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। बीते सोमवार को मंत्री नितेश राणे, मंगलवार को राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और वन मंत्री गणेश नाईक जबकि बुधवार को श्रम मंत्री आकाश फुंडकर का जनता दरबार का आयोजन किया गया था।

**शिंदे के मंत्रीयों का जनता दरबार पड़ा ठंडा**

एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री रहते हुए शिवसेना के मंत्री जनता दरबार को लेकर सक्रिय थे। बालासाहेब भवन में सप्ताह में कारण तीन से चार दिन शिवसेना के मंत्रियों का जनता दरबार आयोजन किया जाता था लेकिन साल 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद बनी भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में देवेंद्र फडणवीस के सीएम बनने और शिंदे के उपमुख्यमंत्री बनने के बाद शिवसेना के मंत्रियों का जनता दरबार ठंडा पड़ गया है।

**राकांपा का जनता दरबार जारी**

महायुति की सहयोगी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों का लगातार जनता दरबार शुरू है पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सप्ताह में करीब तीन से चार दिन मंत्रियों के जनता दरबार का आयोजन किया जाता है कभी -कभी एक -एक दिन में दो से तीन मंत्री का जनता दरबार आयोजन किया जाता है।


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

निविदा सूचना

**निविदा सूचना क्र.:** WRSR-09-25-26-DPT-MPT दिनांक: 30.05.2025
**कार्य का नाम:** एक वर्ष की अवधि के लिए WRS/R में बोगी और सीबीसी घटकों की डाई पेनेट्रेंट टेस्टिंग (डी.पी.टी.) और चुंबकीय कण परीक्षण (एम.पी.टी.) में सफाई/तैयारी और सहायता में कार्य के लिए कार्य अनुबंध। **मात्रा और संविदात्मक अवधि:** संलग्नक के अनुसार, 12 (बारह) माह की अवधि हेतु, **अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹32,92,070.40 (रु. बत्तीस लाख बानवे हजार सत्तर व चालीस पैसे मात्र) 18% GST सहित, **बयाना राशि:** ₹ 65,900.00 (रु. पैंसठ हजार नौ सौ मात्र), **निविदा दस्तावेज लागत:** ₹0.00, **बिड प्रारंभ की तारीख:** दिनांक 09.06.2025, **निविदा समाप्ति तिथि और समय:** दिनांक 23.06.2025 को 15:00 बजे, **पात्रता मापदंड:** वेबसाइट पर देखा जा सकता है।
इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है व देखा जा सकता है।

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता,
वैरिशा, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे,
रायपुर

PR/R/WRS/FL/55

South East Central Railway @secrail



कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

बांधकाम विभाग

निविदासुचना क्र. १७ (२०२५-२६)

प्रशासक, कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका हे कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका क्षेत्रातील खालील १ कामांकरीता B-1 नमुन्यात योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून ई-निविदा मागवित आहेत.

कोरे निविदा फॉर्म व निविदेबाबतच्या सर्व अटी शर्तीची संपूर्ण माहिती महाराष्ट्राचे www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर दि. ५/६/२०२५ ते दि. १२/०६/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत उपलब्ध होईल. भरण्यात आलेल्या निविदा हया दि. १२/०६/२०२५ रोजी दुपारी ३.०० वाजेपर्यंत वरील संकेतस्थळावर अपलोडकरणेत याव्यात. प्राप्त निविदा दि. १३/०६/२०२५ रोजी दुपारी ४.०० वाजता शक्य झाल्यास उघडण्यात येतील.

कोणत्याही कारणास्तव एक किंवा सर्व निविदा रद्द करण्याचा अधिकार प्रशासकांनी राखून ठेवला आहे, याबद्दलचा त्यांचा निर्णय अंतिम व सर्व निविदाधारकांना बंधनकारक राहील.

निविदेबाबतची अधिक माहिती www.mahatenders.gov.in या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.

जा.क्र. कडोंमपा/जसंवि/मुका/१७३
दिनांक - ०४/०६/२०२५

सही/-
शहर अभियंता
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका,
कल्याण.

मी भारताचे भविष्य आहे, मी आता मतदार आहे !

# नए रास्ते पर जाना ही पड़ेगा!

भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव फिलहाल कम होने का नाम नहीं ले रहा है। भारत की बहादुर सेना से बुरी तरह से मात खाने के बावजूद पाकिस्तान का बड़बोलापन जारी है। भारत जैसे ताकतवर देश के लिए पाकिस्तान कोई बड़ी चुनौती नहीं है लेकिन वह आतंकवाद को अपनी विदेश नीति का अभिन्न अंग बना चुका है। ऐसे में सब कुछ जानने और समझने के बावजूद दुनिया के कई देशों का विचित्र रवैया काफी हैरान करने वाला है। चीन के डर को तो समझा जा सकता है क्योंकि उसने भारत के एक बड़े भूभाग पर अवैध कब्जा किया हुआ है। चीन को हमेशा यह डर सताता रहता है कि ताकतवर भारत उससे अपनी भूमि वापस ले लेगा जिससे उसके मंसूबे धरे के धरे रह जाएंगे। लेकिन दुनिया के सबसे ताकतवर लोकतांत्रिक देश अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का रवैया काफी हैरान करने वाला है। भारत के प्रधानमंत्री ने पिछले राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका जाकर डोनाल्ड ट्रंप के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस बार डोनाल्ड ट्रंप की जीत में अमेरिका में रह रहे भारतीय मूल के लोगों की बड़ी भूमिका रही है। भारत दुनिया का सबसे विशाल और प्राचीन लोकतांत्रिक देश है और इस नाते अमेरिका का हर नेता भारत के महत्व को अच्छी तरह से समझता है। विश्व शांति, जलवायु परिवर्तन और वैश्विक व्यापार सहित शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा,जिसमें भारत ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका ना निभाई हो। वर्ष 1947 में आजाद होने के बाद से ही भारत की सभी सरकारों ने बातचीत,संवाद और शांति की हमेशा वकालत की। भारत के बिना आज किसी भी अंतर्राष्ट्रीय संगठन की सफलता सुनिश्चित नहीं हो सकती लेकिन इसके बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने बयानों और फैसलों से भारत के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा कर रहे हैं। चुनाव के बल पर अमेरिका में दूसरी बार राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप इस बात को बखूबी समझते हैं कि उनके हर बयान का असर भारत की घरेलू राजनीति पर पड़ता है। लेकिन इसके बावजूद वह लगातार, दुनियाभर में घूम-घूम कर यह दावा कर रहे हैं कि उन्होंने व्यापार रोकने की धमकी देकर भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम करवाया था। भारत द्वारा इनकार करने के बावजूद ट्रंप चुप होने को तैयार नहीं है और हर बार उनका बयान देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए असहज स्थिति पैदा करता हुआ नजर आता है। भारत में कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी राजनीतिक दल डोनाल्ड ट्रंप के बयानों का हवाला देते हुए मोदी सरकार पर सरेंडर करने का आरोप लगा रहे हैं। देश के 16 विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं ने एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर, इन तमाम मसलों पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। भारत की घरेलू राजनीति में मचे बवाल के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार अपने दावे को दोहरा रहे हैं और इससे यह बात साफ होती जा रही है कि वह अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भारत की साख का अपने फायदे के लिए दुरुपयोग करना चाहते हैं। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक ने तो खुलकर कह दिया है कि भारत द्वारा रूस से सैन्य साजो-सामान खरीदने और ब्रिक्स समूह ( जिसमें भारत के अलावा ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल है) में शामिल होने के कारण अमेरिका भारत से नाराज है। यहां यह बात याद रखने वाली है कि आजादी के बाद अमेरिका और सोवियत संघ रूस के नेतृत्व में बंटे दो ध्रुवीय विश्व में भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ही गुटनिरपेक्ष आंदोलन की नींव रखकर भारत के स्टैंड को साफ कर दिया था। लेकिन इस स्टैंड के बावजूद संकट के समय पर पहले सोवियत संघ रूस ने और बाद में रूस ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया। जबकि अमेरिका ने ऐसे हर मौके पर पाकिस्तान का साथ दिया, उसे हथियार दिए, सैन्य साजो सामान दिए। यहां तक कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान को आतंकवादियों का गढ़ तक बनने दिया। हर तरह से भारत के लिए मुश्किलें पैदा करने वाला अमेरिका एक बार फिर से पाकिस्तान के साथ ही खड़ा होता हुआ नजर आ रहा है। भारत ने कई दशकों तक चले प्रयासों के कारण अपने आपको पाकिस्तान से कहीं ज्यादा आगे खड़ा कर दिया था लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति और उनकी सरकार भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही तराजू के दो पलड़ो पर खड़ा करने की नापाक कोशिश कर रही है। अमेरिका के इस रवैए से तस्वीर बिल्कुल साफ होती हुई नजर आ रही है कि भारत को अपनी लड़ाई अब खुद ही लड़नी होगी। पूरा विश्व तेजी से बदल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में भारत की वैश्विक मित्रता और मानवता के प्रति समर्पण को रेखांकित किया। म्यांमार में आए भूकंप के बाद 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत भारत की त्वरित सहायता, इथियोपिया में प्रवासी भारतीयों द्वारा बच्चों के इलाज की पहल, और अफगानिस्तान व नेपाल को वैक्सीन व दवाइयों की आपूर्ति जैसे प्रयासों का जिक्र करते हुए पीएम ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को जीवंत किया। इसके साथ ही, आपदा प्रबंधन में 'सचेत ऐप' की उपयोगिता पर जोर देकर उन्होंने तकनीक और सतर्कता के महत्व को भी उजागर किया। पीएम मोदी ने कहा, "पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप की खौफनाक तस्वीरें आपने जरूर देखी होंगी। भूकंप से वहां बहुत बड़ी तबाही हुई, मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के हमारे भाई-बहनों के लिए तुरंत 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया। वायु सेना के विमान से लेकर नौसेना के जहाज म्यांमार तक की मदद के लिए रवाना हो गए। वहां भारतीय टीम ने एक फील्ड हॉस्पिटल तैयार किया है। इंजीनियरों की एक टीम ने अहम बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर को हुए नुकसान का आकलन करने में मदद की। भारतीय टीम ने वहां कंबल, टेंट, स्लीपिंग बैग, दवाइयां, खाने-पीने के सामान के साथ ही और भी बहुत सारी चीजों की सप्लाई की। इस दौरान भारतीय टीम को वहां के लोगों से बहुत सारी तारीफ भी मिली।"

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*किया सरेंडर शब्द से सेना का अपमान*  
*उबल रहा है क्रोध से , सारा हिंदुस्तान*  
*सारा हिंदुस्तान, उधर चिंचियाएं पाकी*  
*और इधर से चीख रहा पप्पू नापाकी*  
*कह सुरेश उस्तरा पा गया है यदि बंदर*  
*जीती सेना को बोलेगा किया सरेंडर*

# बर्बाद बांग्लादेश बन रहा एक नई मुसीबत

> चीन और आतंकवादियों के समर्थन से सत्ता में आये युनुस भारत के खिलाफ चीन के साथ समझौते कर रहे हैं जो कि भारत के लिए बेहद गंभीर मामला है। चिकन नेक से लगभग 20 किलोमीटर दूर चीन का अड्डा होना भारत के लिये खतरे की घंटी है। वहीं दूसरी तरफ भारत गैरकानूनी रूप से भारत में घुसे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को वापिस भेज रहा है। इससे भी बांग्लादेश नाराज दिखाई दे रहा है।

भारत का ये दुर्भाग्य है कि वो ऐसे देशों से घिरा हुआ है जो आर्थिक और राजनीतिक रूप से बर्बादी की ओर जा रहे हैं। पाकिस्तान तो अपनी पैदाइश से ही भारत का दुश्मन देश रहा है या यूं कहो कि उसकी पैदाइश ही भारत विरोध में हुई थी और वो उसी राह चल रहा है। पाकिस्तान तो ऐसा देश है जो हर हाल में भारत की तबाही चाहता है फिर चाहे इस चक्कर में वो खुद ही क्यों न बर्बाद हो जाये। श्रीलंका अपनी आर्थिक नीतियों के कारण बर्बाद हो चुका है लेकिन भारत की मदद से किसी तरह चल रहा है। नेपाल की आर्थिक हालत शुरू से खराब है और अफगानिस्तान तो पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द रहा है। पाकिस्तान से टूटकर बने बांग्लादेश से भारत के हमेशा मधुर सम्बन्ध रहे हैं, विशेष तौर पर अवामी लीग अध्यक्ष शेख हसीना के शासन काल में ये संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। इसके बावजूद यह भी सच है कि बीएनपी की नेता खालिदा जिया के शासन में भी एक संतुलन कायम रहा है। शेख मुजीबुर्रहमान ने भारत की मदद से बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजाद करवाया था, इसलिए उन्हें बांग्लादेश का राष्ट्रपिता भी कहा जाता है। शायद यही कारण है कि उनकी पुत्री शेख हसीना के शासनकाल में भारत के बांग्लादेश से अच्छे सम्बन्ध रहे हैं। शेख हसीना ने भारत से सम्बन्धों का भरपूर लाभ उठाया और बांग्लादेश को विकास के रास्ते पर ले गई। एक ऐसा भी समय आया जब बांग्लादेश प्रति व्यक्ति आय के मामले में भारत से आगे निकल गया। उन्होंने बांग्लादेश को पाकिस्तान से बेहतर देश बनाने की कोशिश की लेकिन मोहम्मद युनुस ने चीन और अमेरिका की मदद से उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। तब से बांग्लादेश से भारत के लिए अच्छी खबर नहीं आ रही हैं। एक ऐसा देश जो भारत के लिए ज्यादा समस्या नहीं था, वो देश धीरे-धीरे भारत के लिए समस्या बनता जा रहा है। युनुस के शासन में बांग्लादेश अराजकता की ओर जा रहा है और अब वहां सत्ता के लिए संघर्ष शुरू हो गया है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की राजनीतिक पार्टी अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया गया है और उनके पिता शेख मुजीबुर्रहमान की यादों को मिटाया जा रहा है। शेख मुजीबुर रहमान को राष्ट्रपिता की जगह एक खलनायक बनाया जा रहा है जैसे उन्होंने पाकिस्तान से अलग देश बनाकर कोई गलती कर दी हो। मोहम्मद यूनुस की सरकार दस महीने से शासन कर रही है लेकिन हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है। अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में योगदान को लेकर नोबेल शांति पुरस्कार पाने वाले मोहम्मद यूनुस के शासन में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था लगातार गर्त में जा रही है। वास्तव में अर्थव्यवस्था के लिये कानून व्यवस्था बेहतर होनी चाहिए लेकिन यूनुस तो देश को अराजकता की ओर ले जा रहे हैं। वो एक तरफ लोकतांत्रिक संस्थाओं को खत्म कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कट्टरपंथी ताकतों को हवा दे रहे हैं। उनके कारण ही बांग्लादेश के कट्टरपंथी बांग्लादेशी हिंदुओ का उत्पीड़न कर रहे हैं। यूनुस चीन, अमेरिका और पाकिस्तान के हाथों में खेल रहे हैं और बांग्लादेश को लगातार भारत से दूर ले जा रहे हैं। पहले ही चीन के कर्ज में डूबे बांग्लादेश को धीरे-धीरे पूरी तरह से चीनी कर्ज के जाल में फंसाते जा रहे हैं। बांग्लादेश में मुद्रास्फीति लगातार ऊपर जा रही है। विदेशी मुद्रा भंडार नीचे की ओर जा रहा है क्योंकि देश के निर्यात लगातार कम हो रहे हैं। देश की बिगड़ती अर्थव्यवस्था को बचाने के लिए मोहम्मद यूनुस को सिर्फ चीन से कर्ज लेना ही एकमात्र रास्ता दिखाई दे रहा है लेकिन यही भारत की बड़ी समस्या बन सकता है। पाकिस्तान की तरह बांग्लादेश भी चीन का गुलाम बन सकता है और इसका इस्तेमाल चीन भारत के खिलाफ रणनीतिक फायदे के लिए कर सकता है। बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट ने कट्टरपंथी संगठन जमात-ए-इस्लामी का पंजीकरण बहाल कर दिया है। ये संगठन ही हिंदुओं के उत्पीड़न के पीछे है, पाकिस्तान समर्थक और भारत विरोधी सोच रखता है। इस संगठन को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश विरोधी गतिविधियों के कारण प्रतिबंधित कर दिया था। ये संगठन बांग्लादेश के पाकिस्तान से अलग होने का गलत मानता है और कहा जाता है कि इसने बांग्लादेश निर्माण के समय पाकिस्तान का साथ दिया था। मोहम्मद यूनुस ने इस संगठन के ऊपर से प्रतिबंध हटा दिया था और इसका पंजीकरण बहाल होने के पीछे भी इसी सरकार का समर्थन है । बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने शेख हसीना पर पिछले साल हुई हिंसा के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है जिससे भारत के लिए भी समस्या खड़ी हो सकती है क्योंकि शेख हसीना को बांग्लादेश भेजने की मांग जोर पकड़ सकती है । जिस पाकिस्तान ने लाखों बांग्लादेशियों की हत्या की थी, आज युनुस सरकार उसी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रही है। कितनी अजीब बात है कि बांग्लादेश को आज पाकिस्तान दोस्त नजर आ रहा है और उसे बचाने वाला भारत दुश्मन दिखाई दे रहा है। खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी ने पिछले हफ्ते ढाका में एक विशाल रैली का आयोजन किया और दिसम्बर तक चुनाव कराने की मांग की तो दूसरी तरफ सेना भी चाहती है कि बांग्लादेश में दिसम्बर तक चुनाव हो जायें। अगर चुनाव हो जाते हैं तो अवामी लीग की अनुपस्थिति में बीएनपी के सत्ता में आने की उम्मीद है लेकिन समस्या यह है कि मोहम्मद युनुस अभी चुनाव नहीं कराना चाहते हैं। उन्हें पता है कि अगर चुनाव हुए तो उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ेगा। उनका लोकतंत्र विरोधी चेहरा सामने आ गया है। उनके मासूम चेहरे के पीछे बैठा तानाशाह अब दिखाई देने लगा है। जमात-ए-इस्लामी और छात्र संगठन मोहम्मद युनुस का साथ दे रहे हैं कि वो चुनाव न करवायें। मोहम्मद युनुस को पाकिस्तान, चीन और अमेरिका के साथ-साथ देश में बैठे कट्टरपंथियों का पूरा समर्थन है क्योंकि युनुस के समर्थन से सभी अपना खेल खेल रहे हैं। पाकिस्तान के एक आतंकवादी नेता ने दावा किया है कि शेख हसीना को हटाने के पीछे उनका भी हाथ है। चीन और आतंकवादियों के समर्थन से सत्ता में आये युनुस भारत के खिलाफ चीन के साथ समझौते कर रहे हैं, हालांकि सेना ने इसमें टांग अड़ा दी है कि ऐसे फैसले लेने का अधिकार उनके पास नहीं है। ऐसे फैसले लेने के लिए निर्वाचित सरकार का इंतजार करना चाहिए। सेना को लगता है कि युनुस बांग्लादेश की सम्प्रभुता के साथ समझौता करके चीन से हाथ मिला रहे हैं। सेना यह भी नहीं चाहती कि बांग्लादेश पूरी तरह से भारत से कटकर चीन की गोद में चला जाए। भारत के लिए संवेदनशील चिकन नेक के पास लालमोनिरहट में चीन एयरबेस बनाने जा रहा है, जो कि भारत के लिए बेहद गंभीर मामला है।



**– राजेश कुमार पासी**

# भारत के पवित्र धामों में प्रमुख रामेश्वरम

भारत के चार प्रमुख पवित्र तीर्थ स्थलों, चार धामों- बद्रीनाथ, जन्नाथपुरी, द्वारका और रामेश्वरम की यात्रा करने से मोक्ष प्राप्ति की मान्यता होने के कारण चार धामों के साथ करोड़ों भारतीयों की आस्था जुड़ी हुई है। इस विश्वास के कारण प्रतिवर्ष करोड़ों लोग इन पवित्र स्थलों की यात्रा करते हैं। इन स्थलों पर अवस्थित मंदिरों, देव स्थलों, जलाशयों पर स्नान- ध्यान, पूजा- अर्चना, आराधना- उपासना, दान -पुण्य करते हैं। इन चार धामों में तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित रामेश्वरम मंदिर का अपना अलग व विशिष्ट महत्व है। उत्तर भारत में काशी की मान्यता, महता के समान ही दक्षिण भारत में चेन्नई से लगभग सवा चार सौ मील दक्षिण-पूर्व में अवस्थित रामेश्वरम् की है। हिन्द महासागर और बंगाल की खाड़ी से चारों ओर से घिरा हुआ यह सुंदर शंख आकार का द्वीप पहले भारत की मुख्य भूमि के साथ जुड़ा हुआ था, परंतु बाद में सागर की लहरों के द्वारा इस मिलाने वाली कड़ी को काट डाले जाने से वह चारों ओर पानी से घिरकर टापू बन गया। इसी स्थल पर भगवान श्रीराम ने लंका पर चढ़ाई करने से पूर्व पत्थरों के सेतु का निर्माण करवाया था, जिस पर चढ़कर वानर सेना लंका पहुंची व वहां विजय पाई। बाद में श्रीराम ने विभीषण के अनुरोध पर धनुषकोटि नामक स्थान पर यह सेतु तोड़ दिया था। वर्तमान में भी इस 30 मील अर्थात 48 किलोमीटर लंबे आदिसेतु के अवशेष सागर में दिखाई देते हैं। इस स्थान की महता के कारण कालांतर में यहां पर मंदिर और अन्य निर्माण किए गए। रामनाथ के मंदिर में रखे गए एक ताम्रपट से पता चलता है कि 1173 ईस्वी में श्रीलंका के राजा पराक्रम बाहु ने मूल लिंग वाले गर्भगृह का निर्माण करवाया था। उस मंदिर में अकेले शिवलिंग की स्थापना की गई थी। देवी की मूर्ति नहीं रखी गई थी, इस कारण वह निःसंगेश्वर का मंदिर कहलाया। यही मूल मंदिर आगे चलकर वर्तमान दशा को पहुंचा है। मंदिर के गोपुरम का निर्माण प्रमुख रूप से रामनाड वर्तमान रामनाथपुर के सेतुपती राजघराने एवं नागूर निवासी एक वैश्य ने मिलकर करवाया। वर्तमान का मंदिर वर्ष 1414 में उदयन सेतुपती राजा ने लंका के राजाधिपति परराजशेखर की सहायता से बनाया था



और अगले साढ़े तीन सौ वर्षों तक सेतुपती घराने के राजपुरुषों ने ही इसका विस्तार किया। सोलहवी सदी में मंदिर के दक्षिण के दूसरे हिस्से की दीवार का निर्माण एवं नंदी मंडप बनवाया गया। फिर सत्रहवीं सदी में रघुनाथ किलावन और राजा किजहावन सेठुपति ने चार धामों में से एक रामेश्वरम मंदिर का निर्माण करवाया गया। भगवान की पहली पूजा इसी राजघराने की होती है। यहां के उपाध्याय महाराष्ट्रीय ब्राह्मण हैं। इस मंदिर में माता सीता का स्थापित शिवलिंग और भगवान हनुमान द्वारा कैलाश पर्वत से लाए गए दो लिंग मौजूद है। रामेश्वरम मंदिर के तीसरे प्रकार का गलियारा विश्व का सबसे लंबा गलियारा माना जाता है। पौराणिक ग्रंथों में रामेश्वरम का नाम गंधमादन पर्वत कहा गया है। यहां पर ही भगवान श्रीराम ने नवग्रह की स्थापना की थी। सेतुबंध यहां से ही शुरु हुआ है। सेतुबंध की शुरुआत भी यहीं से की गई थी। इस मंदिर के थोड़े ही दूर में जटा तीर्थ नामक एक कुंड है, जहां पर श्री राम ने लंका में रावण से युद्ध करने के बाद अपने बाल धोए थे। इस स्थल पर ही माता दुर्गा ने महिषासुर का वध किया था। मान्यतानुसार रामेश्वरम तीर्थ स्थल में डुबकी लगाने से सारी बीमारियां दूरी हो जाती है और समस्त पापों से मुक्ति मिलती है। दक्षिण भारत में बना यह मंदिर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर रामनाथ स्वामी मंदिर और रामेश्वरम द्वीप के नाम से भी प्रसिद्ध है। अगस्त्य ऋषि और अन्य ऋषि- मुनियों के द्वारा प्रभु श्रीराम को सागर तीर पर ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के मुहूर्त पर शिवलिंग की स्थापना करने का आदेश दिए जाने के कारण वर्तमान में यहां पर प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को सेतुबंध रामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस मनाया जाता है।

भारत के दक्षिण-पूर्व किनारे पर बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर के संगम स्थल पर स्थित महत्त्वपूर्ण तीर्थक्षेत्र पवित्र धाम रामेश्वरम का इतिहास और इसकी स्थापना की कथा त्रेतायुगीन भगवान श्रीराम की लंका गमन व लंका विजय पश्चात वापसी की कथा से जुड़ी हुई है। रामायण महाकाव्य के अनुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार श्रीराम ने श्रीलंका में राक्षस राज रावण के विरुद्ध युद्ध के समय अज्ञानता में भी हुए किसी भी पाप से मुक्ति के लिए यहां शिव से प्रार्थना की थी। रामेश्वर के दर्शन का भारतीय संस्कृति में विशेष महत्त्व है। वर्तमान में सेतुबंध रामेश्वर स्थल पर रामेश्वरम में रामनाथस्वामी मंदिर है। यह मंदिर रामनाथ स्वामी मंदिर के साथ ही रामेश्वरम द्वीप के नाम से भी प्रसिद्ध है। मंदिर में विशालाक्षी माता के गर्भ-गृह के निकट ही विभीषण द्वारा स्थापित नौ ज्योतिर्लिंग भी हैं। रामायण व पौराणिक कथा के अनुसार रावण के वध के उपरांत अगस्त्य ऋषि ने प्रभु श्रीराम को ब्रह्महत्यानिरसनार्थ सागर तीर पर अन्य कोई शिवस्थल नहीं होने के कारण ज्येष्ठ शुक्ल दशमी के मुहूर्त पर शिवलिंग की स्थापना करने का आदेश दिया। इस कार्य के लिए हनुमान भगवान शिव का दिव्य लिंग लाने के लिए कैलाश गए, परंतु भगवान शिव के दर्शन न होने से उन्होंने वहां तप आरंभ कर दिया। कुछ काल के पश्चात भगवान शिव ने प्रकट होकर हनुमान को अपना दिव्य लिंग दिया। इस प्रक्रिया में विलंब होने से हनुमान मुहूर्त के समय तक नहीं पहुंच सके। इसलिए माता सीता ने एक वालुकामय लिंग अर्थात बालू से निर्मित लिंग बनाकर दिया। ऋषियों के आदेशानुसार श्रीराम ने फिर सीता द्वारा मृदनिर्मित लिंग की ही स्थापना कर दी। इसे ही रामेश्वरलिंग कहा जाता है। स्थानीय लोग उसे रामनाथस्वामी कहते हैं। कथा के अनुसार वापस पहुंचने पर जब हनुमान ने श्रीराम द्वारा स्थापित लिंग को देखा तो उन्हें बहुत दुःख हुआ। इस पर श्रीराम ने हनुमान से स्वस्थापित लिंग के समीप ही उनके द्वारा लाए गए लिंग की स्थापना करने का आदेश देते हुए कहा कि उनके द्वारा स्थापित इस लिंग के दर्शन लिए बिना श्रद्धालुओं को रामेश्वरदर्शन का फल नहीं मिलेगा।

**– अशोक प्रवृद्ध**

# कर्ज, महंगाई और टूटते सपने

भारतीय अर्थव्यवस्था की तेज रफ्तार जहां एक ओर पूरी दुनिया को अचंभित करती है, वहीं एक कड़वा सच यह भी है कि करोड़ों परिवार आज भी बहुत मुश्किल से अपना घर चला पा रहे हैं। इनमें से अनेक लोगों को विश्वास है कि वे कर्ज लेकर व्यापार करेंगे, तो अधिक पैसे कमाएंगे और बेहतर भविष्य बनाएंगे। दूसरी ओर, कुछ को लगता है कि भविष्य के बारे में ज्यादा सोचने के बजाय उन्हें वर्तमान में जी लेना चाहिए। मगर स्वास्थ्य और शिक्षा पर खर्च बढ़ने से उनकी चुनौतियां भी लगातार बढ़ रही हैं। महंगाई और घटती आय की वजह से उनमें निराशा है। उनकी उम्मीदें टूटी हैं। चिंता का विषय है कि बैंकों का बकाया न चुकाने के कारण कई परिवार कर्ज में इस तरह डूब जाते हैं, जहां से निकलना उनके लिए संभव नहीं होता। कुछ लोग आत्महत्या जैसे घातक कदम उठा लेते हैं। हरियाणा के पंचकूला में एक ही परिवार के सात लोगों की खुदकुशी ऐसा ही मामला है। सच्चाई यही सामने आई है कि इस परिवार पर बैंक का बहुत सारा पैसा बकाया था, जिसे चुकाना उसके लिए मुश्किल हो गया था। कर्ज में डूबा परिवार रोजमर्रा की जरूरतें भी पूरी नहीं कर पा रहा था। अगर देश के नागरिक घर और वाहन खरीदने के लिए कर्ज ले रहे हैं, तो निश्चित रूप से इसके पीछे बेहतर रोजगार और अच्छी आय की संभावनाएं छिपी हैं। युवाओं के कर्ज में डूबने के कई कारण हैं, जैसे कि शिक्षा ऋण, जीवनशैली के खर्चों के लिए ऋण, और असुरक्षित ऋणों का आसान उपयोग। यह भी देखा गया है कि कम उम्र में ही लोग कर्ज लेना शुरू कर रहे हैं, जो पहले की तुलना में बहुत पहले है। शिक्षा की बढ़ती लागत के कारण युवा छात्रों को शिक्षा ऋण लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे वे भारी कर्ज में फंस जाते हैं। एजुकेशन लोन, होम लोन या हेल्थ लोन के बारे में तो आपने सुना ही होगा। हमारे माता-पिता उस समय से हैं जब वे मानते थे कि कर्ज या ' क़र्ज़ा ' एक अभिशाप है। इसके विपरीत, आज के युवा अक्सर आधुनिक और फैंसी दृष्टिकोण - क्रेडिट कार्ड और अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें (बीएनपीएल) योजनाओं का उपयोग करके हर विलासिता में लिप्त हो जाते हैं। व्यवहार में इस बदलाव के कारण भारत में क्रेडिट कार्ड बकाया राशि रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गई है, जो मार्च 2023 में 2.10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जबकि मार्च 2022 में यह 1.64 लाख करोड़ रुपये थी। यह 28% की वृद्धि दर्शाता है, जैसा कि संसद में साझा किए गए और बिजनेस टुडे द्वारा उद्धृत आंकड़ों में बताया गया है। मगर कारोबार के लिए लिया गया कर्ज कोई नहीं चुका पा रहा है, तो इस पर सोचने की जरूरत है कि विकास की तेज रफ्तार के बीच उनका कारोबार क्यों पिछड़ रहा है। अगर व्यापारी कर्ज लेकर भी लागत नहीं निकाल पा रहे हैं, तो इसके पीछे के कारणों को समझने और उनका हल निकालने की जरूरत है। इसके लिए नीति निर्माताओं को ही आगे आना होगा। यह सच भी छिपा नहीं है कि कर्ज में डूबे हजारों किसान खुदकुशी कर चुके हैं। फसलों की लागत न निकल पाने से उनमें भारी निराशा है।

आज का कार्टून




साभार

# पर्यावरण की सुरक्षा, हम सबकी जिम्मेदारी

पर्यावरण वह नींव है जिस पर मानव सभ्यता, प्रकृति और समस्त जीव-जंतुओं का अस्तित्व टिका हुआ है। पर्यावरण का एक और महत्वपूर्ण पहलू है इसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्य। भारत में नदियां, जैसे गंगा और यमुना, केवल जल स्रोत नहीं हैं, बल्कि इन्हें पवित्र माना जाता है। पहाड़ और जंगल भी कई समुदायों के लिए पूजनीय हैं। इस प्रकार, पर्यावरण का संरक्षण हमारी सांस्कृतिक विरासत को बचाने का भी एक तरीका है। आज पर्यावरण कई गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। जीवाश्म ईंधन (कोयला, तेल, और प्राकृतिक गैस) के अत्यधिक उपयोग से कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और अन्य ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है। इससे पृथ्वी का औसत तापमान बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, और मौसम के पैटर्न में बदलाव आ रहा है। भारत में, हिमालय के ग्लेशियरों का पिघलना और तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, यदि ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित नहीं किया गया, तो 2030 तक लाखों लोग जलवायु शरणार्थी बन सकते हैं। औद्योगिक उत्सर्जन, वाहनों का धुआं, और फसल अवशेषों को जलाना वायु प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। दिल्ली, जो दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक है, हर साल सर्दियों में स्मॉग की मोटी चादर से ढक जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, वायु प्रदूषण हर साल वैश्विक स्तर पर 70 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु का कारण बनता है। यह फेफड़ों की बीमारियों, हृदय रोग, और कैंसर का कारण बन रहा है। औद्योगिक कचरा, रासायनिक उर्वरक, और घरेलू अपशिष्ट नदियों, झीलों, और भूजल को दूषित कर रहे हैं। भारत में गंगा और यमुना जैसी नदियां अत्यधिक प्रदूषित हैं। समुद्रों में प्लास्टिक कचरे का जमा होना जलीय जीवन को नष्ट कर रहा है। एक अनुमान के अनुसार, 2050 तक समुद्रों में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक होगा। जंगलों को कृषि, खनन, और शहरीकरण के लिए काटा जा रहा है। भारत में, 1950 के बाद से जंगल क्षेत्र में काफी कमी आई है। वनों की कटाई से न केवल जैव-विविधता पर असर पड़ रहा है, बल्कि कार्बन अवशोषण की प्राकृतिक प्रक्रिया भी बाधित हो रही है। मानव गतिविधियों, जैसे शिकार, आवास विनाश, और प्रदूषण, के कारण कई प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। विश्व प्रकृति निधि (WWF) की एक रिपोर्ट के अनुसार, 1970 के बाद से वैश्विक स्तर पर वन्यजीव आबादी में 68% की कमी आई है। भारत में बाघ, गैंडा, और कई पक्षी प्रजातियां खतरे में हैं। प्लास्टिक कचरे का अनियंत्रित उपयोग और उसका अनुचित निपटान पर्यावरण के लिए एक बड़ी समस्या है। भारत में हर साल लाखों टन प्लास्टिक कचरा उत्पन्न होता है, जिसका अधिकांश हिस्सा लैंडफिल या समुद्र में चला जाता है। पर्यावरण संरक्षण केवल एक नैतिक दायित्व नहीं है, बल्कि यह हमारी उत्तरजीविता का प्रश्न है। यदि हम पर्यावरण की उपेक्षा करते हैं, तो हम अपने भविष्य को खतरे में डाल रहे हैं। स्वच्छ हवा, पानी, और भोजन के बिना जीवन संभव नहीं है। पर्यावरण का संरक्षण आर्थिक स्थिरता और सामाजिक समानता के लिए भी जरूरी है। उदाहरण के लिए, स्वच्छ ऊर्जा और टिकाऊ कृषि प्रथाएं न केवल पर्यावरण को बचाती हैं, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करती हैं। पर्यावरण संरक्षण का एक और महत्वपूर्ण पहलू है भविष्य की पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने बच्चों और उनके बच्चों के लिए एक स्वस्थ और टिकाऊ दुनिया छोड़ें। इसके लिए हमें अभी से कदम उठाने होंगे। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के प्रभाव पहले से ही दिखाई दे रहे हैं, और यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत व्यक्तिगत स्तर से होती है। छोटे-छोटे बदलाव हमारे दैनिक जीवन में बड़े परिणाम ला सकते हैं। जैसे बिजली का उपयोग कम करें। अनावश्यक बत्तियां और उपकरण बंद करें। ऊर्जा-कुशल उपकरण जैसे LED बल्ब और सौर ऊर्जा का उपयोग करें। सौर पैनल स्थापित करना एक दीर्घकालिक निवेश हो सकता है। पानी की बर्बादी रोकें। नल बंद करें जब उसका उपयोग न हो।

**– संदीप सृजन**

# दलित लड़की से रेप पर सियासत गरमाई

महानगर नेटवर्क

पटना



बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में दलित नाबालिग लड़की से रेप और फिर उसकी मौत के मामले पर सियासत गरमाती जा रही है। बिहार के विपक्षी दल लगातार इस मुद्दे पर नीतीश सरकार को घेर रहे हैं। अब कांग्रेस पार्टी और जनसुराज के नेताओं ने पटना में राजभवन जाकर राज्यपाल से मुलाकात की है। दोनों ही पार्टी के नेताओं ने इस मुलाकात में पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग की है। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश कुमार पार्टी नेताओं के साथ पटना स्थित राजभवन पहुंचे। यहां कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के जरिए राज्यपाल को कुढ़नी गैंग रेप के संबंध में जानकारी दी गई और फिर उनसे इस पूरे मामले में परिवार को न्याय दिलाने की गुहार लगाई गई है।

इधर जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती के नेतृत्व में भी एक प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात करने पहुंचा। इस प्रतिनिधिमंडल ने भी मुजफ्फरपुर की नौ साल की दलित लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके बाद PMCH में लापरवाही से हुई उसकी मौत के खिलाफ गवर्नर को ज्ञापन सौंपा है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मनोज भारती ने कहा कि जन सुराज पार्टी की 4 मांगें हैं। पहली मांग है कि इस पूरी घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री तुरंत इस्तीफा दें। दूसरी मांग एसकेएमसीएच और पीएमसीएच (PMCH) में हुई प्रशासनिक और चिकित्सकीय लापरवाही की न्यायिक जांच हो और दोषी कर्मियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक और आपराधिक कार्रवाई की जाए। तीसरी मांग है कि पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। चौथी मांग है कि दुष्कर्म के दोषियों को त्वरित न्याय प्रणाली के तहत सख्त से सख्त सजा मिले।

## चिराग पासवान ने सिस्टम को फेलियर बताया



बिहार के मुजफ्फरपुर में दलित बच्ची का बलात्कार और फिर इलाज में लापरवाही बरतने से उसकी जान चली जाने का मामला सियासी तूल पकड़ता जा रहा है। अब केंद्रीय मंत्री एवं लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के मुखिया चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है। चिराग ने इस मामले में सिस्टम फेल होने का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि यह मामला सामाजिक सिस्टम एवं राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी की विफलता का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर इस पर शासन मौन रहा, तो यह मौन ही सबसे बड़ा अपराध बन जाएगा। चिराग पासवान ने बुधवार को यह पत्र सीएम नीतीश कुमार को भेजा है। इसकी जानकारी लोजपा-आर ने सोशल मीडिया पर दी। इस पत्र में उन्होंने लिखा, ‘मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी में 9 साल की दलित बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना ने पूरे बिहार को झकझोर दिया। यह न केवल एक मासूम जीवन की बर्बर हत्या है, बल्कि हमारे राज्य की कानून व्यवस्था, सामाजिक चेतना और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की गहन विफलता को भी उजागर करता है।

## रेप पीड़िता की मां का इलाज करने गए डॉक्टर को पेड़ से बांध कर पीटा





बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि गया जी में एक ऐसे चिकित्सक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई जो एक रेप पीड़िता की मदद करने गए थे। तेजस्वी यादव ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें एक शख्स पेड़ से बंधा नजर आ रहा है। राजद नेता तेजस्वी यादव का दावा है कि जिस शख्स को पेड़ से बांध कर पीटा गया है वो पेशे से डॉक्टर हैं और वो रेप पीड़िता की मां का इलाज करने पहुंचे थे। लेकिन इस दौरान भीड़ ने उनकी पिटाई कर दी। तेजस्वी यादव ने इसकी तुलना तालिबान से की है। तेजस्वी यादव ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए लिखा, ‘बिहार में तालिबान से भी बदतर स्थिति है। गया जिला में बलात्कार पीड़िता की मां का इलाज करने गए डॉक्टर को आरोपियों ने पेड़ से बांधकर पीट-पीट कर खून से लथपथ कर दिया। 20 वर्षों की भ्रष्ट NDA सरकार में पुलिस और प्रशासन अपराध रोकने, अपराधियों को पकड़ने, सजा एवं न्याय दिलाने में बिल्कुल असमर्थ है इसलिए जिसकी जहां मर्जी जैसे मर्जी कानून को लोग हाथों में ले रहे है। बिहार में अराजक स्थिति है। मुख्यमंत्री अचेत है, सरकार नशे में है। अधिकारी और मंत्री खजाना लूटने में मस्त-व्यस्त तथा शासन अस्त-पस्त है।’ जानकारी के मुताबिक, यह घटना गया जी के फतेहपुर की है। फतेहपुर में ग्रामीण चिकित्सक को पेड़ से बांधकर ग्रामीणों ने बुरी तरह पीटा है। ग्रामीण चिकित्सक जितेंद्र यादव (50) गुरपा थाना क्षेत्र के हाराकुरहा गांव में एक महिला के इलाज को पहुंचे थे। हालांकि, गुरपा थाना क्षेत्र के झुरांग गांव के रहने वाले चिकित्सक पर ग्रामीणों का आरोप है कि महिला से उसके गलत संबंध हैं। आरोप है कि मंगलवार को लोगों ने उन्हें आपत्तिजनक हालत में देखा। वहीं महिला का कहना है कि दुष्कर्म के एक मामले में चिकित्सक ने उनकी मदद की थी।

# 'ऐश्वर्या से संपत्ति बचाने के लिए लालू यादव ड्रामा कर रहे'

### तेजप्रताप को लेकर जीतनराम मांझी का दावा

महानगर नेटवर्क

पटना



आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव के परिवार में चल रहे अंदरूनी विवाद पर केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। जीतन राम मांझी का कहना है कि तेज प्रताप यादव को परिवार और पार्टी से निकालने का जो नाटक किया जा रहा है, उसका असली मकसद ऐश्वर्या राय से तलाक के मामले में संपत्ति को सुरक्षित रखना है। उन्होंने आरोप लगाया कि तेज प्रताप की शादी के समय भी वह किसी अन्य महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में थे।

मांझी ने दावा किया कि लालू परिवार जानबूझकर तेज प्रताप यादव को अलग दिखाने की कोशिश कर रहा है, ताकि कोर्ट में जब गुजारा भत्ता या संपत्ति बंटवारे का मामला उठे, तो तेज प्रताप खुद को ‘कंगाल’ बता सकें। ताकि ऐश्वर्या को कुछ नहीं मिले। मांझी ने कहा, 'जब ऐश्वर्या की शादी हुई थी, उस समय भी तेज प्रताप लिव-इन में थे। ऐश्वर्या को बाद में मारपीट कर घर से निकाला गया। अब कोर्ट का फैसला ऐश्वर्या के हक में आ सकता है, इसलिए यह पूरा ड्रामा रचा गया है।' केंद्रीय मंत्री मांझी ने यह भी दावा किया कि तेज प्रताप की तीसरी शादी भी हो चुकी है, जिसका हवाला उन्होंने एक बीजेपी नेता के बयान से दिया। मांझी ने पहले भी तेज प्रताप यादव के मामले में आरोप लगाए हैं, लेकिन लालू परिवार ने कोई जवाब नहीं दिया है। उम्मीद है कि इस बार भी वे चुप रहेंगे।

# प्रशांत किशोर बोल रहे, मोदी कहें तो भी नीतीश को नहीं चुनना

### भाजपा के वोटर टूटे तो फायदा किसका?

महानगर नेटवर्क

पटना



जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर सिताब दियारा से शुरू हई बिहार बदलाव यात्रा लेकर 15 दिनों में लगभग 20 विधानसभा घूम चुके हैं। 30 से ज्यादा बड़ी और 50 से ऊपर छोटी सभाएं कर चुके हैं। सारण, सिवान और गोपालगंज के अलावा वैशाली, मुजफ्फरपुर और मोतिहारी में भी कदम रख चुके हैं। लगभग 20-25 मिनट का भाषण करते हैं। हर भाषण का खाका एक जैसा है। दुर्दशा क्यों है, वोट जिस मुद्दे पर दिया वो हुआ, लालू नौंवी फेल बेटे की भी सोचते हैं, आपको अपने बच्चों का 15 इंच का सीना नहीं दिखता लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 56 इंच दिखता है। बिहार में बदलाव जरूरी है, सीएम नीतीश कुमार को हटाना जरूरी है। मोदी कहें तो भी नीतीश को नहीं चुनना है। पीके के नाम से मशहूर चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बन चुके प्रशांत किशोर की यह यात्रा 243 सीटों तक जाएगी। हर विधानसभा में एक बड़ी और दो छोटी सभा उनकी योजना में शामिल है। ये माना जा रहा है कि चुनाव की घोषणा के कुछ दिन पहले ही उनकी यह यात्रा समाप्त होगी। जमीन से लेकर सोशल मीडिया तक उनकी बातें चल रही हैं लेकिन वो खुद को मुख्यमंत्री का कैंडिडेट भी नहीं बताते। कहते हैं कि सीएम बनना छोटा सपना है। उनका सपना बड़ा है। वो अपने जीवनकाल में वो दिन देखना चाहते हैं जब महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब से लोग काम करने बिहार आएं। जन सुराज पार्टी को कितना वोट मिलेगा, सीट कितनी मिलेगी, ये प्रशांत किशोर को भी नहीं पता है। वो कह रहे हैं कि बिहार में बदलाव होगा, ये तय है। नीतीश कुमार जाएंगे, ये तय है।

# अहमदाबाद से पटना आ रहे विमान में बम की सूचना से हाई अलर्ट

### 195 यात्रियों की अटकीं सांसें

महानगर नेटवर्क

पटना



गुजरात के अहमदाबाद से बिहार की राजधानी पटना आ रहे एक विमान में बम की सूचना से बुधवार को हड़कंप मच गया। इंडिगो एयरलाइन्स के इस विमान की पटना एयरपोर्ट पर लैंडिंग से कुछ देर पहले ही बम से उड़ाने की धमकी मिली। इसके बाद पटना में इसकी सुरक्षित लैंडिंग कराने के बाद तलाशी ली गई। बताया जा रहा है कि दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर फ्लाइट में बम होने की धमकी मिली। इसके 8 मिनट बाद यानी 12 बजकर 53 मिनट पर विमान को रनवे पर उतार लिया गया। इंडिगो की अहमदाबाद-पटना फ्लाइट में 195 यात्री सफर कर रहे थे। रनवे पर उतारने के बाद पटना एयरपोर्ट पर विमान को आइसोलेशन बे में ले जाया गया। यहां बम स्क्वॉयड को तैनात किया गया। बम स्क्वॉयड ने पूरे विमान की तलाशी ली। करीब एक घंटे की तलाशी के दौरान विमान में सवार सभी यात्रियों की सांसें अटकी रहीं। हालांकि, विमान से किसी तरह का कोई संदिग्ध सामान नहीं पाया गया। इसके बाद विमान को सुरक्षित घोषित कर दिया गया। तब जाकर सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली। तलाशी पूरी होने के बाद ही विमान में सवार यात्री बाहर आ पाए। लगभग दोपहर दो बजे विमान को रनवे पर लाया गया। एचटी की रिपोर्ट के अनुसार इंडिगो की स्टेशन मैनेजर शालिनी को अपने व्हाट्सएप नंबर पर बम की धमकी मिली थी।

# बिहार को मिलने वाली है एक और वंदे भारत ट्रेन

### तीन राज्यों के यात्रियों को मिलेगी सुविधा



**पटना।** बिहार को जल्द ही एक और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सुविधा मिलने वाली है। रेलवे बिहार की राजधानी पटना से मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बीच यह सेमी हाई स्पीड ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। इससे तीन राज्यों- बिहार, एमपी और यूपी (उत्तर प्रदेश) के यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पटना और भोपाल के बीच की दूरी एक हजार किलोमीटर से ज्यादा है। वंदे भारत के जरिए दोनों शहरों के बीच महज 12-13 घंटे में सफर पूरा किया जा सकेगा। सब कुछ ठीक रहा तो आगामी दो महीनों में इस ट्रेन का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा।

रिपोर्ट्स के अनुसार भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से दो नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने की कवायद जारी है। इसमें से एक भोपाल-पटना और दूसरी भोपाल-लखनऊ रूट पर चलाई जाएगी। रेलवे बोर्ड को इन दोनों रूटों पर वंदे भारत चलाने का प्रस्ताव भेजा गया है। भोपाल से पटना के बीच अभी अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों में 18 से 20 घंटे का समय लगता है।

# फ्लिपकार्ट कंपनी के दो कर्मचारियों के घर ED की रेड

महानगर नेटवर्क

बेगूसराय/पटना




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने ई कॉमर्स कंपनी से जुड़े दो युवकों के बेगूसराय के मंसूरचक थाना क्षेत्र स्थित अलग-अलग घरों पर मंगलवार को छापेमारी की। सुबह सुबह छह वाहनों से ईडी की टीम मंसूरचक थाना क्षेत्र स्थित समसा-1 पंचायत के वार्ड संख्या-13 निवासी स्व. पंकज कुमार ठाकुर के पुत्र अविनाश कुमार और झप्पू साह के पुत्र रजनीश कुमार उर्फ राजा के घरों पर छापेमारी के लिए पहुंची।

ईडी सूत्रों के अनुसार, आर्थिक अनियमितता की जांच के मद्देनजर यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के मुताबित छापेमारी के दौरान कई फाइलें, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य संदिग्ध सामग्री जब्त की गई। हालांकि, आधिकारिक तौर पर ईडी की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। जांच एजेंसी ने दोनों युवकों के संदिग्ध लेनदेन के सुराग मिलने के बाद यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान वहां अफरातफरी मच गई। ईडी ने मनी लॉड्रिंग और बेहिसाब संपत्ति से जुड़े मामले को लेकर दस्तावेज जब्त किए। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, अविनाश और रजनीश पहले बेगूसराय में फ्लिपकार्ट कंपनी के लिए काम करते थे। करीब दो वर्ष पूर्व वे दिल्ली चले गए थे। दिल्ली से उनका जम्मू-कश्मीर और पंजाब में लगातार आना-जाना लगा रहता था।

# उधार के पैसे मांगने पर युवक की चाकू से गोद-गोद कर हत्या



**पूर्णिया।** बिहार में उधार के पैसे मांगने पर एक शख्स की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है। पूर्णिया जिले में डगरूआ थानाक्षेत्र के बंदरख में मंगलवार सुबह उधार के एक लाख रुपए को लेकर हुए विवाद में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। मृतक तैयब आलम का 32 वर्षीय पुत्र तौसीफ उर्फ मुन्ना था। मृतक की मां अनवरी बेगम ने पुलिस को दिए गए बयान में बताया कि एक माह पूर्व उनके बेटे तौसीफ ने अपने पड़ोसी जुबैर के पुत्र अरमान को एक लाख रुपये उधार दिए थे।

तय हुआ था कि फसल बिकने पर पैसा लौटा दिया जाएगा, लेकिन बकरीद के पहले जब तौसीफ ने पैसे की मांग की तो विवाद हो गया। मंगलवार सुबह करीब 8:45 बजे तौसिफ जब पैसे मांगने जुबैर के घर गया तो जुबैर और उसके परिवार के लोगों ने रुपये लौटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद कहासुनी मारपीट में बदल गई। गांव के 15-16 लोगों ने मिलकर तौसीफ को पकड़ लिया और घर के अंदर ले जाकर अरमान ने चाकू से तौसीफ की गर्दन और सीने पर कई वार किए।

# 6 साल के बच्चे को किडनैप कर नेपाल की नदी में फेंका

**रक्सौल।** बिहार में छह साल के बच्चे को किडनैप कर नेपाल की नदी में फेंक दिया गया। हैरान कर देने वाली वारदात मोतिहारी के रक्सौल की है। यहां स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी प्रेम कुमार के छह वर्षीय पुत्र आयुष का अपहरण कर नेपाल के नारायण घाट पर नारायणी नदी में जिंदा फेंक दिया। रक्सौल से गिरफ्तार मनोहर साह ने इसका खुलासा किया है। आरोपित के निशानदेही पर रक्सौल पुलिस टीम नेपाल के नारायणी नदी घटना की जांच व शव की बरामदगी के लिये पहुंची है।

## व्यापार

# पाकिस्तान को एडीबी से सहायता मिलने का भारत ने किया कड़ा विरोध

### धन के दुरुपयोग की जताई आशंका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



भारत ने पाकिस्तान को एशियाई विकास बैंक की ओर से दिए जाने वाले किसी भी वित्तीय सहयोग का सख्त विरोध किया है। भारत ने पाकिस्तान की ओर से फंड का दुरुपयोग सैन्य खर्चों पर करने के प्रति गंभीर चिंता जताई है। भारत ने आर्थिक सुधारों के लिए पाकिस्तान की प्रतिबद्धता पर भी सवाल उठाया है। भारत को चिंता है कि पाकिस्तान इस वित्तीय सहायता का दुरुपयोग करेगा। भारत ने एडीबी के समक्ष पाकिस्तान की वित्तीय प्राथमिकताओं पर सवाल उठाया। भारत ने कहा कि पाकिस्तान बिगड़ती राजकोषिय स्थिति, गिरते कर संग्रह को संभालने के बजाए, अंतरराष्ट्रीय फंड का उपयोग सैन्य खर्च में करता आया है।

भारत ने कहा कि पाकिस्तान की कर संग्रहण क्षमता जीडीपी के अनुपात में चिंताजनक रूप से घटी है। वित्त वर्ष 2018 में जहां यह आंकड़ा 13.0% था, वहीं वित्त वर्ष 2023 में यह गिरकर महज 9.2% रह गया है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र के औसत 19.0% से काफी कम है। इस राजस्व में गिरावट के बावजूद, पाकिस्तान ने इसी अवधि के दौरान रक्षा व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की। भारत ने चेतावनी दी कि यह पैटर्न अंतरराष्ट्रीय फंड के संभावित डायवर्जन को दर्शाता है। भारत ने एडीबी प्रबंधन से विकास संसाधनों के इस तरह के दुरुपयोग को रोकने के लिए वित्तपोषण को पर्याप्त रूप से सुरक्षित करने का आग्रह किया। भारत ने पिछले एडीबी और आईएमएफ कार्यक्रमों की प्रभावशीलता पर भी आपत्ति जताई।

# 5 इलेक्ट्रिक कारों को खा जाएगी Tata Harrier EV



**नई दिल्ली।** टाटा हैरियर ईवी लॉन्च होने के बाद से मिडसाइज इलेक्ट्रिक एसयूवी सेगमेंट में खलबली मच गई है। 21.49 लाख रुपये की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस में आई हैरियर ईवी निश्चित रूप से अपने सेगमेंट की सबसे पावरफुल एसयूवी दिखती है, जिसमें 2-व्हील ड्राइव और 4-व्हील ड्राइव विकल्प मिलता है। 65 kWh और 75 kWh के बैटरी पैक ऑप्शन, 627 किलोमीटर तक की रेंज, करीब 15 इंच की QLED स्क्रीन, डॉल्बी एटमॉस, जेबीएल साउंड सिस्टम, पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड फ्रंट सीट्स, ट्रांसपैरेंट मोड, बूस्ट मोड, 540 डिग्री कैमरा, डिजिटल इनसाइड रियर व्यू मिरर, 500 लीटर से ज्यादा का बूट स्पेस, सिंगल और डुअल मोटर सेटअप, वी2एल और वी2वी समेत काफी सारी खूबियां हैं। हैरियर ईवी अपनी कीमत और खासियत से भारतीय बाजार की इन 5 पॉपुलर इलेक्ट्रिक एसयूवी का मार्केट खा सकती है। आइए, अब विस्तार से बताते हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा की पॉपुलर इलेक्ट्रिक एसयूवी एक्सईवी 9ई की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 21.90 लाख रुपये से शुरू होकर 30.90 लाख रुपये तक जाती है।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच होगी एफडीसी की बैठक

### देश की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करेंगी वित्त मंत्री

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने वाली हैं। यह समीक्षा 10 जून को वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक में होगी। सूत्रों के अनुसार यह उच्च स्तरीय पैनल की 29वीं बैठक होगी, जो मुंबई में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा सहित सभी वित्तीय क्षेत्र के नियामक शामिल होंगे। वित्त वर्ष 2025 में भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत दर्ज होने के बाद यह पहली बैठक होगी। यह दर पिछले चार सालों में सबसे धीमी है। साथ ही, इस बैठक का आयोजन केंद्रीय बैंक की लाभांश भुगतान के बाद किया जा रहा है। पिछले महीने केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 2.7 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड लाभांश की घोषणा की। यह भुगतान वित्त वर्ष 2023-24 के 2.1 लाख करोड़ रुपये के लाभांश से 27.4 प्रतिशत अधिक था।

भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 की अंतिम तिमाही में अपेक्षा से अधिक तेज गति से बढ़ी। इससे 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करने में मदद मिली और इसका आकार 3.9 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसने वित्त वर्ष 2026 में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ने की उम्मीद बढ़ी।

# वित्त वर्ष 2025 में इस कंपनी के राजस्व में भारी मुनाफा

**नई दिल्ली।** भारत में एरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट ब्लॉक, ब्रिक्स और पैनल बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 के लिए 3.2 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए परिचालन से कुल राजस्व 224.6 करोड़ रुपये था, जबकि एबिटा 29.2 करोड़ रुपये था। Q4FY2025 के दौरान कंपनी ने 64.6 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया था, जबकि एबिटा 5.7 करोड़ रुपये था। परिणामों पर टिप्पणी करते हुए, बिगब्लॉक कंस्ट्रक्शन के अध्यक्ष श्री नारायण साबू ने कहा, परिचालन से समेकित राजस्व साल-दर-साल 7.6% घटकर 224.6 करोड़ रुपये रह गया। राजस्व में गिरावट मुख्य रूप से भारतीय निर्माण क्षेत्र में मंदी के कारण है, जो हमारे उत्पादों की मांग का एक प्रमुख चालक है, और कई अन्य बाहरी कारकों का भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है। देश में आम चुनावों ने सरकारी नेतृत्व वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में देरी की है, और लंबे समय तक मानसून की स्थिति ने साइट संचालन, रसद और आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न की है।

# भारत के स्टेनलेस स्टील उद्योग ने की राष्ट्रीय नीति की मांग

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



भारत के स्टेनलेस स्टील उद्योग ने एक समर्पित राष्ट्रीय स्टेनलेस स्टील नीति की पुरजोर मांग की है, ताकि देश की विनिर्माण क्षमता, नवाचार और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को उसकी पूर्ण संभावनाओं तक पहुँचाया जा सके। यह घोषणा आज मुंबई के बॉम्बे एग्ज़ीबिशन सेंटर में शुरू हुए ग्लोबल स्टेनलेस स्टील एक्सपो 2025 के तीसरे संस्करण में की गई, जिसमें 10,000 से अधिक हितधारकों, उद्योग विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने उद्घाटन के अवसर पर कहा, “वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत की स्टेनलेस स्टील खपत 4.8 मिलियन टन तक पहुँच गई, जिसमें सालाना 8% की वृद्धि दर्ज हुई है। फिर भी इसका लगभग 30% हिस्सा अभी भी आयात के माध्यम से पूरा किया जा रहा है, जबकि घरेलू उत्पादन क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है। हमें ‘मेक इन इंडिया’ को मजबूती देने, नवाचार को प्रोत्साहन देने, और दीर्घकालिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस नीति ढांचे की आवश्यकता है। GSSE मंच से हम फिर एक बार समान अवसर की मांग करते हैं और सरकार से अनुरोध करते हैं कि इस क्षेत्र की रक्षा करते हुए इसे नवाचार के लिए प्रेरित करें।”जिंदल स्टेनलेस के अध्यक्ष रतन जिंदल ने कहा, “स्टेनलेस स्टील अब केवल रसोई तक सीमित नहीं है,यह अब भारत के परमाणु ऊर्जा, चिकित्सा, नवीकरणीय ऊर्जा और परिवहन क्षेत्रों को सशक्त बना रहा है।

# अमेजन बाजार के साथ करें स्मार्ट ट्रैवल

**नई दिल्ली।** इस बार गर्मी, अधिक खर्च नहीं बल्कि अधिक अनुभव हासलि करने वाली है। अचानक समुद्र तट की सैर से लेकर सनराइज ट्रैक तक, ट्रैवलर्स भारी बैग छोड़कर कॉम्पैक्ट, ऑल-इन-वन गियर चुन रहे हैं। लीक-प्रूफ बोतल, इनफ्लेटेबल नेक पिलो, और स्मार्ट ट्रैवल हैक्स पर शानदान डील्स की आपको तलाश है, अमेजन बाजार पर सबकुछ उपलब्ध है। अमेजन बाजार पर बेहद किफायती रेंज देखें, जो 599 रुपए से कम में भारत का पसंदीदा चलता-फरिता शॉपिंग सेंटर है। अगर आप अपनी अगली छुट्टियों की योजना बना रहे हैं।

# अनिल अंबानी को बड़ी राहत दिवालिया कार्यवाही पर लगी रोक


### 11% चढ़ा शेयर, डिफेंस सेक्टर में भी बढ़ा दबदबा!



**नई दिल्ली।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रा लिमिटेड के शेयर आज बुधवार, 4 जून को रॉकेट बन गए। कंपनी के शेयर में 11% तक की तेजी देखी गई। इसी के साथ यह शेयर 380.05 रुपये पर पहुंच गया था। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक पॉजिटिव खबर है। दरअसल, कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया कि नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (NCLAT) ने नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (NCLT) द्वारा पारित आदेश को निलंबित कर दिया है, जिसने कंपनी को दिवाला समाधान प्रक्रिया में स्वीकार कर लिया था। एनसीएलटी ने इस साल 30 मई को यह आदेश पारित किया था। बता दें कि रिलायंस इंफ्रा को दिवालिया घोषित करने की याचिका आईडीबीआई ट्रस्टीशिप ने अप्रैल 2022 में दायर की थी, जिसमें 88.68 करोड़ रुपये की चूक और 1.25% प्रति माह ब्याज का आरोप लगाया गया था।

महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं डांगट मीडिया प्रा.लि., 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# यूपी पुलिस भर्ती : दारोगा के लिए आयु सीमा में मिलेगी तीन साल की छूट





**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

प्रदेश सरकार ने उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती में अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए, आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने का फैसला लिया है। हालांकि यह छूट केवल एक बार प्रदान की जाएगी और भविष्य में किसी प्रकरण में इसे दृष्टांत नहीं माना जाएगा। गृह विभाग की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है। बता दें कि इससे पहले दिसंबर 2023 में सिपाही भर्ती में भी अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की छूट दी गई थी। आदेश के मुताबिक पुलिस विभाग में चयन वर्ष 2020-21 से चयन वर्ष 2024-25 तक उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर उत्पन्न कुल 4543 रिक्तियों के सापेक्ष सीधी भर्ती के लिए निर्धारित आयु सीमा में सभी वर्गों के लिए अपवाद स्वरूप एक बार के लिए आयु सीमा में तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। यह छूट उप्र लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली 1992 के अंतर्गत विशेष परिस्थितियों के फलस्वरूप प्रदान की जाएगी।

### सिपाही भर्ती में मिली थी छूट

इससे पहले सिपाही नागरिक पुलिस के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए भी अभ्यर्थियों को तीन वर्ष की छूट दी गई थी। दरअसल, करीब 5 वर्ष तक पुलिस में कोई भर्ती नहीं होने की वजह से अभ्यर्थियों के साथ विपक्षी दलों ने भी इसकी मांग की थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने आयु सीमा में छूट देने का फैसला लिया था। बता दें कोरोना महामारी की वजह से भी पुलिस में भर्तियों का सिलसिला थम गया था, जिसकी वजह से लाखों अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने से वंचित हो रहे थे। इस छूट के बाद सिपाही भर्ती के आवेदनों में जबरदस्त इजाफा हुआ था। बोर्ड ने करीब 25 लाख आवेदन होने का अनुमान लगाया था, जबकि करीब 48 लाख आवेदन आए थे।

# थार कांड में 2 पुलिसकर्मी सस्पेंड





**महानगर संवाददाता**

**नोएडा**

नोएडा थाना 24 कोतवाली इलाके के सेक्टर-53 में सोशल मीडिया पर कमेंट को लेकर दो युवकों पर हुए जानलेवा हमले का एक और वीडियो सामने आया है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि दर्जनभर युवक सौरव और सुमित नामक दो युवकों के साथ मारपीट कर रहे हैं। जैसे ही सौरव भागने की कोशिश करता है, उसे जानबूझकर एक थार कार से इतनी तेज टक्कर मारी जाती है कि वह उछलकर सड़क किनारे नाले में जा गिरता है। गंभीर रूप से घायल सौरव की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले की धारा बढ़ा दी है। साथ ही, घटना में इस्तेमाल की गई थार कार को जब्त कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में पांच टीमें गठित कर नोएडा व एनसीआर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की जा रही है। पुलिस की टीम आरोपी आकाश, गौरव, कुणाल, अमन और अन्य की धरपकड़ में जुटी है। इस घटना के बाद नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने लापरवाही और अनुशासनहीनता के आरोप में थाना सेक्टर-24 के प्रभारी निरीक्षक श्यामबाबू शुक्ला और चौकी गिझोड़ के प्रभारी उपनिरीक्षक जगमोहन सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. पुलिस आयुक्त के अनुसार, थाना प्रभारी ने घटना की जानकारी होने के बावजूद उसे उच्चाधिकारियों से छुपाया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किया।

# लोकसभा चुनाव का जिक्र कर BJP के जख्म पर अखिलेश ने छिड़का नमक!

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी के पुराने सियासी जख्मों पर नमक छिड़क दिया है। जून 2024 में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के परिणामों का जिक्र करते हुए अखिलेश ने कहा कि पीड़ित ही पीडीए है। बता दें पिछले साल 4 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम आए थे जिसमें सपा ने रिकॉर्ड 37 सीटें हासिल की थीं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर कन्नौज सांसद ने लिखा कि आज 4 जून का वो ऐतिहासिक दिन है, जिसने एक साल पहले देश की राजनीति में, उप्र में पीडीए की एकजुटता का वो परिणाम देखा था जिसने साम्प्रदायिक राजनीति की नकारात्मकता को हराकर, उप्र में सकारात्मक, सौहार्दपूर्ण और जन संवेदना से जुड़ी उस राजनीति का नया दौर शुरू किया था, जो देश के भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर साबित हो रही है। उन्होंने लिखा कि हर एक वर्ग का हर पीड़ित पीडीए से लगातार जुड़ रहा है और एक बड़े 'पीडीए परिवार' का निर्माण कर रहा है। पीडीए ही भविष्य है! जो पीड़ित वो पीडीए!



### प्रिया सरोज ने भी किया पोस्ट

सपा सांसद प्रिया सरोज ने भी 4 जून 2024 के परिणाम के संदर्भ में पोस्ट किया और सपा नेता का शुक्रिया अदा किया। सोशल मीडिया साइट एक्स पर उन्होंने लिखा कि आज के दिन सांसद के रूप में मेरे एक वर्ष पूरे हो गए हैं। यह मेरे लिए सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि आप सभी की उम्मीदों और विश्वास की जिम्मेदारी है। 4 जून 2024 को जब आपने मुझ पर भरोसा जताकर मुझे सबसे युवा महिला सांसद चुना, वह पल मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान था। सपा नेता ने लिखा कि इस एक वर्ष की यात्रा में आपने जो स्नेह, मार्गदर्शन और समर्थन दिया, उसके लिए मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करती हूं। मैं विशेष रूप से सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव का धन्यवाद करती हूं।

# आईटी ऑफिस में मारपीटः असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्र किए गए निलंबित

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

हजरतगंज स्थित इनकम टैक्स कार्यालय में डिप्टी कमिश्नर गौरव गर्ग पर हमले के मामले में असिस्टेंट कमिश्नर योगेंद्र मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें बंगाल-सिक्किम क्षेत्र से संबद्ध कर दिया गया है। बता दें कि 29 मई को इनकम टैक्स दफ्तर के तृतीय तल पर आईआरएस के केबिन में बैठक चल रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों अधिकारियों में बहस हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि योगेंद्र मिश्र ने पानी का गिलास उठाकर गौरव गर्ग पर हमला कर दिया। इसके बाद बवाल बढ़ गया। बंद केबिन में दोनों अफसरों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि



गौरव गर्ग के नाक से खून बहने लगा। गौरव गर्ग आईपीएस रवीना त्यागी के पति हैं। रवीना यहां डीसीपी मध्य के पद पर तैनात रही हैं। मामले में बुधवार को योगेंद्र मिश्र को निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि मार्च माह में राजधानी में आईआरएस अधिकारियों का क्रिकेट टूर्नामेंट कराया गया था, जहां योगेंद्र मिश्र ने टीम में शामिल नहीं करने पर जमकर हंगामा किया था। वह पिच पर ही बैठ कर अधिकारियों को भला-बुरा कहने लगे थे।

# वैज्ञानिक तरीकों से प्रदेश के जंगलों का किया जा रहा संरक्षण

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के जंगलों की हरियाली को बचाने और बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने जबरदस्त काम किया है. अब जंगलों में पेड़-पौधे और वन्यजीवों की रक्षा वैज्ञानिक तरीकों से की जा रही है। प्रदेश के सभी 79 वन प्रभागों में दस साल की कार्ययोजना लागू है। इनमें से गोरखपुर, खीरी और बिजनौर की योजनाएं इस साल 30 सितंबर को पूरी हो जाएंगी। पीलीभीत की योजना 2026 तक चलेगी। इन योजनाओं को केंद्र सरकार की मंजूरी मिल चुकी है।



वन विभाग ने आक्रामक विदेशी पौधों, जैसे लैंटाना और प्रोसोफिस को हटाने के लिए भी वैज्ञानिक तरीके अपनाए हैं। ये पौधे जंगल की असली वनस्पति को खत्म कर देते हैं और वन्यजीवों के लिए खतरा बनते हैं। इन्हें हटाने के लिए खास तरह के शोध और योजना बनाई गई है. इससे जंगल की असली हरियाली फिर से लौटेगी। साथ ही जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए भी आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। इससे आगजनी की घटनाएं कम होंगी और जंगल महफूज रहेंगे। बरेली, लखनऊ, झांसी और कानपुर में टिशू कल्चर तकनीक से पेड़-पौधों की नई पौध तैयार की जा रही है।


ये पौधे ज्यादा मजबूत और ज्यादा फायदेमंद होंगे। इससे प्रदेश की हरियाली को नई ताकत मिलेगी इसके अलावा राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत अच्छी क्वालिटी की बांस की पौध भी तैयार हो रही है। यह बांस न सिर्फ पर्यावरण के लिए फायदेमंद होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी देगा। उत्तर प्रदेश के वन विभाग ने बताया कि नई कार्य योजनाओं का मसौदा भी बनकर तैयार है। जैसे ही केंद्र सरकार से मंजूरी मिलेगी, काम शुरू कर दिया जाएगा। इससे जंगलों की सुरक्षा और पेड़ों की सेहत और अच्छी होगी। यूपी के जंगल सिर्फ हरियाली का नहीं, बल्कि हजारों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया भी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण और जंगलों के विकास को एक नई दिशा दी है. ओडीओपी, प्राकृतिक खेती और वन्यजीव संरक्षण जैसी योजनाएं भी इस काम को मजबूत कर रही हैं।

# वकील की बेटी ने लखनऊ में कार से 4 को रौंदा, 1 की मौत

**महानगर संवाददाता**

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश स्थित राजधानी लखनऊ में शिया पीजी कॉलेज के सामने मंगलवार दोपहर करीब 3:00 बजे एक तेज रफ्तार कार ने कई वाहनों को टक्कर मारती हुई चार लोगों को रौंद दिया। घायलों को मदयगंज पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। जोरदार टक्कर से जहां एक युवक की मौत हो गई तो वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल है जिनका इलाज बलरामपुर अस्पताल में चल रहा है। मामला मढ़ेगंज थाना क्षेत्र के शिया पीजी कॉलेज के सामने का है। जहां दोपहर करीब 3:00 बजे के आसपास एक तेज रफ्तार कार यूपी 32 के 0037 डालीगंज क्रॉसिंग की



तरफ से आ रही थी। इसी बीच कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े कई वाहनों को टक्कर मारती हुई खंभे से टकरा गई। हादसे में 3 लोग घायल हुए जिनमें एक महिला और एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। इस हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और लोगों ने कार सवार मां बेटी को पकड़ लिया। इसके बाद कार के नीचे फंसे वीरेंद्र पांडे को कार को पीछे कर बाहर निकाला गया। पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टर ने वीरेंद्र पांडे को मृत घोषित कर दिया।

# प्राथमिक शिक्षक भर्ती की मांग पर अड़े अभ्यर्थी, आयोग से वार्ता नहीं

**महानगर संवाददाता**

**प्रयागराज**

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग पर सोमवार को महाधरने में दो हजार से अधिक छात्र जुटे। भीषण गर्मी और उमस के बावजूद भर्ती के लिए छात्र पूरे जोश से नारेबाजी करते रहे। छात्रों ने छह जून को महाआंदोलन की घोषणा की है। आयोग के सामने सुबह 10 बजे से ही हजारों छात्र इकट्ठा हो गए। धरने के छठवें दिन भी प्राथमिक शिक्षक के 1.26 लाख पदों पर भर्ती के लिए छात्र अड़े रहे, हालांकि छात्रों और आयोग के बीच कोई वार्ता नहीं हुई। शाम को जब आयोग की अध्यक्ष प्रो.




कीर्ति पांडेय बाहर निकलीं तो उनका वाहन छात्रों की भीड़ में फंस गया। उन्होंने छात्रों से कहा, भर्ती के लिए प्रयास चल रहे हैं और शासन इस दिशा में काम कर रहा है। उधर, धरने को संबोधित करते हुए डीएलएड प्रशिक्षित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रजत सिंह ने कहा, धरने के पहले दिन हुई वार्ता में आयोग के प्रतिनिधि ने 10 दिन का समय मांगा था और कहा था कि सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। छात्र अब 10 दिन मियाद पूरी होने का इंतजार कर रहे हैं।

# पति ने रेता पत्नी का गला, मौत

### थाने पहुंचकर खुद को कराया गिरफ्तार

**गोरखपुर**। नगर पंचायत के वार्ड नं-9 पिपरा में सोते समय पति ने अपनी पत्नी की गर्दन काट कर निर्मम हत्या कर दी। शोर सुन आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपित फरार हो गया। मृतिका की पहचान बाहीलपार निवासी 25 वर्षीय नेहा पत्नी अंगद शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। सहजनवां थाना क्षेत्र के बाहीलपार निवासी अंगद शर्मा का गांव की युवती नेहा से प्रेम प्रसंग चलता था। दोनों में प्यार परवान चढ़ने के बाद करीब दो वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड शादी कर ली। करीब दो महीना पहले अंगद ने सहजनवां नगर पंचायत के




वार्ड नं-9 पिपरा में बुद्धिराम के मकान में प्रथम तल पर किराए का कमरा लिया और रहने लगे। कुछ दिन बाद पति अंगद शर्मा पेंट पालिश करने के लिए बाहर चला गया और नेहा किराए के कमरे में अकेली रहती थी। करीब बीस दिन पहले अंगद शर्मा सहजनवां आ गया और पति पत्नी साथ रहने लगे। बुधवार सुबह करीब छह बजे के करीब आसपास के लोगों ने नेहा के चीखने की आवाज सुनी तो कमरे पर पहुंचे। नेहा का गर्दन कटा हुआ था काफी खून पसरा था।

# सपा नेता ने शहर में लगाया विवादित पोस्टर

### भाजपा पर सौतेले व्यवहार का आरोप

**महानगर संवाददाता**

**प्रयागराज**

शहर के जार्ज टाउन में सपा छात्रसभा से जुड़े छात्रनेता ने विवादित पोस्टर लगाया है। इसके माध्यम से भाजपा सरकार पर पक्षपात करने का आरोप लगाया गया है। पोस्टर पर लिखा है कि भाजपा के सामुदायिक सौतेले व्यवहार का जीता जागता उदाहरण है कि भड़काऊ भाषण देने पर भाजपा के नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि सपा नेताओं पर मुकदमे दर्ज किए गए और उनकी सदस्यता गई। यह पोस्टर पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।



छात्रनेता की ओर से लगाए गए पोस्टर में भाजपा और सपा के चार-चार नेताओं की फोटो लगाई गई है, जो लोग विवादित बयान देने के बाद चर्चा में रहे। इसमें लिखा गया है कि भड़काऊ भाषण देने वाले भाजपा के नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि सपा नेताओं पर न सिर्फ कार्रवाई की गई, बल्कि उनकी विधानसभा की सदस्यता भी खत्म हुई। पोस्टर में भाजपा नेता सांसद अनुराग ठाकुर, मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह, पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी और भाजपा नेता नुपुर शर्मा का चित्र लगा है जबकि दूसरी तरफ सपा नेता आजम खां, अफजाल अंसारी, इरफान सोलंकी और अब्बास अंसारी का चित्र लगा है। सपा के छात्रनेता सद्दाम अंसारी कामरेड अंसारी की ओर से लगाए गए इस पोस्टर में लिखा गया है कि भाजपा बताए कि आपत्तिजनक टिप्पणी का मानदंड क्या होता है। क्या आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर सिर्फ मुसलमानों की सदस्यता रद्द होती है।

# उर्स के मेले में महिला से अभद्रता, पूछताछ करने पर आरोपियों ने किया हमला

**महानगर संवाददाता**

**बदायूं**

बदायूं के उझानी में उर्स के दौरान लगे मेले में महिला से दो युवकों ने अभद्रता कर दी। शिकायत मिलने पर दो सिपाहियों ने मौके पर जाकर पूछताछ की तो आरोपी उनसे भिड़ गए। उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मामले में पुलिस ने 10 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इसमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मंगलवार रात करीब दो बजे की है।

ननाखेड़ा में मंगलवार देर शाम कव्वाली शुरू हुई थी। उर्स पर मेला भी लगाया गया है। मेले में झूले के समीप खड़ी महिलाओं से दो युवकों ने अभद्रता की। उस वक्त कछला चौकी पर तैनात सिपाही नवनीत वर्मा और लक्ष्मण बालियान मेले में ड्यूटी पर थे। सिपाही नवनीत के मुताबिक जब वह आरोपी युवकों



के नाम और पते पूछ रहे थे, उसी दौरान युवकों ने गाली गलौज शुरू कर दी। युवकों ने अपने परिवार के लोगों व करीबियों को भी बुला लिया। सभी ने एक राय होकर सिपाही नवनीत और लक्ष्मण पर हमला कर दिया। डंडा लगते ही सिपाही नवनीत की नाक से खून बहने लगा। दूसरे सिपाही लक्ष्मण के पीठ में गुम चोट लगी है। आरोप है कि हमलावर युवकों ने सिपाहियों को जान से मार देने की धमकी भी दी। घायल लक्ष्मण ने चौकी इंचार्ज कपिल कुमार को फोन करके मौके पर पुलिस फोर्स बुला लिया।

# बेटा न होने पर विवाहिता को जिंदा जलाया, पति फरार

**महानगर संवाददाता**

**शाहजहांपुर**

यूपी के शाहजहांपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां दहेज की मांग और बेटे न होने से नाराज ससुरालियों ने विवाहिता को डीजल डालकर जिंदा जला दिया। इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई। वहीं, वारदात के बाद से ससुरालीजन फरार हैं। उधर, पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

मदनापुर के रहने वाले महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उनकी 26 साल की बेटी शालू सिंह की शादी 13 मई 2021 को हरदोई के पचदेवरा थाना क्षेत्र के सहसोगा गांव के रहने वाले श्याम जी सिंह के साथ की गई थी। शादी के बाद से ही ससुरालजन कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। परिजनों के अनुसार, शालू ने दो बेटियों को



जन्म दिया, जिससे ससुरालजन और नाराज हो गए और उसे बेटा न होने का ताना देने लगे। परिजनों का आरोप है कि 28 मई को श्याम जी सिंह, उसकी मां विमला, पिता कुंवर बहादुर सिंह समेत अन्य परिजनों ने शालू पर डीजल डालकर आग लगा दी। बुरी तरह झुलसी शालू को पहले शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां से बरेली मिशन रेफर किया गया। इसके बाद लखनऊ ले जाते समय रास्ते में शालू की मौत हो गई। मृतका के पिता ने बताया कि बेटी को अस्पताल तक पहुंचाने में ससुर कुंवर बहादुर सिंह साथ गए थे, लेकिन रास्ते में कांठ के पास वह गायब हो गए। शव को मायके लाया गया और मदनापुर पुलिस को सूचना दी गई। उधर, इस मामले में थाना प्रभारी विश्वजीत प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के भाई धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि शालू 9 मई से अपने मायके फाजिलपुर में रह रही थी। 10 मई को उसकी तहेरी बहन की शादी थी, जिसमें शामिल होने के लिए ससुराल वाले खुद उसे छोड़ गए थे। 28 मई की सुबह करीब 8 बजे उसके पति का फोन आया। उसने नाना की तबीयत खराब होने का बहाना बनाकर शालू को वापस बुलाया। धीरेन्द्र ने ही शालू को ससुराल छोड़ा था, लेकिन महज दो घंटे बाद ही ग्रामीणों ने सूचना दी कि शालू को आग लगा दी गई है।

# यूपी को 34 नए डीएसपी, छह को पासिंग आउट परेड



**महानगर संवाददाता**

**मुरादाबाद**

यूपी पुलिस के बेड़े में छह जून को 34 नए डीएसपी शामिल हो जाएंगे। एक साल 15 दिन के कठिन प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में इनकी पासिंग आउट परेड (दीक्षांत परेड) होगी। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आने की भी संभावना है। बुधवार को इन सभी डीएसपी की अलग अलग जिलों में तैनाती भी तय कर दी गई। इसकी लिस्ट भी जारी कर दी गई है। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि भर्ती परीक्षा 2023 में चयनित हुए अभ्यर्थियों में से 36 को ट्रेनिंग के लिए अकादमी भेजा गया था। इनमें से दो अभ्यर्थियों ने किसी कारण से बाद में ट्रेनिंग शुरू की थी। शेष 34 डीएसपी ने 12 माह 15 दिन का प्रशिक्षण पूरा किया था। इसमें 9 महिला और 18 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। इन्हें 20 आंतरिक विषय और आठ बाह्य विषय का गहनता से प्रशिक्षण दिया गया। कड़े प्रशिक्षण के बाद अब ये काम करने के लिए तैयार हैं। इनडोर और आउटडोर परीक्षा कराके परिणाम तैयार किया है। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गौरव उपाध्याय को सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया है। वहीं आकांक्षा गौतम इनडोर और अवनीश कुमार सिंह आउट डोर टॉपर बने हैं। कल होने वाली दीक्षांत परेड में इन्हें मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया जाएगा। एडीजी अकादमी राजीव संभरवाल ने बताया कि डीआईजी विकास कुमार, एसएसपी सुनील कुमार और एएसपी महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में दीक्षांत परेड की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

### कई मामलों में अन्य बैचों से खास होंगे ये 34 डीएसपी

मुरादाबाद। अकादमी से पास आउट हो रहे 34 डीएसपी कई मामलों में इससे पहले पास आउट हुए अधिकारियों से अलग होंगे। एडीजी राजीव संभरवाल के विशेष प्रयास से प्रशिक्षण के दौरान इन्हें एडिशनल प्रशिक्षण भी दिया गया है। एडीजी राजीव संभरवाल ने कहा कि इस प्रशिक्षण का लाभ इन अधिकारियों को फील्ड में काम करने के दौरान मिलेगा।

# डूबते ही पुलिस-गोताखोरों के फोन पर अलर्ट भेजेगा सेंसर

**वाराणसी**। आईआईटी बीएचयू ने नदियों और तालाब में डूबने से बचाने वाला एक सेंसर तैयार किया है। ईसीजी मशीन की तरह दिखने वाला उपकरण गोताखोरों और जल पुलिस के मोबाइल पर तत्काल सूचना भेजेगा। साथ ही डूब रहे व्यक्ति की लोकेशन भी देगा, जिससे समय और जान रहते उसे बचा सके। यह तकनीक स्नानार्थी, तैराक और मछुआरों की 24 घंटे रक्षा करेगा। कंप्यूटर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के डॉ. प्रसेनजीत चानक और उनकी टीम ने एक पोर्टेबल कर्ब-ड्राउनिंग मॉनिटरिंग सिस्टम तैयार किया है। इस पर संस्थान को एक पेटेंट भी मिल चुका है। यह अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण रीयल-टाइम सेंसर और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करता है।

# जयंत चौधरी की पार्टी को नहीं पसंद आया राहुल का बयान

**महानगर संवाददाता**

**नई दिल्ली**

राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) नेता मलूक नागर ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर उनके उस बयान को लेकर जोरदार हमला बोला जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने 'आत्मसमर्पण' कर दिया था। नागर ने कहा कि राहुल गांधी ने देश के गौरव का अपमान किया। जब पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया गया, जब उसे घुटनों पर ला दिया गया और उसे युद्धविराम की भीख मांगनी पड़ी, तो कोई कैसे कह सकता है कि हमारे प्रधानमंत्री ने आत्मसमर्पण कर दिया।

मलूक नागर ने कहा कि पूरी दुनिया देख रही है कि कैसे भारत ने दुश्मन के इलाके में घुसकर हमला किया। हमारी अर्थव्यवस्था अब वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



दुनिया भर में भारत की सराहना हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने आत्मसमर्पण कर दिया, तो आपका क्या मतलब है? क्या उन्होंने देश के हितों को छोड़ दिया? यह बिल्कुल झूठ है। कोई भी बच्चा यह विश्वास नहीं करेगा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मसमर्पण कर दिया। ये निराधार आरोप हैं।

नागर ने कांग्रेस पर ऐसे बयानों से राष्ट्रीय एकता और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा को कमजोर करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी नेता इस तरह की गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी करते हैं तो दुनिया भर के लोग हम पर हंसेंगे। यह सिर्फ पीएम मोदी के बारे में नहीं है, यह भारत की वैश्विक छवि के बारे में है। राहुल गांधी की टिप्पणियों को पूरी तरह से लापरवाह बताते हुए नागर ने कहा कि हमें किसी से मध्यस्थता की जरूरत नहीं है। हमारी एजेंसियों और हमारे सशस्त्र बलों ने सब कुछ स्पष्ट कर दिया है। हमने पहले ही किसी भी बाहरी हस्तक्षेप को खारिज कर दिया है. उन्होंने आंतरिक विरोधाभासों के लिए कांग्रेस की भी आलोचना की। कुछ कांग्रेस नेता कहते हैं कि अगर राहुल गांधी सत्ता में होते, तो वे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को वापस ले लेते। इस पर मलूक नागर ने कहा कि क्या इसका मतलब यह है कि नेहरू और इंदिरा गांधी गैरजिम्मेदार प्रधानमंत्री थे और राहुल उनसे ज्यादा सक्षम हैं? क्या वे अब अपनी ही पार्टी की विरासत को बदनाम करके राहुल गांधी को महानता का प्रमाण पत्र दे रहे हैं।

# सीवरेज चैंबर में उतरे दो मजदूरों की मौत

**गाजीपुर**। शहर कोतवाली क्षेत्र के नखास तिराहे पर सीवरेज चैंबर में उतरे मजदूर बलरामपुर जनपद के हरैया थाना के भक्ता गांव निवासी प्रहलाद (19) की मौत हो गई। उसे बचाने में होल में उतरे सरायगली निवासी वसीम (35) की मौत हो गई। घटना बुधवार को दोपहर 12 बजे हुई। जिसके बाद मौके पर अफरा- तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी संख्या में लोग जुट गए। वहीं सूचना पर एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र नाथ प्रसाद, एसडीएम मनोज कुमार पाठक, सीओ शेखर सिंगर मौके पर पहुंचे और लगभग डेढ़ बजे दोनों शवों को बाहर निकलवाया।

जेपी नड्डा का राहुल गांधी पर पलटवार

# 'कांग्रेस के डीएनए में आत्मसमर्पण, भारत कभी नहीं झुकता...'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक 'पोस्ट' में कहा, 'राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है, लेकिन भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता।

आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिए किस तरह आपने इतिहास में 'आत्मसमर्पण' किया।' भाजपा प्रमुख ने कहा, आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छम्ब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया।



### पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर मारा

नड्डा ने कहा, भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, राहुल गांधी को पता होना चाहिए कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की घोषणा सरकार ने या भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी, बल्कि भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है।

यूएन में बिलावल का कुबूलनामा

## भारत के आगे झुका पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दे पर बड़ी बात कही है। उन्होंने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पहली बार सार्वजनिक रूप से माना कि कश्मीर को लेकर पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय प्रयास विफल हो रहे हैं।



उन्होंने साफ कहा, संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर हमें कश्मीर के मामले में अब भी गंभीर बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत की मजबूत कूटनीतिक रणनीति के बीच यह स्वीकारोक्ति इस्लामाबाद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। बिलावल भुट्टो ने स्वीकार किया कि आतंकवाद और जल विवाद जैसे मुद्दों पर कुछ देशों की "ग्रहणशीलता" है, लेकिन कश्मीर के सवाल पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन अभी भी बहुत सीमित है। उनका यह बयान पाकिस्तान की कूटनीतिक असफलता उजागर करता है, खासकर ऐसे समय में जब भारत इन मंचों पर अपना प्रभाव लगातार बढ़ा रहा है।

# पड़ोसी देश की अब नई करतूत 'कृषि आतंकवाद'

### फंगस तस्करी करते 2 गिरफ्तार

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

पड़ोसी देश चीन की एक नई करतूत सामने आई है। उसके दो नागरिकों को अमेरिका की केंद्रीय जांच एजेंसी FBI ने खतरनाक फंगस की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये दोनों चीनी नागरिक खतरनाक फंगस के जरिए अमेरिका में कृषि आतंकवाद फैलाने की फिराक में थे। FBI ने जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया है और जिला अदालत में पेश किया है, उनमें 33 साल की जियान और 34 साल का उसका ब्वॉयफ्रेंड लियू शामिल है। इन दोनों पर साजिश रचने, अमेरिका में तस्करी करने, झूठे बयान देने और वीजा धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। FBI ने इसे गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा खतरा करार दिया है और चेतावनी दी है कि खाद्य आपूर्ति को निशाना बनाने वाले ये जैविक एजेंट अर्थव्यवस्थाओं को पंगु बना सकते हैं और लाखों लोगों को मौत के मुंह में ढकेल सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर ये कृषि आतंकवाद क्या है और फंगस जैसे सूक्ष्म जीव से इतना बड़ा खतरा कैसे पैदा हो गया है?



### क्या है कृषि आतंकवाद?

कृषि आतंकवाद को अंग्रेजी में Agroterrorism कहा जाता है, जो Agricultural Terrorism का छोटा रूप है। इससे तात्पर्य किसी भी देश की खाद्य आपूर्ति या कृषि क्षेत्र में कीटों, बीमारियों या रोगाणुओं को जानबूझकर प्रवेश कराना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक व्यवधान पैदा करना, खाद्यान्न की कमी या सामाजिक अशांति पैदा करना है। दरअसल, ये फंगस फसलों में रोग पैदा करते हैं, जिसकी वजह से फसल चौपट हो सकती है और कृषि उत्पादन नगण्य हो सकता है। इससे कोई भी देश आर्थिक रूप से पंगु बन जा सकता है और वहां के लोगों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति आ सकती है।

# कोरोना का नया वैरिएंट 27 राज्यों में फैला

4302 एक्टिव केस, 44 मौतें, केरल के अस्पतालों में मॉक ड्रिल होगी, हिमाचल में मास्क जरूरी


**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

देश में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। मंगलवार को ही 300 नए केस मिले। सबसे ज्यादा गुजरात में 108 और महाराष्ट्र में 86 मामले सामने आए। इस तरह देश में एक्टिव केसों की संख्या 4302 पहुंच गई है।

कोरोना 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में फैल चुका है। हालांकि 9 राज्यों में अब तक एक भी मामला नहीं है। सबसे ज्यादा 1373 एक्टिव केस केरल में हैं। वहीं महाराष्ट्र 510 केसों के साथ दूसरे नंबर है।

कोरोना के नए वैरिएंट्स से देश में जनवरी से अब तक 44 मौतें हो चुकी हैं। इनमें से 37 मरीजों की मौत बीते 5 दिन में हुई है। महाराष्ट्र में मंगलवार को 4 मरीजों ने जान गई है। राज्य में मरने वालों की संख्या 14 पहुंच गई है। इसके अलावा बीते दिन दिल्ली, गुजरात और तमिलनाडु में भी 1-1 मौत हुई है।

हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को कोरोना का पहला मामला सामने आया। इसके बाद राज्य सरकार ने देर रात एडवाइजरी जारी कर सभी हॉस्पिटल में मास्क पहनना अनिवार्य कर दिया है। वहीं केरल सरकार ने नई गाइडलाइन के तहत सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल को मॉक ड्रिल कराने का आदेश दिया है।



# परिवार संग अयोध्या पहुंचे एलन मस्क के पिता एरोल मस्क

**अयोध्या।** भारत दौरे पर आए अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क के पिता एरोल मस्क बुधवार की दोपहर रामनगरी अयोध्या पहुंचे। इसके बाद टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के पिता परिवार समेत रामलला के दर्शन के लिए राममंदिर पहुंचे। दोपहर 2:15 बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका चार्टर्ड प्लेन उतरा। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मस्क को रामलला के दर्शन के लिए ले जाया गया। अयोध्या में उनकी एक झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही।

एयरपोर्ट पर उतरने के बाद एरोल मस्क ने मीडिया के सामने शुद्ध भारतीय अंदाज में मौजूद लोगों का अभिवादन किया। हनुमानगढ़ी के महंत हेमंत दास की मौजूदगी में उन्होंने जय श्री राम का भी उद्घोष किया। जय श्री राम के उद्घोष से एयरपोर्ट गूंजता रहा। भारत में निवेश योजना के बारे में पूछे गए सवाल पर उन्होंने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि निवेश के संबंध में ही मेरा यह भ्रमण है। भारतीय संस्कृति की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक गौरवशाली इतिहास रहा है मैं इसका सम्मान करता हूं।



ऑपरेशन सिंदूर पर नया अपडेट-

# 6 नहीं, भारत ने पाकिस्तान के 9 विमान मार गिराए

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की जान जाने के बाद भारत ने पाकिस्तान पर अब तक का सबसे बड़ा पलटवार किया। इसकी कल्पना शायद पाकिस्तान ने भी नहीं की होगी। इन जवाबी हमलों में पाकिस्तान को होने वाले नुकसान की जानकारी धीरे-धीरे सामने आ रही है। पहले खबर सामने आई कि भारतीय हमले में 6 पाकिस्तानी लड़ाकू विमान तबाह हो गए। वहीं, अब यह आंकड़ा 9 पर पहुंच गया है।

सूत्रों के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर के बाद किए गए मूल्यांकन से पता चला है कि पाकिस्तान के हवाई और जमीनी सैन्य ढांचे को गहरा नुकसान पहुंचा है। ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तानी वायुसेना (पीएएफ) के छह लड़ाकू विमान गिरे हैं। इसके अलावा दो हाई वैल्यू निगरानी विमान और सी-130 हरक्यूलिस परिवहन विमान को भी मार गिराया गया। वहीं, दस से अधिक सशस्त्र ड्रोन को भी तबाह कर दिया गया।



इससे पहले खबर आई थी कि भारतीय हमले में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) और पाकिस्तानी पंजाब में हवाई संघर्ष के दौरान छह पाकिस्तानी फाइटर जेट मार गिराए गए थे। इन विमानों को भारतीय ग्राउंड-बेस्ड मिसाइल सिस्टम और हवाई चेतावनी रडारों ने ट्रैक कर ध्वस्त किया था। अब जो नई जानकारी सामने आ रही है उसके मुताबिक, एक इलेक्ट्रॉनिक काउंटरमेजर (ECM) एयरक्राफ्ट को भारत की लंबी दूरी की स्ट्राइक प्रणाली सुदर्शन से 300 किमी की दूरी पर मार गिराया गया।

# यूक्रेनी हमलों का चुन-चुनकर बदला ले रहे पुतिन

कई शहरों में कब्जे और जमकर तबाही

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

यूक्रेन ने पिछले तीन दिन रूस के भीतर जमकर तबाही मचाई। अब रूसी सेना उन हमलों का चुन-चुनकर बदला ले रही है। दोनों दुश्मन देशों के बीच जंग का इतना विकराल रूप तब देखने को मिल रहा है, जब वे दोनों दो दौर की शांति वार्ता कर चुके हैं और कई मुद्दों पर सहमति भी जता चुके हैं। रूसी सेना ने बुधवार को दावा किया कि उसने यूक्रेन के दो बड़े शहरों में बड़ी सफलता हासिल की है। कम से कम दो इलाकों पर रूसी झंडा फहरा दिया है।

यूक्रेन ने बीते रविवार को रूस के भीतर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। 18 महीनों की प्लानिंग के बाद ट्रकों में ड्रोन भरकर रूस के चार सैन्य हवाई अड्डों तक पहुंचाए और कम से कम 40 विमानों को तबाह कर दिया। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को रूस में कई महत्वपूर्ण ब्रिजों को बमों से उड़ा दिया। यूक्रेन के इन हमलों ने व्लादिमीर पुतिन की नींद उड़ा दी थी। रूस ने इन हमलों को दुस्साहसी करार दिया था और जवाब में छिटपुट हमले किए। यूक्रेनी हमलों का जवाब अब रूस खुलकर दे रहा है। रूसी सेना ने बुधवार को दावा किया कि उसने यूक्रेन के सूमी क्षेत्र में एक और गांव किंद्रातिवका पर कब्जा कर लिया है।



# AAP नेता सिसोदिया और जैन की मुश्किलें फिर बढ़ीं

**नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने दिल्ली के पूर्व मंत्रियों और आप नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को समन जारी किया है। सत्येंद्र जैन को 6 जून को एसीबी कार्यालय में बुलाया गया है, जबकि मनीष सिसोदिया को 9 जून को पेश होने को कहा गया है। दिल्ली सरकार की ACB ने मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को समन भेजा है। यह समन सरकारी स्कूलों में क्लासरूम बनाने में कथित भ्रष्टाचार के मामले में भेजा गया है। आरोप है कि जब AAP की सरकार थी, तब 2,000 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार हुआ। जैन को 6 जून को ACB ऑफिस बुलाया गया है। सिसोदिया को 9 जून को पेश होने के लिए कहा गया है।



लैंड फॉर जॉब केस में लालू के खिलाफ CBI का दावा

# 'जो अपने नाम नहीं लिख सकते थे, उन्हें रेलवे में जॉब दी गई'

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

CBI ने बुधवार को दिल्ली की एक अदालत के सामने दावा किया कि जो लोग अपना नाम भी नहीं लिख सकते, उन्हें बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार को कथित तौर पर जमीन के टुकड़े गिफ्ट देने पर इंडियन रेलवे में ग्रुप-डी की नौकरी दे दी गई।

राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज विशाल गोगने की अदालत में CBI की तरफ से पेश हुए सीनियर जज और स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर डीपी सिंह ने तर्क दिया, "सिग्नेचर, ट्रांसफर सर्टिफिकेट और मार्कशीट सभी जाली थे कैंडिडेट्स ने अपने आवेदनों में उन स्कूलों का उल्लेख किया है, जिनमें उनका कभी नामांकन नहीं था।"

कोर्ट में जज साहब ने पूछा, "क्या उन्हें पात्र दिखाने के लिए जालसाजी की गई?" इस पर डीपी सिंह ने कहा कि हां, जॉब के लिए अप्लाई करने के लिए यह दिखाना जरूरी है कि आपने 8वीं क्लास पास कर ली है।

जब जज गोगने ने सवाल किया कि क्या इन लोगों ने आठवीं पास नहीं की है तो सिंह ने जवाब देते हुए कहा, "हां, वे अपने अपने नाम भी नहीं लिख सकते हैं। एक स्कूल था, जहां कोई स्टूडेंट नहीं था। यह स्कूल जाली सर्टिफिकेट बनाने के लिए था।"




## जब भी भारत कहेगा, हम हाजिर हो जाएंगे

पाक के डिप्टी PM ने बताया- इतनी छटपटाहट क्यों ?



**इस्लामाबाद।** भारत-पाकिस्तान के बीच दशकों के सबसे बड़े सैन्य संघर्ष के बाद तनाव बरकरार है। ऑपरेशन सिंदूर के जख्मों से अभी भी पाकिस्तान उबर रहा है। सिंधु जल संधि निलंबन को लेकर वो छटपटा रहा है। इसकी बानगी बुधवार को तब सामने आई जब पाकिस्तान ने एक बार फिर भारत से बातचीत की पेशकश की। उसके डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि उनका देश भारत के साथ संवाद को तैयार है, जब भी भारत कहे, हम हाजिर होंगे, लेकिन हम "बेचैन" नहीं हैं।

डार ने कहा कि भारत सिर्फ आतंकवाद की बात करना चाहता है, जबकि पाकिस्तान व्यापक बातचीत चाहता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है, जिससे पाकिस्तान की खेती पर असर पड़ रहा है। इस संधि के तहत पाकिस्तान की 80% खेती तीन भारतीय नदियों पर निर्भर है।

शादी से लौट रहे थे दो परिवार, बीच रास्ते में हो गई अनहोनी

# झाबुआ जिले में दर्दनाक हादसा, नौ की मौत और दो घायल



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में बुधवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। सीमेंट से भरा एक ट्रेलर ट्रक शादी से लौट रही वैन पर पलट गया, जिससे दो परिवारों के नौ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मंगलवार-बुधवार की रात करीब ढाई बजे मेघनगर तहसील के संजेली रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ।

पुलिस के मुताबिक दो परिवारों के सदस्य भावपुरा में शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव शिवगढ़ महुदा लौट रहे थे। इस दौरान एक निर्माणाधीन रेल ओवरब्रिज को पार कर रहा ट्रेलर अचानक असंतुलित होकर वैन पर पलट गया। वैन में सवार सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे।

**मृतकों में पांच बच्चे भी शामिल हैं**

इस हादसे में जिन नौ लोगों की मौत हुई, उनमें पांच बच्चे भी शामिल हैं। मृतकों के नाम- मुकेश खापेड़ (40), सावली खापेड़ (35), विनोद खापेड़ (16), पायल खापेड़ (12), माधी बामनिया (38), विजय बामनिया (14), कांता बामनिया (14), रागिनी (9) और अकली परमार (35) हैं। घायलों में पायल सोमला परमार (19) और आशु बमनिया (5) को गंभीर हालत में थांदला अस्पताल रेफर किया गया है।

हादसे की खबर मिलते ही थांदला और मेघनगर थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस बुलाकर घायल लोगों को अस्पताल भिजवाया गया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए थांदला और मेघनगर के सरकारी अस्पतालों में भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से भाग निकला। वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। उसकी तलाश की जा रही है। ये हादसा न सिर्फ झाबुआ बल्कि पूरे प्रदेश के लिए झकझोर देने वाला है। एक ही पल में दो परिवारों की खुशियां मातम में बदल गईं।

# 'जजों का स्वतंत्र रहना जरूरी, नेहरू-इंदिरा ने की थी CJI चुनने में मनमानी'

## चीफ जस्टिस ने सरकार के दखल पर उठाए सवाल

**महानगर नेटवर्क**
**नई दिल्ली**

भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) बीआर गवई ने यूके सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और न्यायिक नियुक्तियों पर महत्वपूर्ण टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरकार ने भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते समय दो बार सबसे वरिष्ठ न्यायाधीशों की अनदेखी की, जबकि न्यायाधीशों की नियुक्ति में अंतिम निर्णय उसी का था। उन्होंने कार्यपालिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि जजों का स्वतंत्र रहना जरूरी है। CJI गवई ने जोर देकर कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता लोकतंत्र के लिए आवश्यक है और इसे बाहरी नियंत्रण से मुक्त रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि 1993 तक जजों की नियुक्ति का अधिकार कार्यपालिका के पास था। इस दौरान दो बार कार्यपालिका ने परंपरा को तोड़ते हुए वरिष्ठ न्यायाधिशों को दरकिनार कर दिया। CJI गवई ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के कार्यकाल में मुख्य न्यायाधीश (CJI) की नियुक्ति में मनमानी की गई थी, जिससे वरिष्ठता की परंपरा का उल्लंघन हुआ। 1964 में नेहरू सरकार ने जस्टिस जफर इमाम को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए CJI नहीं बनाया और जस्टिस पी.बी. गजेंद्रगढ़कर को नियुक्त किया।



# गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ बोर्ड ने बताई अपनी संपत्ति

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला, अदालत ने की ये टिप्पणी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा स्थित एक गुरुद्वारे की जमीन को वक्फ भूमि बताते हुए एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। दिल्ली वक्फ बोर्ड का दावा था कि शाहदरा में जिस जमीन पर गुरुद्वारा बना हुआ है, वह वक्फ की जमीन है और आजादी से पहले वहां एक मस्जिद थी।

लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि गुरुद्वारा कई दशकों से वहां पर है, इसलिए वक्फ बोर्ड को पीछे हट जाना चाहिए। इसके पहले दिल्ली हाईकोर्ट ने भी वक्फ बोर्ड की याचिका को खारिज कर दिया था।




**शाहदरा इलाके में स्थित है गुरुद्वारा**

ये पूरा मामला शाहदरा स्थित गुरुद्वारे की जमीन से जुड़ा है। इसे वक्फ की संपत्ति बताते हुए दिल्ली वक्फ बोर्ड ने वहां मस्जिद होने का दावा किया था। बोर्ड की तरफ से पेश हुए वकील संजय घोष ने कहा कि निचली अदालतों में मस्जिद होने के दावे को स्वीकार किया था।

# प्रचंड गर्मी में हज करने पहुंचे लाखों मुस्लिम

**महानगर नेटवर्क**
**दुबई**

हर साल दुनियाभर के लाखों मुस्लिम तीर्थयात्री इस्लाम के पांच फर्ज़ में से एक 'हज' करने के लिए मक्का जाते हैं, जो इस्लामी कैलेंडर के आखिरी महीने धू अल हिज्जा के आठवें और 12वें दिन के बीच होता है। इस साल यह 4 जून से 9 जून के बीच होगा। बुधवार, 4 जून को हज शुरू होते ही 10 लाख से भी ज्यादा मुस्लिम तीर्थयात्री मक्का पहुंचे और इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए। बड़ी बात यह है कि यह धार्मिक आयोजन ऐसे वक्त में हो रहा है, जब पूरा सऊदी अरब प्रचंड गर्मी की मार झेल रहा है और मक्का का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस (104 डिग्री फॉरेनहाइट) को पार कर चुका है।

### पिछले साल के हादसे से क्या सबक?



हज के पहले दिन सफेद लिबास में और नंगे पांव संगमरमर की फर्श पर लाखों मुस्लिम तीर्थयात्रियों को धीरे-धीरे काबा की परिक्रमा करते देखा गया। काबा इस्लाम का सबसे पवित्र स्थल माना गया है, जो मक्का की ग्रैंड मस्जिद (मस्जिद अल-हरम) के बीचों बीच काले रंग की एक घनाकार इमारत है। इसे पवित्र बैत अल्लाह (ईश्वर का घर) के रूप में जाना जाता है।

**14 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब पहुंचे**

सऊदी अरब की सरकारी मीडिया ने खबर दी है कि अन्य लोग मक्का के बाहरी इलाके में स्थित मीना के विशाल तंबू शहर में पहुंचने लगे हैं, जहां वे गुरुवार को हज के मुख्य पड़ाव - माउंट अराफात पर प्रार्थना से पहले रात बिताएंगे। ऐसा माना जाता है कि पैगंबर मोहम्मद ने यहीं अपना अंतिम उपदेश दिया था। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हज से पहले करीब 14 लाख तीर्थयात्री सऊदी अरब पहुंचे हैं।

**पिछले साल 1,301 तीर्थयात्रियों की मौत हुई थी**

दूसरी तरफ सऊदी अधिकारियों ने पिछले साल की घटना की पुनरावृत्ति ना हो, इससे बचने के लिए कई अतिरिक्त उपाय किए हैं और गर्मी से बचाव के उपाय बढ़ाते हुए कृत्रिम छाया की व्यवस्था की है। पिछले साल हज के दौरान तापमान 51.8 सेल्सियस (125.2F) तक पहुंच गया था, इससे 1,301 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी।

# संत निरंकारी मिशन का व्यापक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान

**नई दिल्ली।** प्रकृति मानव जीवन की सदा-संगीनी रही है, उसकी छांव में सभ्यताओं ने आकार लिया, संस्कृतियाँ पनपीं और जीवन निरंतर रूप से विकसित होता रहा। किंतु जब मानवीय स्वार्थ ने संतुलन का दायरा लांघा, तब इस जीवनदायिनी प्रकृति को क्षतिग्रस्त होना पड़ा। मानव शायद यह भूल जाता है कि वह स्वयं भी इसी प्रकृति का ही एक अंग है। आज, पर्यावरणीय संकट की गूंज वैश्विक चेतना को झकझोर रही है और इसी अनुभूति के तहत संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रतिवर्ष 5 जून को 'विश्व पर्यावरण दिवस' आयोजित किया जाता है। इस वैश्विक पहल से प्रेरणा लेते हुए, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा, संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के लोकमंगलकारी एवं दूरदर्शी नेतृत्व में, संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित थीम 'बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन' को केंद्र में रखते हुए देशभर के 18 प्रमुख पर्वतीय पर्यटक स्थलों पर 5 जून को प्रातः 8.00 से दोपहर 2.00 बजे तक एक व्यापक वृक्षारोपण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन कर रही है। यह प्रयास न केवल स्वच्छ, हरित एवं संतुलित पर्यावरण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह आज की युवा पीढ़ी को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने और संरक्षण की भावना को व्यवहार में उतारने की एक प्रेरणादायक पहल भी है।

# कब और क्यों मनाया जाता है पर्यावरण दिवस?

पृथ्वी सिर्फ रहने की जगह नहीं, बल्कि जीवन की जड़ है, लेकिन समय बीतने के साथ इंसान ने अपने फायदे के लिए पेड़ काटे, नदियों को गंदा किया और यहां तक कि हवा को भी जहरीला बना दिया। इसका नतीजा ये हुआ कि अब हमें सांस लेने तक के लिए शुद्ध हवा नहीं मिल रही। पानी की कमी बढ़ रही है, मौसम का चक्र बिगड़ रहा है और हर साल गर्मी रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हर साल 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को समझाया जा सके कि अगर अभी भी नहीं संभले तो आगे हालात और बिगड़ सकते हैं।



### क्या है पर्यावरण?

पर्यावरण का अर्थ केवल पेड़ पौधों से नहीं है, बल्कि इसमें मौजूद हवा, पानी, मिट्टी, जानवर, पक्षी और इंसानों सहित वो सब कुछ आता है जो हमारे चारों ओर दिखाई देते है। एक साफ और संतुलित पर्यावरण ही इंसानों और बाकी जीवों के अच्छे जीवन की गारंटी है।

### विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत कैसे हुई?

इस दिन को मनाने की शुरुआत साल 1972 में हुई जब संयुक्त राष्ट्र ने स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में पहला पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किया। इस सम्मेलन में 119 देशों ने भाग लिया और पहली बार पूरी दुनिया ने पर्यावरण पर गंभीर चर्चा की। इसके बाद 1974 में 5 जून को पहला "विश्व पर्यावरण दिवस" मनाया गया। तभी से हर साल इसी तारीख को इसे मनाया जाता है।

### क्यों जरूरी है यह दिन?

आज की दुनिया में बढ़ता प्रदूषण, प्लास्टिक का इस्तेमाल, जंगलों की कटाई और ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी परेशानियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में इस खास दिन पर दुनिया भर के लोग एक साथ मिलकर पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। यह दिन याद दिलाता है कि सिर्फ सरकार या बड़ी कंपनियां नहीं, बल्कि हर आम इंसान की जिम्मेदारी है कि वो अपने स्तर पर पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे।

## विश्व पर्यावरण दिवस 2025 : थीम और मेजबान देश

हर साल इस दिन की एक अलग थीम रखी जाती है ताकि किसी खास मुद्दे पर ज्यादा ध्यान दिया जा सके। साल 2025 में इस दिन की थीम है "Beat Plastic Pollution", यानी प्लास्टिक प्रदूषण को हराना। इसका मकसद लोगों को यह बताना है कि प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करें और पर्यावरण को नुकसान से बचाएं।

### हम क्या कर सकते हैं?

प्लास्टिक की पॉलेथिन की जगह आप कपड़े के बैग का इस्तेमाल करें। बेवजह पानी और बिजली बर्बाद न करें। ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कचरा सड़कों पर न फेंकें और घर में ही कूड़ा छांटने की आदत डालें। सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों को जागरूक किया जा सकता है।



# गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान का महत्व

गंगा दशहरा का पर्व 5 जून 2025 को मनाया जाएगा। गंगा दशहरा पर गंगा स्नान और दान पुण्य का बड़ा महत्व है। माना जाता है कि गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान करने से मनुष्य के पाप धुल जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर आप भी गंगा दशहरा के पावन अवसर पर गंगा स्नान के लिए हरिद्वार, प्रयाग समेत अन्य तीर्थस्थलों पर जा रहे हैं तो गंगा में डुबकी लगाते समय इन मंत्रों का जप जरूर करें। पद्म पुराण में मां गंगा की महिमा बताई गई है, साथ ही गंगा स्नान के समय इन सिद्ध मंत्रों का जप करने का महत्व भी बताया गया है। आइये जानते हैं गंगा स्नान का शुभ मुहूर्त क्या है और गंगा स्नान के समय के किन मंत्रों का जप करना चाहिए।

### गंगा दशहरा का शुभ मुहूर्त

गंगा दशहरा का पावन पर्व ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को आता है। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ शुक्ल दशमी तिथि 4 जून को रात 11.54 बजे लगेगी और 5 जून को देर रात 2.15 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के अनुसार, गंगा दशहरा 5 जून को मनाया जाएगा। और गंगा स्नान का उत्तम मुहूर्त 5 जून को सुबह 4.07 बजे तक रहेगा, जो ब्रह्म मुहूर्त है। और 9.14 बजे तक रहने वाला सिद्धि योग भी गंगा स्नान और दान के लिए शुभ है। गंगा दशहरा के दिन गंगा स्नान के बाद शिवजी की पूजा करने का भी महत्व है। माना जाता है कि शिव मंदिर में 11 दीये जलाने से मनोकामना पूरी होती है।

### गंगा स्नान के दौरान जपें ये मंत्र

*पद्म पुराण के अनुसार, गंगाजी का महात्म्य तो इतना है कि मां गंगा के मंत्र के श्रवण मात्र से पापों का नाश होता है और मनुष्य को विष्णु लोक में स्थान मिलता है। गंगा स्नान करते समय इस मंत्र का जप जरूर करें :*

*गंगा गंगेति यो ब्रूयाद् योजनानां शतैरपि,*
*मुच्यते सर्वपापेभ्यो विष्णुलोकं स गच्छति।*

पद्म पुराण में कहा गया है कि नर्मदा, सरयू, बेतवा, तापी, ब्यास, यमुना आदि नदियों के स्नान से जितना फल मिलता है, उतना पुण्य सिर्फ गंगा स्नान से प्राप्त हो जाता है। गंगा जी के दर्शन मात्र से अक्षय फल की प्राप्ति होती है और पुण्य की प्राप्ति होती है। जिस प्रकार देवताओं में विष्णु भगवान श्रेष्ठ हैं उसी तरह नदियों में मां गंगा श्रेष्ठ हैं।

# एसिडिटी से परेशान?

## जानें बचने का तरीका और आयुर्वेदिक उपाय

सामान्य रुटीन से अलग कुछ खाया नहीं कि बस डकार शुरू। बढ़ती उम्र के साथ हमारे आसपास के अधिकांश लोग एसिडिटी की समस्या से जूझने लगे हैं। ब्लोटिंग, गैस और एसिडिटी एक बार शुरू हो जाए तो मन पूरी तरह से अशांत और असहज हो जाता है। हमारे द्वारा खाए गए खाने को पचाने के लिए पेट में संतुलित मात्रा में एसिड का स्त्राव होना सामान्य प्रक्रिया है। पर, इसी एसिड का स्त्राव जब अधिक मात्रा में होने लगता है, तो एसिडिटी बनने लगती है। पेट में इकट्ठा एसिड जब बढ़ने लगता है, तो सीने में जलन से लेकर पेट का भारीपन सब बढ़ने लगता है। एसिडिटी वैसे तो एक सामान्य समस्या मानी जाती है, पर इसके लक्षण और इससे होने वाला दर्द हमारी दैनिक गतिविधियों पर असर डाल सकता है। एसिडिटी से छुटकारा पाना है, तो इस समस्या के जड़ पर वार करना जरूरी है वर्ना दवाओं की मदद से आपको समस्या से फौरी राहत मिलेगी और दवाओं का सेवन बंद करते ही एसिडिटी फिर से आपको परेशान करने लगेगी।



### भर पेट खाने से बचें

आयुर्वेद विशेषज्ञ के अनुसार सभी को 'जब तक पेट 80 प्रतिशत तक भर जाए, तब तक ही खाना खाएं।' विशेषज्ञ कहते हैं, 'एक ब्लेंडर की कल्पना करें। यदि आप इसे ऊपर तक भर देते हैं, तो क्या ब्लेंडर काम करेगा? नहीं ना! आपको ब्लेंडर को अपना काम सही तरीके करने देने के लिए उसमें जगह छोड़नी होगी।' यही नियम आपके पेट के लिए भी है। भोजन को पचाने के लिए पाचन रस, लार, पित्त और हवा के लिए 20 प्रतिशत जगह के लिए छोड़ दें। अगली बार जब आपको तीन ब्रेड के टुकड़े खाने की इच्छा हो, तो दो टुकड़े ही खाएं और कुछ मिनट तक प्रतीक्षा करें, जब तक कि पेट से मस्तिष्क तक संदेश न पहुंच जाए कि आपका पेट भरा है या नहीं। यदि आपको फिर भी और खाने का मन हो, तो ब्रेड का आधा टुकड़ा और खाएं।

### कितनी बार चबाती हैं खाना?

भोजन को ठीक से चबाने से मुंह में बहुत अधिक पाचक लार बनती है और यह लार पेट में खाने को पचाने में मददगार साबित होती है। खाने को चबाने का उद्देश्य भोजन को इस तरह से तोड़ना है कि उसकी बनावट खत्म हो जाए। भोजन के ज्यादातर निवाले के लिए, औसतन 32 बार चबाने की सलाह दी जाती है। बेशक, ब्रेड के एक स्लाइस की तुलना में, तरबूज जैसे नरम पानी से भरे भोजन को खाते समय आपको कम चबाना पड़ता है।

### खाने के साथ तरल पदार्थ नहीं

जब आप भोजन करते समय तरल पदार्थ पीती हैं, तो यह आपके पेट से पाचन रस को धो देता है। पानी एक ठंडा पदार्थ है और भोजन के दौरान या उसके तुरंत बाद नियमित रूप से इसका सेवन करने से पाचन प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न हो सकती है। आयुर्वेद में इसे प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। भोजन करने के बाद पानी पीने से पहले कम से कम आधे घंटे तक प्रतीक्षा करें।

# मेकअप रूटीन का अहम हिस्सा लिपस्टिक

लिपस्टिक हर महिला के मेकअप रूटीन का एक अहम हिस्सा है। यह न सिर्फ चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है, बल्कि इससे आत्मविश्वास भी बढ़ता है, लेकिन अक्सर महिलाओं को एक समस्या होती है कि लिपस्टिक जल्दी उतर जाती है या होंठों पर टिकती नहीं है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो ये आसान टिप्स आपके काम आएंगे। इन टिप्स को अपनाकर आप अपनी लिपस्टिक को लॉन्ग लास्टिंग बना सकती हैं



■ **होंठों को एक्सफोलिएट करें**
होंठों पर डेड स्किन जमा होने से लिपस्टिक ठीक से नहीं चढ़ती। इसलिए, हफ्ते में 2-3 बार होंठों को एक्सफोलिएट करें। आप चीनी और शहद का स्क्रब बनाकर हल्के हाथों से होंठों पर मसाज करें। इससे डेड स्किन निकल जाएगी और लिपस्टिक लंबे समय तक चिपकेगी।

■ **मॉइश्चराइज करना न भूलें**
सूखे होंठों पर लिपस्टिक जल्दी फटती है और पैची दिखती है। इसलिए, लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करें। लिप बाम या नारियल तेल लगाकर 5 मिनट के लिए छोड़ दें, फिर एक्सट्रा बाम को टिश्यू से पोंछकर लिपस्टिक लगाएं।

■ **लिप लाइनर का इस्तेमाल करें**
लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाने के लिए लिप लाइनर जरूरी है। अपने होंठों का आउटलाइन मैचिंग शेड के लिप लाइनर से भरें और फिर उस पर लिपस्टिक लगाएं। इससे लिपस्टिक ब्लीड नहीं करेगी और ज्यादा देर तक लगी रहेगी।

■ **लिपस्टिक को सेट करने के लिए टिश्यू ट्रिक**
लिपस्टिक लगाने के बाद एक टिश्यू पेपर होंठों पर रखें और उस पर ब्रश से ट्रांसलूसेंट पाउडर लगाएं। इससे लिपस्टिक सेट हो जाती है और जल्दी नहीं उतरती। अगर आप मैट लिपस्टिक इस्तेमाल कर रही हैं, तो यह ट्रिक और भी असरदार होगी।

■ **लिक्विड लिपस्टिक या लिप टिंट का इस्तेमाल करें**
अगर आपकी लिपस्टिक बार-बार उतर जाती है, तो लिक्विड लिपस्टिक या लिप टिंट ट्राई करें। ये जल्दी नहीं उतरते और लंबे समय तक चलते हैं। इन्हें लगाने के बाद होंठों को प्रेस करके एक्सट्रा प्रोडक्ट हटा दें।

■ **लिपस्टिक को बेस और टॉप कोट से सील करें**
लिपस्टिक को लंबे समय तक टिकाने के लिए बेस के रूप में कन्सीलर या फाउंडेशन लगाएं। इसके बाद लिपस्टिक लगाकर टॉप पर सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें। इससे लिपस्टिक स्मूद और लॉन्ग लास्टिंग रहेगी।

■ **ऑयली फूड्स से बचें**
अगर आप चाहती हैं कि लिपस्टिक ज्यादा देर तक टिकी रहे, तो ऑयली या ग्रीसी फूड खाते समय सावधानी बरतें। ऐसे खाने से लिपस्टिक जल्दी उतर जाती है। कोशिश करें कि स्ट्रॉ से ड्रिंक्स पिएं, ताकि लिपस्टिक कम छुए।

■ **लिपस्टिक को बीच-बीच में टच-अप करें**
चाहे कोई भी ट्रिक अपनाएं, लेकिन 4-5 घंटे बाद लिपस्टिक फीकी पड़ सकती है। इसलिए, अपने साथ लिपस्टिक और कॉटन बड्स रखें और जरूरत पड़ने पर टच-अप कर लें।

# प्रेग्नेंसी में टाइट जींस पहनना नुकसानदायक

प्रेगनेंसी के दौरान महिला को उसके आहार से लेकर कपड़े पहनने तक के लिए, कई तरह के सुझाव दिए जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रेग्नेंसी के समय की गई कोई भी छोटी सी गलती मां और शिशु दोनों को नुकसान पहुंचा सकती है। ऐसी ही सलाह टाइट जींस पहनने से भी जुड़ी हुई है। अगर आप प्रेग्नेंसी में ज्यादा टाइट कपड़े पहन रही हैं तो ऐसा करना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। आइए जानते हैं आखिर क्यों गर्भावस्था के दौरान टाइट जींस नहीं पहननी चाहिए।

### रक्त संचार में रुकावट

टाइट जींस पेट, कमर और जांघों पर दबाव डालती है, जिससे रक्त संचार बाधित हो सकता है। इससे महिला के पैरों में सूजन, सुन्नता या झनझनाहट की समस्या हो सकती है। लंबे समय तक खराब रक्त प्रवाह गर्भ में बच्चे के विकास को भी प्रभावित कर सकता है।

### पाचन संबंधी समस्याएं

टाइट कपड़े पहनने से पेट और आंतों पर दबाव पड़ता है, जिससे महिला को अपच, गैस, एसिड रिफ्लक्स या कब्ज की समस्या हो सकती है। गर्भावस्था में पहले से ही पाचन तंत्र संवेदनशील होता है, और टाइट जींस इसे और खराब कर सकती है।

### पेट पर दबाव

टाइट जींस महिला के गर्भाशय और बढ़ते पेट पर अनावश्यक दबाव डालती है, जिससे गर्भवती महिला को असहजता, दर्द या भारीपन महसूस हो सकता है। यह दबाव बच्चे की स्थिति को भी प्रभावित करके प्रसव संबंधी जटिलताओं का खतरा बढ़ा सकता है।

### त्वचा की जलन और संक्रमण

गर्भावस्था के दौरान महिला की त्वचा अधिक संवेदनशील हो जाती है। ऐसे में टाइट जींस पहनने से त्वचा पर रगड़ और पसीना जमा हो सकता है, जिससे महिला को खुजली, लालिमा या फंगल इंफेक्शन (जैसे यीस्ट इंफेक्शन) का खतरा बढ़ सकता है।

### मूत्राशय पर दबाव

टाइट जींस पहनने से मूत्राशय पर दबाव पड़ सकता है, जिससे बार-बार पेशाब आने की इच्छा या मूत्र मार्ग में संक्रमण (UTI) का खतरा बढ़ सकता है।



### पीठ और कमर दर्द

टाइट जींस पहनने से कमर और श्रोणि पर दबाव पड़ता है, जिससे महिला को पीठ दर्द या कूल्हों में दर्द की शिकायत हो सकती है। गर्भावस्था में शरीर का वजन बढ़ने से पहले ही रीढ़ पर दबाव होता है, ऐसे में टाइट कपड़े इस समस्या को और बढ़ा सकते हैं।

# दही पनीर कटलेट

अगर आप कुछ हल्का, झटपट और स्वाद से भरपूर स्नैक ढूंढ रहे हैं, तो दही पनीर कटलेट आपके लिए परफेक्ट रेसिपी है। यह कटलेट बाहर से क्रिस्पी और अंदर से नरम होता हैं जिनमें दही की ठंडक और पनीर का मलाईदार स्वाद जुड़कर एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन बनाते हैं। खास बात यह है कि इसे बनाना बेहद आसान है और यह बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। चाहे शाम की चाय के साथ हो या पार्टी स्नैक के रूप में यह रेसिपी हर मौके पर फिट बैठती है।



### सामग्री

- **पनीर** – 200 ग्राम (कद्दूकस किया हुआ)
- **दही** – 1/2 कप (गाढ़ा और पानी रहित)
- **उबले आलू** – 2 (मसल कर)
- ब्रेड क्रम्ब्स – 1 कप
- **प्याज** – 1 बारीक कटा हुआ
- **हरी मिर्च** – 1-2 बारीक कटी हुई
- **हरा धनिया** – 2 टेबलस्पून बारीक कटा
- **अदरक** – 1 छोटा चम्मच कद्दूकस किया हुआ
- **नमक** – स्वादानुसार
- **लाल मिर्च पाउडर** – 1/2 छोटा चम्मच
- **गरम मसाला** – 1/2 छोटा चम्मच
- **चाट मसाला** – 1/2 छोटा चम्मच
- **कॉर्नफ्लोर या मैदा** – 2 टेबलस्पून (बाइंडिंग के लिए)
- **तेल** – तला या शैलो फ्राई करने के लिए

### बनाने की विधि

दही को करें तैयार : दही को एक मलमल के कपड़े में डालकर 10 से 15 मिनट तक लटका दें ताकि उसका पानी निकल जाए। इससे कटलेट में नमी नहीं रहेगी और वह अच्छे से सेट होंगे।



मिक्सचर बनाएं : एक बाउल में पनीर, दही, मैश किए आलू, प्याज, हरी मिर्च, अदरक, धनिया, और सारे मसाले डालें। अच्छी तरह मिक्स करें।

बाइंडिंग करें : इस मिक्सचर में ब्रेड क्रम्ब्स और थोड़ा-सा कॉर्नफ्लोर डालें ताकि मिक्सचर अच्छी तरह बंध जाए और कटलेट का शेप बना रहे।

कटलेट बनाएं : हाथों में थोड़ा तेल लगाकर मिक्सचर से टिक्की या कटलेट के आकार में शेप दें।

फ्राई करें : नॉन-स्टिक पैन में थोड़ा तेल गर्म करें और कटलेट को दोनों तरफ से गोल्डन ब्राउन होने तक शैलो फ्राई करें। चाहें तो डीप फ्राई भी कर सकते हैं।

सर्व करें : गरमागरम दही पनीर कटलेट को हरी चटनी या टमाटर सॉस के साथ परोसें।

## अनुभवहीनता के कारण हमें थोड़ा नुकसान हुआ

# PBKS के मुख्य कोच ने बताई हार की वजह



**अहमदाबाद।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने माना कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के फाइनल में लक्ष्य का पीछा करते हुए उनकी टीम को मध्यक्रम में अनुभव की कमी का खामियाजा भुगतना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल कप्तानों में शामिल इस पूर्व बल्लेबाज ने हालांकि उम्मीद जताई कि टीम के युवा खिलाड़ी भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आईपीएल के इस सत्र में पंजाब किंग्स का प्रभावशाली प्रदर्शन फाइनल में आरसीबी से छह रन की हार के साथ समाप्त हुआ। आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल ट्रॉफी जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म किया। जीत के लिए 191 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। शशांक सिंह (30 गेंदों में नाबाद 61 रन) ने आखिरी ओवरों में आक्रामक अर्धशतक जड़ा लेकिन उन्हें दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला। पोंटिंग ने मैच के बाद कहा, 'आप आज रात टीम को महसूस सकते हैं कि शायद थोड़ी सी अनुभवहीनता के कारण हमें हार का सामना करना पड़ा। आज मध्यक्रम में थोड़ा सा अनुभव शायद हमारी मदद कर सकता था।'' उन्होंने कहा, ''मुझे पता है कि वे आगे चलकर हमारे लिए कई मैच जीतने जा रहे हैं।' नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल रही लेकिन मैच के आगे बढ़ने के साथ यह धीमी होती चली गई। पोंटिंग ने हालांकि हार के लिए कोई 'बहाना' बनाने से इनकार कर दिया। उनसे जब दूसरी पारी में पिच के बदले मिजाज के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। हम कोई बहाना नहीं बनाना चाहते हैं। शशांक ने मैच के बाद कहा कि यह पूरे सत्र की सबसे अच्छी विकेट (बल्लेबाजी के लिए बेहतर पिच) थी।' उन्होंने कहा, 'हमने मैच के अहम चरण में लय गवां दी। हम पावरप्ले के आखिरी ओवरों में थोड़ा पिछड़ने लगे थे। हमने इसके बाद जरूरी मौकों पर अपने अहम विकेट गंवा दिए।' पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम आरसीबी को 190 रन पर रोककर संतुष्ट थी। उन्होंने कहा, 'आरसीबी को भी लगा होगा कि उन्होंने थोड़े कम रन बनाये है। हम 190 के करीब के लक्ष्य का पीछा करने को लेकर खुश थे। हम हालांकि लक्ष्य का पीछा करते समय अच्छा नहीं खेल सके।'

# खिलाड़ियों पर पैसों की बारिश

## रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 20 करोड़, पंजाब किंग्स को मिले 12.5 करोड़

**नई दिल्ली।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) के फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स (PBKS) को 6 रन से हराकर अपना पहला खिताब जीता। पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद RCB 190/9 पर ढेर हो गई। जवाब में पंजाब ने मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की लेकिन पावरप्ले के बाद RCB ने नियमित अंतराल पर झटके देकर गति बदल दी और पंजाब 20 ओवर में 184/7 के स्कोर के साथ 6 रन से पिछड़ गया। RCB को IPL 2025 जीतने पर 20 करोड़ रुपए मिले जबकि PBKS को 12.5 करोड़ रुपए मिले। आईपीएल 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) बन गई है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स को फाइनल मुकाबले में 6 रनों से हराकर अपनी पहली आईपीएल ट्रॉफी जीती है। आईपीएल के 18 सालों के इतिहास में पहली बार है जब आरसीबी ने आईपीएल का टाइटल जीता है। ये आरसीबी का चौथा फाइनल था जिसे जीतकर उसने अपना पहला खिताब उठाया है। इससे पहले 2009, 2011 और 2106 में उसे फाइनल में हार का सामना करना पड़ा था।




| | |
|---|---|
| विजेता (RCB) | 20 करोड़ रुपए |
| उप-विजेता (PBKS) | 12.5 करोड़ रुपए |
| तीसरे नम्बर पर रहने वाली टीम (मुंबई इंडियंस) | 7 करोड़ रुपए |
| चौथे स्थान पर रहने वाली टीम (गुजरात टाइटन्स) | 6.5 करोड़ रुपए |
| ऑरेंज कैप विजेता (साई सुदर्शन) | 10 लाख रुपए |
| पर्पल कैप विजेता (प्रसिद्ध कृष्णा) | 10 लाख रुपए |
| इमर्जिंग प्लेयर विजेता (साई सुदर्शन) | 10 लाख रुपए |
| मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर (सूर्यकुमार यादव) | 15 लाख रुपए |
| सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन (वैभव सूर्यवंशी) | 10 लाख रुपए + टाटा कर्व |

| | |
|---|---|
| फैंटेसी किंग ऑफ द सीजन (साई सुदर्शन) | 10 लाख रुपए |
| बेस्ट कैच विजेता (कामिंडू मेंडिस) | 10 लाख रुपए |
| सबसे ज्यादा डॉट बॉल (मोहम्मद सिराज) | 10 लाख रुपए |
| सुपर सिक्स (निकोलस पूरन) | 10 लाख रुपए |
| फोर ऑफ द सीजन (साई सुदर्शन) | 10 लाख रुपए |
| फेयरप्ले अवॉर्ड (चेन्नई सुपर किंग्स) | 10 लाख रुपए |
| पिच और ग्राउंड (दिल्ली कैपिटल्स का होम ग्राउंड नई दिल्ली) | 50 लाख रुपए |

**बेंगलुरु बनाम पंजाब फाइनल में पुरस्कार विजेताओं की सूची**

| | |
|---|---|
| प्लेयर ऑफ द मैच (क्रुणाल पांड्या) | 5 लाख रुपए |
| सुपर स्ट्राइकर (जितेश शर्मा) | 1 लाख रुपए |
| सबसे ज्यादा डॉट बॉल (क्रुणाल पांड्या) | 1 लाख रुपए |
| सबसे ज्यादा चौके (प्रियांश आर्य) | 1 लाख रुपए |
| फैंटेसी किंग (शशांक सिंह) | 1 लाख रुपए |
| सबसे ज्यादा छक्के (शशांक सिंह) | 1 लाख रुपए |

# प्राइज सेरेमनी में छाई रही गुजरात की टीम

## सबसे ज्यादा अवॉर्ड पर किया कब्जा




**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 का खिताब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने अपने नाम किया। फाइनल में आरसीबी ने पंजाब किंग्स को छह रन से हरा दिया। आईपीएल फाइनल के बाद अवॉर्ड समारोह में पैसों की बारिश हुई। विजेता टीम आरसीबी को 20 करोड़ रुपये मिले, जबकि उपविजेता पंजाब की टीम को 12.5 करोड़ रुपये मिले। भले ही आरसीबी की टीम चैंपियन बनी हो, लेकिन अवॉर्ड सेरेमनी में गुजरात की टीम का दबदबा रहा। व्यक्तिगत अवॉर्ड और टीम अवॉर्ड को मिलाकर कुल 20 सम्मान बांटे गए। इसमें से छह सम्मान गुजरात की टीम के खाते में आए। गुजरात की टीम का सीजन के सर्वश्रेष्ठ अवॉर्ड्स पर दबदबा रहा। सीजन के सर्वश्रेष्ठ के 10 अवॉर्ड दिए गए और इसमें से छह गुजरात के खिलाड़ियों ने जीते। आरसीबी की टीम को व्यक्तिगत अवॉर्ड और टीम अवॉर्ड मिलाकर सिर्फ चार अवॉर्ड मिले। वहीं, पंजाब की टीम को भी चार अवॉर्ड मिले।

# भारतीय क्रिकेट के नए 'कैप्टन कूल' के तौर पर उभरे श्रेयस अय्यर



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) के 10 साल के खिताबी सूखे को पिछले बरस खत्म करने वाले श्रेयस अय्यर पंजाब किंग्स को पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग चैंपियन बनाने से बेहद मामूली अंतर से चूक गये लेकिन उन्होंने खुद को एक ऐसे कप्तान के रूप में स्थापित कर लिया है जिसकी भारत को शायद भविष्य में आवश्यकता हो सकती है। महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के बाद अय्यर आईपीएल के तीन फाइनल में पहुंचाने वाले तीसरे कप्तान बन गए हैं। उनकी यह उपलब्धि बेहद ही खास है क्योंकि उन्होंने पिछले पांच सालों में तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी टीमों के साथ ऐसा किया है। यह एक ऐसे खिलाड़ी के लिए काफी बड़ी बात है, जिसे इस महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है। केकेआर ने पिछले साल उन्हें जाने दिया क्योंकि फ्रेंचाइजी को बड़ी रिटेंशन फीस (टीम में बनाये रखने की रकम) की उनकी मांग उचित नहीं लगी। केकेआर का यह नुकसान पंजाब किंग्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हुआ। पंजाब की टीम को 30 वर्षीय खिलाड़ी के रूप में एक समझदार और जज्बे वाला कप्तान मिला। ऐसा कप्तान जो करियर के उतार-चढ़ाव को शालीनता से संभालना जानता हो। शुभमन गिल की कप्तानी की परीक्षा अभी नहीं हुई है। उन्हें इंग्लैंड में कप्तान के रूप में कड़ी परीक्षा का सामना करना पड़ेगा। लेकिन तीन जून 2025 के बाद श्रेयस संतोष अय्यर को भारतीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक माना जाना चाहिए। अय्यर की कप्तान में अपनी समझदारी के साथ करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी जैसा संयम और विराट कोहली जैसा आक्रामक रवैया के साथ मुंबई के उनके सीनियर रोहित शर्मा की तरह एक 'बिंदास मुंबईकर' के मिश्रण का पुट दिखा। आईपीएल के फाइनल में मंगलवार को आरसीबी के खिलाफ छह रन की हार के बावजूद अय्यर के आत्मविश्वास में कोई कमी नहीं दिखी। उन्होंने निराशा को पीछे छोड़ते हुए कहा, 'अभी काम आधा बाकी है, हमें अगले साल जीतना है।' इंग्लैंड के लिए टीम में उनका न होना पंजाब किंग्स के कोच रिकी पोंटिंग के लिए भी काफी हैरानी भरा रहा।

# RCB के चैंपियन बनते ही रो पड़े हार्दिक पंड्या



**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 का फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 6 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। इसी के साथ आरसीबी का आईपीएल चैंपियन बनने का 17 साल लंबा इंतजार भी खत्म हो गया। इस जीत के बाद आरसीबी को दुनियाभर से जीत की बधाई मिल रही है। इसमें मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या भी शामिल हैं। हार्दिक पंड्या ने आरसीबी के चैंपियन बनने के बाद अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की, जिसमें वह काफी इमोशनल नजर आए। दरअसल, हार्दिक पंड्या ने आरसीबी की जीत के बाद अपने भाई क्रुणाल पंड्या के लिए इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक स्टोरी शेयर की। आरसीबी की इस जीत के नायक क्रुणाल पंड्या ही रहे, जिनके शानदार प्रदर्शन ने आरसीबी को यह ऐतिहासिक खिताब दिलाया।

# विराट कोहली ने IPL जीतने के बाद भी टेस्ट क्रिकेट को बताया सर्वोपरि



**अहमदाबाद।** आईपीएल खिताब जीतने के लिए 18 साल का इंतजार खत्म होने पर विराट कोहली अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके लेकिन टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपना प्यार एक बार फिर जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि पारंपरिक क्रिकेट को अभी भी वह टी20 से पांच पायदान ऊपर रखते हैं। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके कोहली ने युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि अगर सम्मान पाना है तो पारंपरिक प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करें। उन्होंने RCB के खिताब जीतने के बाद मैथ्यू हेडन से कहा, 'मेरे करियर के सर्वश्रेष्ठ पलों में से यह एक है। लेकिन फिर भी यह टेस्ट क्रिकेट से पांच पायदान नीचे है। मेरी नजर में टेस्ट क्रिकेट की इतनी इज्जत है।' उन्होंने कहा, 'मैं युवाओं से इतना ही आग्रह करूंगा कि टेस्ट क्रिकेट का सम्मान करें। अगर आप टेस्ट क्रिकेट में अच्छा खेलोगो तो दुनिया में कहीं भी जाओगे तो लोग तुम्हारा सम्मान करेंगे।' उन्होंने कहा, 'अगर दुनिया में क्रिकेट में सम्मान पाना है तो टेस्ट क्रिकेट खेलो और अपना सब कुछ उसे दे दो।'

# वैभव सूर्यवंशी ने जीती टाटा कर्व कार



**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन का समापन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के चैंपियन बनने के साथ हो गया है.आरसीबी 17 सालों आईपीएल की विनर बनी है. इस टूर्नामेंट के समापन के दौरान खिलाड़ियों के उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अलग-अलग केटेगरी में अवार्ड मिले. इसी कड़ी में वैभव सूर्यवंशी को भी एक साख अवार्ड हासिल हुआ. वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन करने के लिए सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया. राजस्थान रॉयल्स (RR) के 14 वर्षीय बांए हाथ के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने.उन्होंने अपने पहले ही सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 207 की शानदार स्ट्राइक-रेट बनाए रखते हुए रन बनाए. इसके लिए उन्हें सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार मिला. इस पुरस्कार के तौर पर वैभव सूर्यवंशी को चमचमाती टाटा कर्व कार मिली. आईपीएल 2025 के अवार्ड सेरेमनी के दौरान उन्हें टाटा कर्व गाड़ी की चाबी भी सौंपी गई. वैभव को कार तो मिल चुकी है लेकिन वो इसे चला नहीं सकते हैं. अब आप जानना चाहेंगे कि हम ऐसा क्यों कह रहे हैं तो आज हम आपको इसी के बारे में बताने वाले हैं. दरअसल वैभव सूर्यवंशी अभी 14 साल के हैं. उनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है. वो अभी ड्राइविंग लाइसेंस बनवा भी नहीं सकते हैं. क्योंकि भारत में ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष हैं. ऐसे में वैभव को कार चलाने के लिए और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए अभी इंतजार करना होगा. भारत में सामान्यत इविंग लाइसेंस बनवाने के उम्र 18 साल होनी चाहिए लेकिन 50 सीसी से कम क्षमता वाले दोपहिए वाहन जो बिना गियर वाले होते हैं. उनके लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की उम्र 16 वर्ष है लेकिन इसमें भी आपके परिवार की रजामंदी होगी जरूरी है. इस कारण के चलते वैभव अभी सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन के रूप में मिली टाटा कर्व कार को नहीं चला पाएंगे।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम का ऐलान

# पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया



**मेलबर्न।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे मिशेल मार्श को अगले महीने कैरिबियन में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए 16 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम जमैका और सेंट किट्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच टी20 मैच खेलेगी। यह अगले साल की शुरुआत में 2026 टी20 विश्व कप अभियान की तैयारी भी होगी। हाल ही में घरेलू फॉर्म को देखते हुए हार्ड हिटिंग मिच ओवेन और स्पिनर मैट कुहनेमैन को टीम में शामिल किया गया है, जबकि कैमरून ग्रीन और कूपर कोनोली भी अपनी चोटों से उबरकर टीम में शामिल हुए हैं। हाल ही में आईपीएल चैंपियन बने जोश हेजलवुड को भी टीम में शामिल किया गया है, जो अपने लोड मैनेजमेंट प्लान के तहत पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज में नहीं खेल पाए थे। जेक फ्रेजर-मैकगर्क, मार्कस स्टोइनिस और जेवियर बार्टलेट को टीम जगह नहीं मिली, जबकि पैट कमिंस, ट्रैविस हेड और मिशेल स्टार्क इस सीरीज से बाहर रहेंगे, वे उसी दौरे पर वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं के अध्यक्ष जॉर्ज बेली का कहना है कि यह सीरीज अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए टीम चुनने के लिए महत्वपूर्ण है। आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से उन्होंने कहा, 'इस सीरीज के जरिए हमारा टी20 शेड्यूल काफी व्यस्त है, इसके बाद दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच और भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर पांच मैच होंगे।

# ओरियनप्रो इंटरनेशनल जीएम शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे दुनिया भर के 19 ग्रैंडमास्टर्स




**मुंबई।** 19 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 19 ग्रैंडमास्टर (जीएम), 11 अंतर्राष्ट्रीय मास्टर (आईएम) और चार डब्ल्यूआईएम ओरियनप्रो इंटरनेशनल ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट में भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट 16 से 24 जून, 2025 तक वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, कफ परेड में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 40 लाख रुपये है। इस टूर्नामेंट में 25 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाला एक इंटरनेशनल ओपन ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वाला एक अंडर-13 टूर्नामेंट शामिल है। यह टूर्नामेंट जूनियर खिलाड़ियों के लिए दुनिया का सबसे बड़ा पुरस्कार पूल है। अंडर-13 टूर्नामेंट में भारत और विदेश के युवा शतरंज खिलाड़ी चार आयु समूहों - अंडर-7, अंडर-9, अंडर-11 और अंडर-13 में भाग लेंगे। राष्ट्रीय विजेताओं को निःशुल्क प्रवेश और आवास प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रीय स्कूल विजेताओं को भी निःशुल्क प्रवेश मिलेगा, जिससे देश की सबसे प्रतिभाशाली और उभरती हुई प्रतिभाओं के लिए यह टूर्नामेंट सुलभ हो जाएगा। ओरियनप्रो सॉल्यूशंस के ग्रुप सीईओ आशीष राय ने कहा, ₹शतरंज का खेल अब कुछ भौगोलिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रह गया है; यह दुनिया भर में तेजी से और व्यापक रूप से फैल रहा है।₹ उन्होंने कहा, ₹हम वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार साहसी, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की एक लहर देख रहे हैं। यह टूर्नामेंट अपार, अप्रयुक्त संभावनाओं से भरे एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।₹ यह टूर्नामेंट युवा शतरंज विकास में एक प्रतिष्ठित संस्थान, भारतीय शतरंज स्कूल द्वारा आयोजित किया जा रहा है। देश भर से और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भागीदारी की उम्मीद के साथ, यह टूर्नामेंट युवा प्रतिभाओं को प्रदर्शन, अनुभव और मान्यता प्राप्त करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान करता है।

# टियाफो को हराकर मुसेटी फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में



**पेरिस।** लोरेंजो मुसेटी ने अपने बैकहैंड का शानदार इस्तेमाल करते हुए फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 7-5, 6-2 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह पक्की की। इटली के 23 साल के इस खिलाड़ी ने पिछले साल इसी स्टेडियम में ओलंपिक का कांस्य पदक जीता था। फाइनल में जगह पक्की करने के लिए मुसेटी सामने अब गत चैंपियन कार्लोस अलकराज की चुनौती होगी। अल्काराज को 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 6-0 6-1 6-4 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। महिलाओं के मुकाबलों में तीन बार की गत विजेता इगा स्वियातेक और आर्यना सबालेंका दोनों ने सीधे सेटों में जीत हासिल कर सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहे। इन दोनों के बीच होने वाले अंतिम चार का मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

# 14 घंटे चली दीपिका की सर्जरी



टेलीविजन एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ की मंगलवार को सर्जरी हुई। दरअसल, उन्हें स्टेज 2 लिवर कैंसर है। उनके पति, एक्टर शोएब इब्राहिम ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर उनका हेल्थ अपडेट दिया है। शोएब ने बताया कि दीपिका की सर्जरी तकरीबन 14 घंटे तक चली। उन्होंने फैंसे से दीपिका के लिए प्रार्थना करने का आग्रह किया है।बुधवार को शोएब ने पोस्ट शेयर पर लिखा, "माफ कीजिएगा। मैं कल रात आपको अपडेट नहीं दे सका। बहुत लंबी सर्जरी थी। दीपिका 14 घंटे तक ओटी में थी, लेकिन अल्हम्दुलिल्लाह, सब कुछ ठीक रहा। दीपिका अभी आईसीयू में है। उसे थोड़ा दर्द हो रहा है, लेकिन उसकी हालत ठीक है। आप सभी के प्यार, प्रार्थनाएं और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया। मैं जब आईसीयू से बाहर आऊंगा तब अपडेट दूंगा। एक बार फिर से धन्यवाद। दीपिका के लिए प्रार्थना करते रहिए।"याद दिला दें, 28 मई को दीपिका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर के बताया था कि उन्हें कैंसर है।

### उन्होंने लिखा...

उन्होंने लिखा था, "जैसा कि आप सभी जानते हैं कि पिछले कुछ हफ्ते हमारे लिए काफी मुश्किल भरे रहे हैं... पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द के कारण अस्पताल जाना पड़ा... और फिर पता चला कि लीवर में टेनिस बॉल के आकार का ट्यूमर है और फिर पता चला कि ट्यूमर स्टेज 2 का कैंसर है। आप सभी से मिल रहे प्यार और प्रार्थनाओं के साथ मैं इस मुश्किल समय से बाहर निकल आऊंगी! मुझे अपनी प्रार्थनाओं में रखना! ढेर सारा प्यार। दीपिका।"

# भुवन बाम ने चेहरे पर करवाई सर्जरी?

## यूट्यूबर ने दिया जवाब, कहा- अंधेरे में लठ चलाने वाली...



पॉपुलर यूट्यूबर भुवन बाम की कुछ तस्वीरें रेडिट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों के साथ दावा किया जा रहा है कि भुवन बाम ने कोई सर्जरी कराई है। सोशल मीडिया पर भुवन की इन तस्वीरों पर तमाम यूजर्स ने कमेंट्स किए हैं। इन तस्वीरों पर खुद यूट्यूबर भुवन बाम का भी कमेंट आया है। उन्होंने बताया है कि क्या उन्होंने किसी तरह की सर्जरी कराई है या नहीं। babiega नाम के यूजर ने ये तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ कैप्शन है- क्या भुवन बाम ने किसी तरह की सर्जरी कराई है? इस सवाल पर भुवन बाम ने खुद जवाब दिया है। भुवन बाम ने लिखा- हे दोस्तों, मेरी सर्जरी से जुड़े इन कमेंट्स को पढ़कर मजा आया।

**हे दोस्तों, मेरी सर्जरी से जुड़े इन कमेंट्स को पढ़कर मजा आया-भुवन बाम**

मेरे चेहरे के बदले हुए स्ट्रक्चर को देखकर मुझे भी ऐसा ही लगा जैसे कि मैंने कोई सर्जरी कराई है। लेकिन ये सिर्फ 60 मिनट का कारडियो, स्ट्रिक्ट डाइट के साथ 1 घंटे की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग का नतीजा है। यकीन मानिए, इससे कमाल होता है। इसी के साथ भुवन ने आगे लिखा- दूसरी तस्वीर दशकों पुरानी है। तो जाहिरतौर पर लोगों के दिखने में बदलाव आता है। कुछ हफ्तों पहले, म्यूकोसील के कारण मैंने लिप सर्जरी करवाई थी। उसको निकलवाना पड़ा था क्योंकि मैं शो की तैयारी कर रहा था और मुझे एक तरह के लुक में रहना था। लेकिन आपकी अंधेरे में लठ चलाने वाली राय के लिए धन्यवाद। सब लोग ध्यान रखिए।


# सलमान खान का अगली फिल्म के लिए नया लुक?

**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान की कुछ तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। दबंग खान रियल लाइफ में विरले ही कभी मूछों के साथ नजर आते हैं, वह मूछों वाला लुक अक्सर अपनी किसी फिल्म या अन्य प्रोजेक्ट के लिए लेते हैं। उनकी वायरल तस्वीरों में फिर एक बार सलमान खान को मूछों वाले लुक में देखा जा सकता है। सलमान खान ने ऐसी भारी मूछें कम ही प्रोजेक्ट्स के लिए रखी हैं, लेकिन क्या इस बार यह उनकी पर्सनल चॉइज है या फिर मामला फिर एक बार प्रोफेशनल है? चलिए जानते हैं गॉसिप्स। सलमान खान के इस नए लुक के बारे में सोशल मीडिया पर चर्चा है कि यह उनकी अगली फिल्म के लिए हो सकता है। जिसके बारे में माना जा रहा है कि दबंग खान की यह अपकमिंग फिल्म साल 2020 में हुए गलवान वैली क्लैश पर आधारित होगी।

गॉसिप गलियारों की मानें तो सलमान खान इस फिल्म में कर्नल बी (संतोष बाबू) का किरदार निभाते नजर आएंगे। एक बहादुर ऑफिसर जिन्होंने गलवान वैली वाली घटना के वक्त 16 बिहार रेजिमेंट को लीड किया था।यह पहली बार होगा जब सलमान खान बड़े पर्दे पर किसी रियल लाइफ हीरो का किरदार निभाते नजर आएंगे। बहरहाल फैंस का सलमान खान के इस नए लुक को लेकर रिएक्शन काफी पॉजिटिव है। एक सोशल मीडिया यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, ₹शेप में थोड़ा जा रहा है लुक।₹ दूसरे ने लिखा, ₹भाई की ये ताजा तस्वीरें देखकर सुल्तान की याद आ गई।₹ एक फॉलोअर ने लिखा- फिर एक बार सलमान खान काफी इन्टेंस वाइब देते नजर आ रहे हैं। किसी ने लिखा यह लुक काफी प्रॉमिसिंग है, लगता है कुछ नया आने वाला है। इसी तरह के ढेरों कमेंट लोगों ने सलमान खान के इस नए लुक पर किए हैं।



# प्रभाष ने 33 पर्सेंट कम कर दी अपनी फीस



प्रभाष ने अपनी आने वाली फिल्म 'द राजा साब' के लिए फीस कम कर दी है। यह कटौती कोई छोटी-मोटी नहीं, बल्कि 33 पर्सेंट की है। साउथ के सुपरस्टार प्रभाष की इस साल 5 दिसंबर, 2025 को 'द राजा साब' रिलीज होने वाली है। इसे मारुति ने डायरेक्ट किया है। फिल्म के रिलीज में कुछ महीनों का लेट हुआ है। इस फिल्म के लिए एक्टर अब 100 करोड़ रुपये ही चार्ज कर रहे हैं, जबकि पहले वह एक मूवी के लिए 150 करोड़ रुपये लेते थे। इस तरह उन्होंने 50 करोड़ रुपये फीस कम की है। फीस कम करने के पीछे कोई ऑफिशियली वजह तो सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि आदिपुरुष फिल्म के अच्छा परफॉर्म नहीं करने की वजह से प्रभाष को यह कदम उठाना पड़ा है।

वैसे बता दें कि आदिपुरुष के बाद सालार पार्ट 1 सीजफायर बॉक्स ऑफिस पर चल गई थी और फिल्म ने 600 करोड़ कमा लिए थे। वहीं कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड 1200 करोड़ कमाए थे। राजा साब के जरिए प्रभास एक अलग तरह की फिल्म कर रहे हैं। इससे पहले वह एक्शन और माइथोलॉजिकल फिल्में कर चुके हैं। राजा साब में कॉमेडी, हॉरर और रोमांस होगा और एक्टर का अलग अवतार। फिल्म का टीजर 16 जून को रिलीज होगा। फिल्म को टीजी विश्वा प्रसाद प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म का सिनेमाटोग्राफी कार्तिक पलानी ने हैंडल किया है।

# बॉलीवुड की सबसे ज्यादा बार पोस्टपोन हुई फिल्म

## रिलीज हुई तो पहले ही दिन कमा डाले 75 करोड़




किसी फिल्म को पोस्टपोन किया जाना वाकई फैंस का दिल तोड़ जाता है। वो भी तब जब उस फिल्म का फैंस काफी वक्त से इंतजार कर रहे हों। ऐसी ही एक फिल्म के बारे में आज आपको बताते हैं। एक ऐसी फिल्म जिसे एक-दो बार नहीं, कई बार पोस्टपोन किया गया। इतनी बार कि उसे बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पोस्टपोन की गई फिल्म कहा जाता है। यह फिल्म साल 2014 में अनाउंस हुई थी और फिर किसी वजह से 2016 तक के लिए पोस्टपोन कर दी गई। कई बार टाली जाने के बाद जब इस पर काम शुरू हुआ तो इसकी रिलीज डेट पोस्टपोन होने लगी। पहले इसकी रिलीज डेट 2019 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शेड्यूल की गई, लेकिन फिर क्रिसमस तक के लिए टाल दिया गया। फिर इसे सितंबर 2020 के लिए पोस्टपोन किया गया और फिर बाद में रिलीज डेट बढ़ाकर दिसंबर 2020 कर दी गई। लेकिन फिर क्योंकि देश पर कोरोना का कहर टूट पड़ा तो ऐसे में मेकर्स ने इसे एक बार फिर पोस्टपोन किया और इस बात फिल्म की रिलीज डेट 9 सितंबर 2022 तय की गई। फाइनली यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसने धूम मचा दी। पहले ही दिन इसने 75 करोड़ रुपये का बिजनेस किया।

फिल्म का टोटल वर्ल्डवाइड कलेक्शन 418 करोड़ रुपये रहा था। हम बात कर रहे हैं फिल्म 'ब्रह्मास्त्र - पार्ट वन शिवा' की। फिल्म जिसके VFX पर पानी की तरह पैसा बहाया गया और इसने कोविड के बाद थिएटर्स में भीड़ लाने का काम भी किया। कई बार पोस्टपोन की जाने के बाद जब यह फिल्म रिलीज हुई तो इसने धूम मचा दी। फिल्म का टोटल कलेक्शन कमाल कर गया और तभी से फैंस इसके अगले पार्ट का इंतजार कर रहे हैं। शाहरुख खान के मोहन भार्गव वाले किरदार को 'स्वदेश' मूवी से निकालकर लाना लोगों को खूब भाया। इसके अलावा आलिया भट्ट और रणबीर कपूर को पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ लाना भी निर्देशक अयान मुखर्जी के खूब काम आया।

कम लोग जानते हैं कि इस फिल्म का नाम पहले 'ड्रैगन' चुना गया था। क्योंकि फिल्म में हीरो का अग्नि के साथ कनेक्शन उस तरह का था, लेकिन फिर कई कारणों के चलते टाइटल बदला गया और 'ब्रह्मास्त्र' रखा गया, जो कि इसे ज्यादा सूट करता है। यह वो फिल्म थी जिसमें अमिताभ बच्चन और नागार्जुन तकरीबन 20 साल बाद एक साथ नजर आए थे। हालांकि उन्होंने स्क्रीन शेयर नहीं की है।

# फिल्म किंग के सेट पर बुरी तरह घायल हुए डांसर राघव




शाहरुख खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'किंग' अपनी शानदार स्टार कास्ट के लिए खबरों में बनी हुई है। इस फिल्म में अभी तक की सबसे जबरदस्त एक्टर्स नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग मई में शुरू हो चुकी है। अब ताजा खबरों की मानें तो इस फिल्म में काम कर रहे एक्टर राघव जुयाल एक खास सीन करते समय चोटिल हो गए हैं। ये एक हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन था जिसकी शूटिंग के दौरान उन्हें पैर में चोट आई। हालांकि, इसके बाद भी एक्टर रुके नहीं। उन्होंने काम जारी रखते हुए अपने हिस्से की शूटिंग पूरी की। रिपोर्ट के मुताबिक, राघव को उसी पैर में चोट लगी है, जिसकी वो पहले भी सर्जरी करवा चुके हैं। सेट पर मौजूद ऑन-कॉल मेडिकल टीम ने तुरंत उनका ट्रीटमेंट शुरू किया। रिपोर्ट में कहा, "वो काफी दर्द में थे। डॉक्टर्स ने उन्हें स्ट्रॉन्ग मेडिकेशन दी है ताकि दर्द कम हो सके।" लेकिन इन सबके बावजूद, राघव ने शूटिंग से ब्रेक लेने से इनकार कर दिया है। उनकी यही डेडिकेशन उन्होंने अपनी एक्शन फिल्म 'किल' के दौरान भी दिखाई थी, जब चोट के बावजूद उन्होंने कई सीन पूरे किए थे। इस फिल्म में राघव के किरदार को सीक्रेट रखा गया है, लेकिन बताया जा रहा है कि ये उनके करियर का सबसे मुश्किल किरदार है जिसमें उनकी खूब मेहनत लगने वाली है। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं, जो अपने स्टाइलिश एक्शन सीक्वेंस के लिए मशहूर हैं। शाहरुख खान इस फिल्म के प्रोड्यूसर हैं। इस फिल्म की कास्ट बेहद शानदार है जिसके लिए खुद किंग खान ने मेहनत की है। फिल्म में शाहरुख और राघव के अलावा सुहाना खान, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण, जैकी श्रॉफ, जयदीप अहलावत, अरशद वारसी, अभय वर्मा और सौरभ शुक्ला जैसे एक्टर्स नजर आने वाले हैं।

## 2016 में आई इस फिल्म में एक्ट्रेस के न्यूड सीन्स पर हुआ था बवाल

# मूवी ने जीते 18 अवाड्र्स



आज हम आपको साल 2016 में रिलीज हुई एक ऐसी फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसकी भारत में रिलीज से पहले एक्ट्रेस के कुछ इंटीमेट सीन्स लीक हो गए। एक्ट्रेस के इंटीमेट सीन्स लीक होने के बाद सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। फिल्म से जुड़े लीक सीन को लेकर जब एक रिपोर्टर ने एक्ट्रेस से सवाल किया था तो एक्ट्रेस उस रिपोर्टर पर भड़क गई थीं। क्या आप पहचान पाए फिल्म का नाम? अगर नहीं, तो चलिए हम आपको बताते हैं। इस फिल्म का नाम था पार्चड। फिल्म की रिलीज से पहले एक्ट्रेस राधिका आप्टे के एक्टर आदिल हुसैन के साथ इंटीमेट सीन्स ऑनलाइक लीक हो गए थे जिसके बाद फिल्म को लेकर जमकर बवाल हुआ था। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस राधिका आप्टे पर भारत की संस्कृति खराब करने के आरोप लगे थे। लोगों ने राधिका आप्टे को बॉयकॉट करने की मांग की थी। जो सीन्स लीक हुए थे वो राधिका आप्टे के न्यूड सीन्स भी थी। एक रिपोर्टर ने राधिका आप्टे से न्यूड सीन्स के लीक होने को लेकर सवाल किया था जिसके बाद एक्ट्रेस रिपोर्टर पर भड़क गई थीं। एक्ट्रेस ने रिपोर्टर से कहा था- ₹सॉरी, आपका सवाल बहुत वाहियात है। विवाद आप जैसे लोगों से ही पैदा होता है। आपने क्लिप देखी, दूसरों के साथ शेयर की, इसलिए आपने विवाद किया।₹ भारत में फिल्म की रिलीज से पहले अजय देवगन ने एक ट्वीट में बताया था कि फिल्म 18 इंटरनेशनल अवाड्र्स जीत चुकी है। साथ ही फिल्म 24 इंटरनेशनल फिल्म्स का हिस्सा रह चुकी है। फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म ने भारत में करीब 1.43 करोड़ की कमाई की थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस डिजास्टर साबित हुई थी। इस फिल्म को लीना यादव ने डायरेक्ट किया था। फिल्म के प्रोड्यूसर्स में अजय देवगन का नाम भी शामिल है। इस फिल्म के कास्ट की बात करें तो फिल्म में राधिका आप्टे और आदिल हुसैन के अलावा सुवरीन चावला, तनीषा चैटर्जी और लेहर खान जैसे एक्टर्स नजर आए थे। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इस फिल्म की 7.5 आईएमडीबी रेटिंग है। फिल्म को आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।




# अनुष्का शर्मा ने दिखाई जश्न की झलक

## ट्रॉफी पकड़े नजर आए विराट



आरसीबी की ऐतिहासिक जीत के बाद विराट कोहली और अनुष्का शर्मा जश्न मनाने बेंगलुरु पहुंचे। बेंगलुरु पहुंचने के बाद अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें बेंगलुरु एयरपोर्ट से लेकर सड़कों तक फैन्स के जबरदस्त उत्साह की झलक देखने को मिल रही। इस वीडियो में विराट ट्रॉफी पकड़े नजर आ रहे हैं। अनुष्का ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा, "नम्मा बेंगलुरु का दृश्य।" अनुष्का द्वारा शेयर किए गए वीडियो में बेंगलुरु की सड़को पर खड़े लोग आरसीबी की जीत का जश्न मनाते और आरसीबी की टीम का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। वहीं अगली स्टोरी में अनुष्का ने लोगों के चेहरों का रिएक्शन दिखाते हुए लिखा, "इन मुस्कुराते चेहरों ने इसका इंतजार बहुत प्यार से और धैर्य से किया है।" सिर्फ बेंगलुरु में ही नहीं, आरसीबी की इस जीत को देशभर में त्योहार की तरह मनाया जा रहा है।

# सेलेब्रिटी हेयर ड्रेसर आलिम हकीम का खुलासा



सिलेब्रिटी हेयर ड्रेसर आलिम हकीम ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अभिषेक बच्चन की फिल्म दस से जुड़ा एक किस्सा सुनाया। उन्होंने बताया कि वो दस फिल्म के सेट पर थे। उस फिल्म के शूट के दौरान कुछ हुआ जिसकी वजह से फिल्म के सारे असिस्टेंट डायरेक्टर्स बीमार हो गए थे। उस वक्त आलिम ने अस्टिस्टेंट के तौर पर काम किया था। इसी दौरान अभिषेक बच्चन के उनके पैर में नकली बंदूक से गोली मार दी थी जिसके बाद वो 10 दिन तक चल नहीं पाए थे। बॉलीवुड बबल के साथ खास बातचीत में आलिम हकीम ने कहा, ₹मैं कनाडा में दस फिल्म के सेट पर सबके हेयर स्टाइल कर रहा था। किसी वजह से अनुभव सिन्हा के सभी असिस्टेंट्स बीमार पड़ गए थे। उन्होंने मुझे रिप्लेसमेंट के तौर पर रखा। अभिषेक बच्चन असिस्टेंट बन गए और मैं अभिषेक बच्चन का असिस्टेंट। मैंने पांच दिनों तक वो जॉब की। मैं उनके बाल बनाता था और शॉट्स के बीच कंटिन्यूटी भी बनाता था। आलिम ने बताया कि अभिषेक ने उनसे कहा था, ₹आमिल अगर तूने बाल बनाते-बनाते कंटिन्यूटी मिस की, मैं आपके पैर में गोली मार दूंगा।उनके पास वो नकली बंदूक थी।

# IPL हारी युजवेंद्र चहल की टीम तो धनश्री ने किया पोस्ट, बोलीं-



मंगलवार 3 जून को आईपीएल 2025 का फाइनल मैच विराट कोहली की टीम RCB जीत गई है। वहीं, युजवेंद्र चहल की टीम पंजाब किंग्स को मुंह की खानी पड़ी है। ऐसे में धनश्री ने आईपीएल का फाइनल होने के बाद एक पोस्ट शेयर किया। इसमे उन्होंने विराट कोहली को बधाई दी। जबकि धनश्री के एक्स पति युजवेंद्र चहल की टीम को हार का सामना करना पड़ा। धनश्री और युजवेंद्र चहल के तलाक को लगभग 3 महीने होने वाले हैं ऐसे में धनश्री का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। धनश्री और युजवेंद्र चहल दोनों अपनी 5 साल की शादी को खत्म कर आगे बढ़ चुके हैं। इस दौरान आईपीएल में धनश्री ने विराट कोहली की टीम को पहली बार आईपीएल जीतने पर बधाई दी। उन्होंने विराट कोहली की ट्रॉफी उठाते हुए फोटो शेयर की और लिखा, "फाइनली, नंबर 18, नंबर 18 के लिए। बधाई हो विराट कोहली और टीम।" वहीं, आरसीबी ने पंजाब किंग्स को हराकर ये आईपीएल सीजन की ट्रॉफी अपने नाम की है। बता दें, चहल पहले आरसीबी की टीम में थे साल 2014-2021 तक। 2022 में आरसीबी से वह ड्रॉप हो गए थे और इसके बाद उन्होंने राजस्थान रॉयल्स ज्वाइन की। वहीं फिर 2025 में वह पंजाब किंग्स इलेवन में आए और अब पंजाब के लिए वह खेले। इसी बीच टीम के हारने पर नहीं बल्कि धनश्री ने विराट को जीतने पर बधाई दी है।